
बा बा तों में मन की बात
उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि
" जब-जब आपके खास लोग दूर होने लगें, तो समझ लीजिए उनकी जरूरतें पूरी हो चुकी हैं। "

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान


पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

**सुबल वाणी**


परेशानियां हमारी कमजोरियां साति नहीं करतीं, बल्कि यह बताती हैं कि हमें और कोशिश करने की जरूरत है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 | बैशाख कृष्ण पक्ष: द्वितीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 102 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12





सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
की जयंती पर
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के
कर-कमलों से

हरियाणा सरकार

₹ 10,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का
शिलान्यास एवं शुभारंभ

**हिसार**

- महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार से उड़ान का शुभारंभ
- नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास

कार्यक्रम का आयोजन
14 अप्रैल, 2025 | प्रात: 9:00 बजे | हिसार

**यमुनानगर**

- दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास
- कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट (सी.बी.जी.) का शिलान्यास

**रेवाड़ी**

- 4 लेन बाईपास का शुभारंभ

कार्यक्रम का आयोजन
14 अप्रैल, 2025 | प्रात: 11:00 बजे | यमुनानगर

गरिमामयी उपस्थिति

श्री मनोहर लाल
केन्द्रीय विद्युत मंत्री

श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

श्री एच. डी. कुमारस्वामी
केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री

श्री किंजरापु राममोहन नायडू
केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री

संकल्प की उड़ान
विकसित भारत - विकसित हरियाणा



कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डी.डी. न्यूज चैनल पर

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

# बम वाले बयान से बाजवा व उनके पाकिस्तानी दोस्त पंजाब के अमन और तरक्की में रोड़ा अटकाना चाहते हैं: सीएम मान

बाजवा अपने दावे को साबित करें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें

क्या बाजवा के सीमा पार के दोस्त ने उन्हें यह जानकारी दी?

बाजवा ने पंजाब पुलिस को सबूत देने से किया इनकार



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा के प्रदेश में 50 बमों की तस्करी के बयान के पीछे उनके पाकिस्तान में सक्रिय पंजाब विरोधी ताकतों के साथ गहरे पारिवारिक संबंध हैं, क्योंकि खुफिया एजेंसियों के पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी को पता है कि बाजवा परिवार के दशकों से पाकिस्तान में सक्रिय पंजाब विरोधी ताकतों के साथ गहरे संबंध रहे हैं, जिसके कारण उन्हें ऐसी तर्कहीन और बेबुनियाद जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि जबकि खुफिया एजेंसियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है, शायद सीमा पार बैठे बाजवा के दोस्त ने उन्हें प्रदेश में शांति भंग करने की अपनी योजनाओं के बारे में जरूर बताया होगा। भगवंत सिंह मान ने कांग्रेस नेता से अपने दावे को साबित करने या लोगों में दहशत फैलाने के लिए कार्रवाई का सामना करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता ने बेशर्मी से झूठा दावा किया है कि पंजाब में 50 बमों की तस्करी की गई है, जिनमें से 18 फट चुके हैं और 32 अभी भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में न तो राज्य और न ही केंद्रीय एजेंसियों के पास कोई जानकारी है, लेकिन शायद यह जानकारी सीमा पार से बाजवा के दोस्त ने उन्हें दी है, क्योंकि उनके परिवार के पाकिस्तान के साथ लंबे समय से गहरे संबंध हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और कांग्रेस नेता का ऐसा घटिया रवैया स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि इसने जनता में दहशत पैदा कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजवा को इस संबंध में अपनी जानकारी के स्रोत का खुलासा करना चाहिए, क्योंकि यह उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रताप सिंह बाजवा बमों के फटने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वे इस मौके को अपने निजी राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल कर सकें। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस तरह का उदासीन और गैर-जिम्मेदाराना रवैया अनुचित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि या तो बाजवा अपने दोस्तों से पंजाब में शांति भंग करने के नापाक इरादों की जानकारी पंजाब पुलिस के साथ साझा करें या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि झूठे दावे करके लोगों को डराना एक अक्षम्य और घृणित अपराध है, जिसके लिए गंभीर कार्रवाई की जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कांग्रेस हाईकमान से कहा कि ऐसी फूट डालने वाली ताकतों के साथ गहरे संबंध रखने वाले नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## बाजवा को निभानी चाहिए जिम्मेदार विपक्षी नेता की भूमिका: हरपाल सिंह चीमा



पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। स चीमा ने कहा कि प्रताप सिंह बाजवा एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं और यदि उनके पास कोई पुख़्ता जानकारी है तो उन्हें पंजाब की जनता की सुरक्षा के हित में तुरंत पंजाब पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बाजवा के बयान से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि उनके संबंध पाकिस्तान के तस्करों और उन तत्वों से हैं जो पंजाब में अमन-शांति भंग करना और कानून-व्यवस्था को तोड़ना चाहते हैं। कैबिनेट मंत्री चीमा ने कहा कि यह बयान दुर्भावनापूर्ण है और यह एक घटिया राजनीतिक सोच का परिचायक है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से अपील की कि इस बयान की जांच करवा कर कानून अनुसार सख़्त कार्रवाई की जाए। स चीमा ने कहा कि बाजवा को एक जिम्मेदार विपक्षी नेता की भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि पंजाब में शांति बनाए रखने के प्रयासों में सरकार के साथ-साथ विपक्ष की भी बराबर की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह समय है पंजाब में बड़ी मुश्किलों से लौटे अमन को बनाए रखने और पंजाब-विरोधी ताकतों का एकजुट होकर मुकाबला करने का, न कि गैर-जिम्मेदाराना बयान देकर पुलिस और जनता के हौसले को कमजोर करने का।

# कैबिनेट मंत्री चीमा, अमन अरोड़ा व बरिंदर गोयल की मौजूदगी में प्रो. जसवीर कौर शेरगिल ने मार्केट कमेटी दिडबा की चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**दिरबा/संगरूर, 13 अप्रैल।** पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री स हरपाल सिंह चीमा, श्री अमन अरोड़ा और श्री बरिंदर कुमार गोयल की उपस्थिति में आज प्रो. जसवीर कौर शेरगिल ने मार्केट कमेटी दिरबा की चेयरपर्सन के रूप में अपना कार्यभार संभाला।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नव-नियुक्त चेयरपर्सन को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रो. जसवीर कौर शेरगिल आम आदमी पार्टी की मेहनती कार्यकर्ता रही हैं और उनकी साफ-सुथरी कार्यशैली व मिलनसार व्यक्तित्व को देखते हुए ही मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी किसानों, आढ़तियों, मजदूरों, ट्रांसपोर्टरों सहित अन्य वर्गों के हितों से सीधा जुड़ा हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रो. शेरगिल के नेतृत्व में मार्केट कमेटी का प्रबंधन पहले से अधिक मजबूत होगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने प्रो. शेरगिल को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी में कार्यकर्ताओं की मेहनत का मूल्य होता है। उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन के रूप में मिली यह जिम्मेदारी और अधिक ईमानदारी और जनसेवा के लिए तत्परता की मांग करती है, और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रो. जसवीर कौर शेरगिल अपनी इस नई ड्यूटी को जिम्मेदारी से निभाने में सफल रहेंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है और मार्केट कमेटी में लगभग हर वर्ग का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित जुड़ा होता है। इन दिनों गेहूं की खरीद का सीज़न चल रहा है, ऐसे में इस कार्य को गंभीरता से निभाते हुए चेयरपर्सन मिसाल कायम करेंगी।

इसी दौरान कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने भी चेयरपर्सन प्रो. शेरगिल को बधाई देते हुए कहा कि वह पिछले एक दशक से अधिक समय से अपनी काबिलियत, समझदारी और वफादारी के लिए इलाके में जानी जाती हैं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करवाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगी।

इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रो. जसवीर कौर शेरगिल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि वह इस जिम्मेदारी को समर्पित भाव से निभाएंगी और सरकार व पार्टी की छवि को और मजबूत करेंगी।

# लोक निर्माण विभाग में पारदर्शी प्रशासन के चलते लागतों में भारी कटौती हुई: ईटीओ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग ने पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार-विरोधी ठोस कदमों के ज़रिये शानदार परिणाम हासिल किए हैं। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री स हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज यहां जारी एक प्रेस बयान में दी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि हाल ही में किए गए आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अब ठेकेदार अधिकतम छूट (रिबेट) के साथ टेंडर जमा कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप लागतों में भारी कटौती हो रही है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही है।

वर्ष 2021-22 की तुलना में विभिन्न परियोजना श्रेणियों में छूट की प्रतिशतता में वर्ष-दर-वर्ष प्रभावशाली सुधार को रेखांकित करते हुए स हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि प्लान रोड के कार्यों संबंधी छूट 3 प्रतिशत से बढ़कर 19.73 प्रतिशत हुई है, नाबार्ड परियोजनाओं में यह 8.56 प्रतिशत से बढ़कर 24.91 प्रतिशत, नेशनल हाईवे कार्यों में 19.2 प्रतिशत से बढ़कर 27.42 प्रतिशत और सीआईआरएफ परियोजनाओं में छूट 2.8 प्रतिशत से बढ़कर 27.69 प्रतिशत तक हो गई है।


उन्होंने बताया कि इन सुधारों के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान टेंडर आवंटन समय में कुल 234.78 करोड़ रुपये की बचत हुई है और पिछले कुछ वर्षों में छूट की प्रवृत्ति में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के चलते आम आदमी पार्टी की सरकार में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और हम पारदर्शिता एवं प्रभावी शासन के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध हैं।

# पाकिस्तान-आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ़्तार, संभावित आतंकी हमला टला; 2.8 किलोग्राम आईईडी बरामद

यह मॉड्यूल जर्मनी स्थित गोल्डी ढिल्लों द्वारा संचालित किया जा रहा था; गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मुख्य संचालक है गोल्डी ढिल्लों- डीजीपी गौरव यादव

आरोपियों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से संबंध और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता की जांच जारी







अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों अनुसार पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के तहत, पंजाब पुलिस ने जर्मनी स्थित गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों द्वारा संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए इसके दो प्रमुख संचालकों को 1.6 किलोग्राम आरडीएक्स युक्त 2.8 किलोग्राम इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और एक रिमोट कंट्रोल सहित गिरफ्तार कर संभावित आतंकी हमले को टाल दिया है। इस संबंध में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि यह कार्रवाई काउंटर इंटेलिजेंस फिरोज़पुर और स्टेट स्पेशल ऑपरेटिंग सेल, एसएएस नगर की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह, जिला फतेहगढ़ साहिब निवासी, के रूप में हुई है। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना है और वे पहले भी नशे से जुड़े मामलों में शामिल रहे हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मुख्य संचालक गोल्डी ढिल्लों की गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल का पर्दाफाश कर पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित आईएसआई की शांति भंग करने की साजिशों को विफल कर दिया है।

डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों हाल ही में राज्य में प्रभावशाली व्यक्तियों पर जानलेवा हमलों की साजिश में शामिल रहा है और इस समय वह पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर कार्य कर रहा है। आगे की जांच अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क और देश विरोधी गतिविधियों से संबंधित तथ्यों को उजागर करने के लिए जारी है।

एआईजी सीआई फिरोज़पुर गुरसेवक सिंह बराड़ ने बताया कि पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि आरोपी जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह कथित तौर पर जर्मनी स्थित अपने हैंडलर गोल्डी ढिल्लों के निर्देशों पर काम कर रहे हैं और हाल ही में उन्होंने विस्फोटक सामग्री की एक खेप प्राप्त की है, जिसे वे अपनी सफेद हुंडई वेन्यू कार में किसी अज्ञात सहयोगी तक पहुंचाने जा रहे थे। त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआई फिरोज़पुर और एसएसओसी एसएएस नगर की पुलिस टीमों ने फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद क्षेत्र से दोनों आरोपियों को आईईडी सहित गिरफ्तार कर उनकी सफेद हुंडई वेन्यू कार को भी जब्त कर लिया।

इस संबंध में एसएसओसी थाने, एसएएस नगर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं 3, 4, 5 और 6 के अंतर्गत एफआईआर नंबर 4, दिनांक 11-04-2025 दर्ज की गई थी।

# कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने भाषण और लेखन प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/लहरागागा, 13 अप्रैल।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विधानसभा हलका लहरा के गांव राजलहेड़ी में श्री गुरु रविदास कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से स्कूल विद्यार्थियों के लिए भाषण और सुंदर लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

श्री गोयल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा वाले युग में समय का सदुपयोग करते हुए अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए बचपन से ही मेहनत को अपना आधार बनाना चाहिए और समय-समय पर ऐसे मुकाबलों में भाग लेकर अपनी कमियों की पहचान करते हुए उन्हें दोहराने से बचना चाहिए। कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लें, जिन्होंने गरीबी से उठकर अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के बल पर पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाई। श्री गोयल ने डॉ. अंबेडकर की शान में अपशब्द कहने वाले गुरपतवंत पन्नू को कायर बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा भी की।

# पंजाब सरकार ने नगर सुधार ट्रस्टों के अलॉटियों के लिए गैर-निर्माण शुल्क और बकाया अलॉटमेंट राशि संबंधी एकमुश्त राहत नीति को दी मंजूरी: डॉ. रवजोत सिंह

कहा, फैसले से अलॉटियों को मिली बड़ी राहत, ब्याज होगा माफ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के नगर सुधार ट्रस्टों के अलॉटियों के लिए गैर-निर्माण शुल्क और बकाया अलॉटमेंट राशि से संबंधित एकमुश्त राहत (ओ.टी.आर.) नीति को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से अलॉटियों को बड़ी राहत मिलेगी और उन पर लगाया गया ब्याज माफ कर दिया जाएगा।

पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर सुधार ट्रस्टों की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के अलॉटियों से बकाया राशि जमा करवाने के लिए एकमुश्त राहत नीति(ओ टी आर) को स्वीकृति दी है, जिससे आम नागरिकों को अपनी संपत्तियों की बकाया राशि जमा करवाने का अवसर मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस एकमुश्त राहत नीति के अंतर्गत कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं, जिनका पालन आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि जिन अलॉटियों को अलॉटमेंट पत्र जारी हुए 15 वर्ष से कम या 15 वर्ष से अधिक समय हो चुका है, उन्हें बनती गैर-निर्माण फीस की कुल (मूल राशि सहित ब्याज) पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। इसी प्रकार, 15 वर्ष से अधिक समय की बनती गैर-निर्माण फीस, रिज़र्व रेट के 5 प्रतिशत की दर से तय की जाएगी।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि यह नीति वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं तथा किसी कार्रवाई में मारे गए सशस्त्र या अर्धसैनिक बलों के कानूनी वारिसों को गैर-निर्माण शुल्क संबंधी पहले से दी गई छूट के अतिरिक्त लागू होगी और उन्हें गैर-निर्माण शुल्क पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी।

स्थानीय निकाय मंत्री ने बताया कि नगर सुधार ट्रस्टों द्वारा अलॉट की गई संपत्तियों की बकाया राशि, जो अलॉटमेंट पत्र के अनुसार जमा नहीं करवाई गई, को जमा करवाकर संपत्तियों को नियमित कराने के लिए भी यह एकमुश्त राहत नीति लागू होगी। उन्होंने कहा कि यह छूट केवल उन्हीं मामलों पर लागू होगी, जहाँ संबंधित संपत्तियों की अलॉटमेंट के उपरांत अलॉटी द्वारा बोली की राशि का चौथा हिस्सा जमा करवाया गया हो।

कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि इस नीति के अंतर्गत अलॉटी द्वारा बकाया राशि पर समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार साधारण ब्याज की बनती दर और पुनर्स्थापन शुल्क वर्ष 2025-26 के रिज़र्व रेट के 2.5 त्न के हिसाब से जमा करवाकर अपनी संपत्ति को नियमित करवाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत पीनल ब्याज पर पूर्ण छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि इस नीति का लाभ लेने के लिए अलॉटी को 31 जुलाई, 2025 तक संबंधित नगर सुधार ट्रस्ट को हस्तलिखित या ईमेल द्वारा अपनी प्रार्थना-पत्र भेजना सुनिश्चित करना होगा और 31 दिसंबर, 2025 तक बकाया राशि नगर सुधार ट्रस्ट में जमा करवानी अनिवार्य होगी।

स्थानीय निकाय मंत्री ने आगे कहा कि इस नीति के लागू होने से जहाँ नगर सुधार ट्रस्टों की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, वहीं आम नागरिकों की शिकायतें और अनावश्यक मुकदमेबाज़ी भी समाप्त होगी।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 44वें दिन, 61 नशा तस्कर गिरफ़्तार; 1.3 किलोग्राम हेरोइन, 91.3 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद

76 एसपी/डीएसपी रैंक के अधिकारियों की अगुवाई में 200 से अधिक पुलिस टीमों ने 417 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की: अर्पित शुक्ला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर प्रदेश से नशों के समूल खात्मे के लिए शुरू की गई 'युद्ध नशों विरुद्ध' को 44वें दिन भी जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने आज 61 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया है और उनके कब्जे से 1.3 किलो हेरोइन और 91.3 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। इस कार्रवाई के साथ पिछले 44 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 5926 हो गई है। यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा इस मुहिम की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्पेशल डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि 76 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1100 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 383 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके तहत 50 एफआईआरज दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने दिन भर चले इस अभियान के दौरान 417 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। स्पेशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश से नशे के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति ङ्क प्रवर्तन (इंफोर्समेंट), नशा मुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) ङ्क लागू की गई है और पंजाब पुलिस द्वारा इस रणनीति के 'नशा मुक्ति' हिस्से के तहत 3 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास के लिए प्रेरित किया गया है।

# मार्केट कमेटी के चेयरमैन ने लिया अनाज मंडी में खरीद प्रबंधों का जायजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 13 अप्रैल।** राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बर्स्ट के दिशा-निर्देशों पर मार्केट कमेटी बनूड़ के चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ ने अनाज मंडी बनूड़ में गेहूं की चल रही सरकारी खरीद के प्रबंधों का जायजा लिया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी बनूड़ के चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ ने कहा कि पंजाब सरकार ने गेहूं की खरीद के लिए सभी मंडियों में पुख्ता प्रबंध किए हैं और किसानों के बेटों की तरह पाली गई फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा मंडियों में बेची गई फसल का भुगतान 24 घंटे के भीतर निर्धारित समय में सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में लंबा इंतजार न करना पड़े। चेयरमैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हमेशा किसानों के हितों की रक्षा की है और अब भी सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए।

अनाज मंडी में मार्केट कमेटी के चेयरमैन द्वारा खरीद प्रबंधों का जायजा लेने के दौरान मार्केट कमेटी के सचिव गुरनाम सिंह, सुपरवाइजर गुरमीत सिंह, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान टिंका जैन, गुरना ट्रेड्स के सरपंच गुरविंदर सिंह रामपुर, दविंदर कुमार जैन, सुरिंदर कुमार जैन के अलावा आढ़ती व खरीद एजेंसियों के कई अधिकारी व किसान मौजूद थे।

## पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां द्वारा लोगों को वैशाखी की शुभकामनाएं

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल (अप्रस)।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने खालसा साजना दिवस और वैशाखी के शुभ अवसर पर देश-विदेश में बसे समस्त पंजाबी समुदाय को दिल से बधाई दी है।

स संधवां ने वाहे गुरू जी के समक्ष अरदास करते हुए प्रार्थना की कि वाहेगुरु समस्त पंजाबियों पर अपनी अपार कृपा बनाए रखें और उनके जीवन को खुशियों, समृद्धि, शांति तथा सेवा-भावना से भर दें।

उन्होंने यह प्रार्थना भी की कि रबी फसलों की कटाई के इस मौसम के दौरान प्रकृति किसानों पर मेहरबान रहे।

जिला अस्पताल गुरदासपुर में हिंसा की घटना

# स्वास्थ्य मंत्री ने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश

### दोषियों पर मेडिकेयर सेवा कर्मियों एवं संस्थाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज, अस्पताल की संपत्ति के नुकसान की भरपाई 10 गुना वसूल की जाएगी: डीसी

सभी दोषियों की पहचान कर ली गई है और उनपर मामला दर्ज किया गया है, उनको काबू करने के लिए छापेमारी जारी: एस एस पी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर, 13 अप्रैल।** गुरदासपुर के जिला अस्पताल बब्बरी में बीती रात हुई हिंसा की घटना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर श्री दलविंदरजीत सिंह (आईएएस), एसएसपी आदित्य (आईपीएस) और सिविल सर्जन डॉ. प्रभजोत कौर कलसी ने आज जिला अस्पताल का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए, पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि अस्पताल एक शांतिपूर्ण स्थान है और इसके परिसर में किसी भी प्रकार की हिंसा, झगड़े या तोड़फोड़ को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी मेडिकल कर्मी के विरुद्ध हिंसा अथवा अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गैर-जमानती अपराध है और यह अस्पताल के प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने जिला प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने कहा कि झगड़ा करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोषियों को अस्पताल को हुए नुकसान की भरपाई दस गुना करनी होगी। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों से घटना की जानकारी ली सुरक्षा के प्रति भरोसा दिलाया।

एसएसपी आदित्य ने बताया कि झगड़े में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन पर पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ़ मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स एंड मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस (प्रिवेंशन ऑफ़ वायलेंस एंड डैमेज टू प्रॉपर्टी) एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि यह झगड़ा दो पक्षों के बीच हुआ था, लेकिन किसी डॉक्टर या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अस्पताल को हुए नुकसान के अनुसार संबंधित धाराएं जोड़ी गई हैं और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में किसी भी तरह का हंगामा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभजोत कौर कलसी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब झगड़े में शामिल एक पक्ष इलाज के लिए जिला अस्पताल बब्बरी (गुरदासपुर) पहुंचा और उसी दौरान दूसरा पक्ष भी अस्पताल में आकर झगड़ा करने लगा। इस दौरान अस्पताल की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है।





हरियाणा के मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में गुरुद्वारे में टेका मत्था, बैसाखी की दी शुभकामनाएं

# खालसा पंथ की स्थापना ने लोगों में साहस और बलिदान की भावना पैदा कीः सीएम सैनी

सीएम ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम, 13 अप्रैल।** गुरु गोबिंद सिंह जी ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा पंथ की स्थापना करके लोगों में साहस और बलिदान के साथ जीने की भावना पैदा की। उन्होंने वीरता और वीर भावना को आध्यात्मिक सोच के साथ जोड़कर समाज को एक नई दिशा दी। ये बातें सीएम नायब सिंह सैनी ने बैसाखी के अवसर पर गुरुग्राम के साउथ सिटी-1 स्थित गुरुद्वारा में साध संगत को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और सभी को इस पावन दिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैसाखी एक बहुत ही सुंदर त्योहार है, जिसे पूरे उत्तर भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। वैसाखी का त्यौहार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। खरीफ की फसल पकने की खुशी का प्रतीक होने के कारण यह त्यौहार किसानों के लिए बहुत महत्व रखता है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि खालसा पंथ की नींव रखते समय श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने देश की पांच अलग-अलग जातियों और पांच अलग-अलग क्षेत्रों से पंच प्यारों को शामिल किया था। फिर उन्होंने सभी को एक ही बर्तन से अमृत पिलाकर भेदभाव को समाप्त किया। उन्होंने कभी भी भाषा, जाति और धर्म के आधार पर मनुष्यों के बीच भेदभाव को स्वीकार नहीं किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम गुरुद्वारा वर्ष 2000 में जमीन के एक छोटे से टुकड़े पर शुरू हुआ था, लेकिन गुरुओं के आशीर्वाद से आज यह विशाल हो गया है और भविष्य में यह और भी भव्य बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा प्रबंधन द्वारा उनके समक्ष जो भी मांगें रखी गई हैं, उन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा, जिसमें अतिरिक्त जमीन की मांग भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे के लिए 21 लाख रुपये के अनुदान की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा द्वारा चलाए जा रहे वेलनेस सेंटर में नेक सेवा की जा रही है।



## कुरुक्षेत्र में बनेगा सिख संग्रहालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व तथा वर्ष 2017 में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। वर्ष 2022 में श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व मनाया गया और पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 4 एकड़ क्षेत्र में सिख संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, ताकि सिख समुदाय अपने इतिहास से जुड़ा रह सके तथा आने वाली पीढ़ियों को हमारे गुरुओं के महान बलिदानों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण किया, ताकि सिख समुदाय पाकिस्तान में करतारपुर साहिब गुरुद्वारा जा सके, जहां गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा बिताया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने सिरसा में गुरुद्वारा चिल्ला साहिब के समीप स्थित एक शिक्षण संस्थान की जमीन भी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को हस्तांतरित कर दी है, जिससे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। गुरु नानक देव जी ने वहां 40 दिनों तक ध्यान लगाया था और सिरसा में ही रहे थे। उन्होंने कहा कि यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में विश्व स्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक बनाया जाएगा, जो उनकी बहादुरी और बलिदान की वीर गाथा को दर्शाएगा।

## मानवता की रक्षा के लिए पीढ़ियां हुईं कुर्बान

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी स्वयं, उनके पिता श्री गुरु तेग बहादुर जी, माता गुजरी जी और उनके चार पुत्र मानवता की रक्षा करते हुए शहीद हुए। इस प्रकार एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों के बलिदान का उदाहरण विश्व के इतिहास में बहुत कम मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे इतिहास की कई घटनाएं वैसाखी के त्यौहार से भी जुड़ी हुई हैं। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में जनरल डायर ने शांतिप्रिय नागरिकों की निर्मम गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड ने स्वतंत्रता सेनानियों को ब्रिटिश सरकार से बदला लेने के लिए और अधिक प्रतिबद्ध बना दिया, जिसके कारण 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश जलियांवाला बाग के महान शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा की जनता और हरियाणा सरकार की ओर से जलियांवाला बाग के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा भारत का विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का निरंतर विकास हो रहा है और यही कारण है कि आज हेमकुंड साहिब जैसे गुरुद्वारों के दर्शन करना बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हरियाणा आएंगे और हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे तथा यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी इकाई का शिलान्यास करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंजाब के आनंदपुर साहिब का भी दौरा किया तथा वैसाखी के अवसर पर वहां गुरुद्वारे में मत्था टेका।

मुख्यमंत्री ने वैशाखी के पावन पर्व पर पंजाबियों को दी बधाई

# पंजाब की जनता की सेवा करने का मौका मिला, ये मेरा सौभाग्यः सीएम भगवंत मान



गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब में टेका मत्था

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 13 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को देश-विदेश में बसे समस्त पंजाबियों को पंजाब, पंजाबीयत और विविधता में एकता के प्रतीक 'खालसा पंथ के साजना दिवस' और 'वैशाखी' के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं। गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब में नतमस्तक होकर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की पूर्ण नम्रता और समर्पण भाव से सेवा करने के लिए ईश्वर से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में अरदास करते हुए जाति, रंग, नस्ल और धर्म से ऊपर उठकर सभी नागरिकों की

## पंजाब की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए की प्रार्थना

वैशाखी के इस शुभ दिन पर मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की। उन्होंने दुनिया भर में बसे पंजाबियों को बधाई देते हुए उन्हें इस पर्व की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि 1699 में इस पवित्र दिन दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने विभिन्न क्षेत्रों और धर्मों से संबंध रखने वाले 'पंज प्यारे' को अमृत पान करवाकर पवित्र श्री आनंदपुर साहिब में 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी।

सेवा करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई ताकि एक सौहार्दपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। भगवंत सिंह मान ने वाहे गुरु का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें पंजाब की जनता की आकांक्षाओं को पूरी ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ पूरा करने की सेवा का अवसर मिला है, जो उनके लिए एक सौभाग्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दशम गुरु ने जात-पात रहित समाज की नींव रखी और मानवता के लिए प्रेम, करुणा, शाश्वत शांति और भाईचारे का संदेश दिया। भगवंत मान ने कहा कि यह पर्व रबी की फसलों के पकने और कटाई की शुरुआत को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पंजाब और यहां के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह फसल कटाई और भंडारण के समय की शुरुआत का प्रतीक है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जींद में सड़क हादसे में 3 दोस्तों की मौत, तीन गंभीर घायल



**उचाना (अप्रस)।** जींद के उचाना में एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा उचाना से लितानी रोड पर गांव दुर्जनपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक हुआ। जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट कार ने पेट्रोल पंप से निकल रही डिजायर कार को टक्कर मार दी। जिससे स्विफ्ट कार में सवार 6 लोगों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृतकों की पहचान गोल्डी घीमाणा, साहिल बहबलपुर और विशाल इगराह के रुप में हुई है, जबकि घायलों में गोगी घीमाणा, मनोज बहबलपुर और दीपक पोखरी खेड़ी शामिल हैं। घायलों को नागरिक अस्पताल उचाना में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, स्विफ्ट कार में सवार लोग शराब के नशे में थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्विफ्ट कार करीब 20 फुट की दूरी तक उछलकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। कार पेड़ से लगभग 5 फीट ऊपर जाकर टकराई।

थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कार में आगे बैठे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिछली सीट पर बैठे तीनों लोग सुरक्षित हैं। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है।




तलबंडी साबो पहुंचे शिअद अध्यक्ष, बोले-

# 2027 में शिअद की सरकार बनाओ, पंजाब को नंबर वन बनाना हमारा फर्ज हैः सुखबीर बादल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**तलबंडी साबो ।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के दोबारा प्रधान चुने जाने के बाद सुखबीर सिंह बादल रविवार तलबंडी साबो पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी पंजाब की वारिस पार्टी है। हमारे लिए पंजाब ही नंबर वन है। 2027 में पंजाब में हमारी पार्टी की सरकार बनाएं। पंजाब को नंबर वन बनाना हमारा फर्ज है। मैं वादा करता हूं कि अगर नहीं बना पाया तो जिंदगी में दोबारा चुनाव नहीं लड़ूंगा। वहीं, एनडीए गठबंधन से बाहर आने के बाद से उन पर कई हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकाली दल ने हर वर्ग के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि आज केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री हैं। भगवंत तो सिर्फ नाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गुटबाजी छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर 2014 में आई आम आदमी पार्टी 2022 में राज्य में सरकार बना सकती है तो 104 साल पुराना शिरोमणि अकाली दल अपनी सरकार क्यों नहीं बना सकता।

तंज | विनेश फोगाट के डबल प्राइज पर घमासान

# बबीता बोलीं- मुझे मिलते तो खेल नहीं छोड़ती कांग्रेस विधायक का जवाब-फ्री का ज्ञान बांटने वाले


अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जुलाना।** हरियाणा में जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को 4 करोड़ और प्लॉट की घोषणा पर घमासान मचा है। भाजपा नेता बबीता फोगाट ने विनेश का नाम लिए बिना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यदि सरकार 15 साल पहले वर्तमान सुविधाएं मुहैया करवाती तो मेडल के मामले में देश कहीं आगे होता और मुझे भी अपना खेल नहीं छोड़ना पड़ता। खिलाड़ियों के मंच का राजनीतिकरण होगा तो मैं वहां पर नहीं रहूंगी। वहीं विनेश फोगाट ने लिखा, 2 रुपए लेकर ट्वीट करने वालों और फ्री का ज्ञान बांटने वालों... जरा ध्यान से सुनो। तुम्हारी जानकारी के लिए बता दूं, अब तक करोड़ों के ऑफर ठुकरा चुकी हूं। सॉफ्ट ड्रिंक्स से लेकर ऑनलाइन गेमिंग तक, पर मैंने कभी अपने उसूलों का सौदा नहीं किया। जो कुछ भी हासिल किया है, मेहनत की ईमानदारी और अपनों के आशीर्वाद से किया है और उसी पर गर्व है। जहां तक मांगने की बात है, मैं उस धरती की बेटी हूं जहां आत्मसम्मान मां के दूध में घुला होता है। मैंने अपने पूर्वजों से सीखा है हक छीना नहीं जाता, जीता जाता है। जरूरत पड़ने पर अपनों को पुकारना भी आता है, और जब कोई अपना तकलीफ में हो तो उनके साथ दीवार बनकर खड़ा रहना भी आता है।

**विनेश ने कहा था- खेल एकेडमी बनाऊंगी:** विनेश फोगाट ने हरियाणा सरकार की ओर से 4 करोड़ रुपए मिलने की घोषणा के बाद आभार जताया था। विनेश ने सोशल मीडिया पर बताया की इस पैसे से वह इंटरनेशनल लेवल की एक खेल एकेडमी बनाएंगी। यह उनका सपना है, जो इस प्राइज मनी के जरिए साकार होने जा रहा है। यह केवल एक इनाम नहीं है, बल्कि अवसर और असली जीत है।

इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि ईनाम देना राजनीति का विषय नहीं है। सरकार विनेश के सम्मान में कोई कमी नहीं रहने देगी। विनेश फोगाट हमारे लिए हीरो हैं।

# मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जयपुर, 13 अप्रैल।** राजस्थान के जयपुर जिले में मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर रविवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाओं सहित 12 महीने का बच्चा भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, लखनऊ का यह परिवार खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था।

हादसा नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस समय हुआ, जब एक कार और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

पुलिस के अनुसार, कार सवार लोग खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। आशंका है कि तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते कार सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान एक ही परिवार के सदस्यों के रूप में हुई है, हालांकि अभी तक



उनकी व्यक्तिगत जानकारी सत्यापित नहीं हो पाई है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कार और ट्रेलर में फंसे दो लोगों को निकालने के लिए बचाव दल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन और कटिंग उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को अलग किया गया, लेकिन तब तक सभी पीड़ितों की सांसें थम चुकी थीं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लगी रहीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने अतिरिक्त जवानों को तैनात कर यातायात को सामान्य करने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मेहनत के बाद हाईवे को पूरी तरह खाली करवाया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज गति और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या ट्रेलर चालक की ओर से कोई गलती थी या सड़क की स्थिति ने हादसे को बढ़ावा दिया।

## संभल में दो बसों की आमने-सामने की टक्कर, 12 से ज्यादा लोग घायल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**संभल, 13 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के संभल में रोडवेज और निजी बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि दोनों बसों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बसों में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई।

हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, हादसा नखासा थाना इलाके के संभल हसनपुर रोड स्थित सिंहपुर के पास हुआ। एक तरफ से यात्रियों से भरी रोडवेज बस आ रही थी, जबकि सामने से तेज रफ्तार में एक निजी बस भी आ रही थी। अचानक दोनों बसें आमने-सामने आ गई और जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की तरफ दौड़े।

हादसे की जानकारी मिलने के बाद असमोली के सीओ कुलदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घायलों में कई लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के फुलौना रोड पर बरौला गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी थी। बाइक पर चार लोग सवार थे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था, लेकिन गंभीर हालत को देखकर डॉक्टरों ने उन्हें सुलतानपुर रेफर कर दिया था।



**अंबाला।** अम्बाला कैंट में हुआ भक्ति भजन संध्या का आयोजन, जैन भजन गाकर Vicky D Parekh ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध। फोटो: अजीत कौशल

## दिल्ली में अंबेडकर जयंती पर मैराथन का आयोजन, सीएम रेखा गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल।** दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियों में जुटी है। इस अवसर पर दिल्ली सरकार ने रविवार को एक मैराथन का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

इस दौड़ को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, 'दिल्ली सरकार बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलने और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बाबा साहब ने हमें सम्मान के साथ जीना सिखाया और समानता का पाठ पढ़ाया। आज का यह आयोजन उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि है।'

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली



सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को उसका हक मिले और समाज में समानता व न्याय का माहौल बने। बाबा साहब केवल कहने की नहीं, बल्कि जीने की शख्सियत थे। हमें उन्हें न केवल याद करना है, बल्कि अपने कार्यों के माध्यम से उनके आदर्शों को जीना है।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'अंबेडकर जयंती का यह आयोजन युवाओं को बाबा साहब के विचारों से जोड़ने का एक शानदार अवसर है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हम भूल नहीं सकते। दिल्ली सरकार शिक्षा के माध्यम से उनके सपनों को साकार करने के लिए कटिबद्ध है।'

मैराथन में शामिल सैकड़ों स्कूली बच्चों और युवाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिससे आयोजन में एक अलग ही जोश देखने को मिला।

मैराथन में प्रतिभागियों ने बाबा साहब के सम्मान में नारे लगाए और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। आयोजन में शामिल लोगों ने इसे एक प्रेरणादायक अनुभव बताया। एक प्रतिभागी, रमेश कुमार, ने कहा, ÷यह दौड़ सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता की दौड़ थी। बाबा साहब के विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं।÷

दिल्ली सरकार ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है, जिसमें नाटक, संगीत और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बाबा साहब के जीवन और उनके योगदान को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है।

### न्यूज़ ब्रीफ

### 13 अप्रैल तक एक भी दाने की नहीं हुई खरीद



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** हरियाणा सरकार गत एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू करने के दावे कर रही है लेकिन गांव गुहना खरीद केंद्र पर 13 अप्रैल तक एक भी दान की खरीद नहीं हुई जिस कारण किसानों में भारी रोष है। किसान सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। किसान नेता सतपाल दिल्लोंवाली ने कहा कि मंडी में कुछ सरकारी अधिकारी अपनी मनमानी चला रहे हैं। ये अधिकारी सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। हम अधिकारियों को चेतावनी देते हैं या तो गेहूं की खरीद कल से सुचारू रूप से की जाए नहीं तो 15 अप्रैल को किसान सभी खरीद एजेंसियों का घेराव करेंगे। उपायुक्त से भी अपील है कि खरीद शुरू करवाई जाए क्योंकि गेहूं का सीजन आ चुका है लेकिन कुछ अधिकारी लापरवाही के साथ किसानों को तंग कर रहे हैं। गेहूं में नमी की अधिक मात्रा बता कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 6 महीने मेहनत करने के बाद भी आज किसान को कोई पूछने वाला कोई नहीं है। बारिश के कारण मंडी में पड़ी गेहूं भीग गई, उसका जिम्मेदार कौन है। गेहूं का उठान नहीं हो रहा, मंडी भरी पड़ी हैं, गेहूं डालने की जगह नहीं है। इस मौके पर किसान नेता कुलदीप गुहना, रमेश शर्मा, बजिंदर, लाभ सिंह, सुखदेव, राजवीर आदि मौजूद थे।

### वीर हनुमान हमेशा भक्तों की रक्षा करते हैं: नागपाल



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** हनुमान जयंती पर पर आज वालाजी को स्मरण करने के लिए लंगर बीर हनुमान की शेभायात्रा निकली। जगह जगह लंगरबीर हनुमान जी का स्वागत किया गया। सर्राफा बाजार में लंगरबीर हनुमान जी का स्व्वगत हरियाणा प्रदेश व्यपार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता किशोर नागपाल के किया। लंबर बीर हनुमान का स्वरूप लिए भक्त राज किशोर नागपाल के निवास पर पहुंचे यहां हनुमान जयंती की केक कटवाई गई। इस अवसर पर भजन कीर्तन भी हुए। लंगरबीर हनुमान जी ने किशोर नागवाल के परिजनों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कि शोर नागवाल ने बताया कि महाभारत मं लंगरबीर हनुमान का बड़ा ही महत्व रहा है। उन्होंने सावन जोत महोत्सव में भी लंगर बीर हनुमान जी के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इनका एक नाम बालाजी महाराज भी है। यह अपने भक्तों की रक्षा करते है। मुल्तानी संस्कृति में भी लंगरबीर हनुमान जी का उल्लेख प्रमुखता से मिलता हैं।

### हनुमान जयंती पर हुए रामचरित मानस के पाठ लगे भंडारे

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** श्री राम भक्त हनुमान जी की जयंती आज धार्मिक हर्ष उल्लस के साथ मनाई गई। हनुमानजयंती शनिवार और पूर्णि्मा को होने के कारण इसका महत्व और अधिक बढ़ गया। हनुमान जयंती पर जो योग बन रहा है वह लंबे अरसे बाद बन रहा हैं। हनुमान जयंती पर जगह जगह भंडारे लगाए गए। इसके अलावा राम चरित मानस का पाठ किया गया। नेहरू पैलेस में ओपीएस ज्यूल्स की तरफ से भंडारा लगारया गयउ। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस का उद्घाटन समाजसेवी तथा श्री सनातन धर्म महाबीर दले के प्रधान कैलाश चंद्र गुप्ता, समाजसेवी क्षण लाल तनेजा ने किया। उन्होंने बताया कि नेहरू पैलेस में हर माह की पूर्णिमा को ओपीएस द्वारा भंडारा लेगाया जाता हैं। यह सिलसिला पिछले आठ सालों से चला आ रहा है। इस अवसर पर ज्योतिष आचार्य ए सी शर्मा, परमिंदर सिंह सहित कई लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मंदिर में भी हनुमान जयंती मनाई गई। इस अवसर प्रबंध न्यास द्वारा श्री रामचरित मानस का पाठ किया गया। बड़ी संख्या में धर्मालु वहां पर पहुंचे। यहां पर भंडारा भी लगाया गया। शाम को भी राम चरितमानस का पाठ किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन किया। हनुमान जी को विषेष रूप से श्रंगारित किया गया।

## विराट कोहली ने टी20 में 100 अर्धशतक पूरे किए

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जयपुर, 13 अप्रैल।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को अपने शानदार करियर में एक और रिकॉर्ड जोड़ लिया, क्योंकि वह टी20 में 100 अर्धशतक पूरे करने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए।

कोहली ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। ??उन्होंने 174 रनों का पीछा करते हुए 39 गेंदों में वानिंदु हसरंगा की गेंद पर छक्का लगाकर इस मील के पत्थर को हासिल किया। वह 62 रन बनाकर नाबाद रहे और उनकी टीम ने 17.3 ओवर में नौ विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर टी20 क्रिकेट में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर थे।

कोहली ने अपना 58वां आईपीएल अर्धशतक दर्ज किया, जिससे लीग में उनके 50 से अधिक स्कोर की संख्या 66 हो गई - जो आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक 50+ स्कोर के वार्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर रहा है।

अपने आईपीएल करियर के दौरान दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले वार्नर ने 184 मैचों में 62



अर्द्धशतक और 4 शतक बनाए। इसकी तुलना में, कोहली ने 258 आईपीएल मैचों में 58 अर्द्धशतक और आठ शतक बनाए हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में, कोहली मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में 13,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। इस उपलब्धि के साथ, पूर्व भारतीय कप्तान एक विशिष्ट सूची में शामिल हो गए, जो क्रिस गेल, एलेक्स हेल्स, शोएब मलिक और कीरोन पोलार्ड के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले कुल पांचवें खिलाड़ी बन गए।

कोहली ने भारत के लिए 125 टी20 मैच खेले, जिसमें 4,188 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में खेले गए टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में 59 गेंदों पर 76 रनों की यादगार पारी खेली थी। इस पारी के जरिए उन्होंने रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत को ट्रॉफी जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने इस प्रारूप में अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था।

### लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने पर किए 15 भारी वाहनों के चालान

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** पुलिस अधीक्षक अम्बाला द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने बारे वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 13 अप्रैल 2025 को 15 भारी वाहनों के चालान किए और बीते 103 दिनों में 2222 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आरडब्ल्यूए सेक्टर 13 चंडीगढ़ की जनरल बॉडी बैठक में डायरेक्टरी के पुनर्मुद्रण में योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (डुप्लेक्स) आरडब्ल्यूए सेक्टर 13 चंडीगढ़ की जनरल बॉडी के सदस्यों की एक बैठक रविवार को केएल अग्रवाल की अध्यक्षता में सामुदायिक केंद्र डुप्लेक्स में आयोजित की गई। इस अवसर पर परिसर की निर्देशिका-सह-स्मारिका 2025 का विमोचन श्रीमती सर्बजीत कौर पूर्व मेयर और क्षेत्रीय पार्षद द्वारा पदाधिकारियों, कार्यकारी समिति के सदस्यों और जनरल बॉडी के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। डायरेक्टरी के पुनर्मुद्रण में योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। समारोह के बाद दर्शकों को गर्म दोपहर का भोजन परोसा गया।

### मार्केट कमेटी के पुख्ता प्रबंध न होने से किसान परेशान

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** हरियाणा व पंजाब में अचानक दो दिन से लगभग ज्यादातर जिलों में भारी वर्षा व ओलावृष्टि ने किसानों की गेहूं की फसल की आवकता को लेकर चिंता बढ़ा दी है । अधिकतर किसान अपना पीला सोना गेहूं लेकर टोहाना अनाज मंडी में पहुंच रहा हैं ।टोहाना शहर में नई अनाज मंडी वह पुरानी अनाज मंडी वह एडिशनल अनाज मंडी के रूप में जमालपुर रोड पर गेहूं की आवक जोर पकड़ती दिखाई दे रही है आज अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष सज्जन इनदाछोई अपने किसान साथियों के साथ गेहूं की खरीद केंद्रों पर आने वाली समस्याओं के बारे में आवाज उठाते हुए देखे गए। सज्जन इन थे सोई ने बताया कि जो अनाज एडिशनल अनाज मंडी जमालपुर रोड पर बनी हुई है। वहां पर हर दृष्टि से अनाज मंडी में अवस्थाओं की भरमार है। किसानों की महीनो से पाली हुई फसल की मार्केट कमेटी के अधिकारियों द्वारा बेकद्री की जा रही है थोड़ी सी बारिश में ही अनाज मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए लेकर आए हुए किसानों को अपनी फसल को ढकने के लिए तिरपाल तक के लिए किसान धक्के खाने को मजबूर है। और गेहूं खरीदने आने वाली केंद्र व राज्यों की एजेंसियों का गेहूं ने खरीदना भी किसानों के लिए एक समस्या बनी हुई है।

### सिरसा पुलिस की जुआरियों पर दबिश,10 लोग काबू

**सिरसा (अप्रस)।** जिला की विभिन्न पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक जगहों पर जुआ व सट्टा खाईवाली करने वाले 10 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 45240 रुपए की जुआ व सट्टा राशि तथा ताश के पत्तों सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर सीआईए ऐलनाबाद की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना मिली की काली कंबोज ठेबरियां रोड़ ढाणी बच्चन सिंह अपने खेत में बने मकान में जुआ खिलाने का काम करता है । उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ने इस सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए खेत में बने मकान पर दबिश दी तो मकान के अंदर तीन व्यक्ति ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे।

### अमर शहीदों की याद में खड़ालवा मटौर खेड़ी भालंग सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

## मंजीत कुराड़ ने 60वीं बार व जगमग मटौर ने किया 34वीं बार रक्तदान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 अप्रैल।** खड़ालवा मटौर खेड़ी भालंग सेवा समिति द्वारा जलियांवाला बाग कांड के अमर शहीदों की याद में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन मंहत रूप नाथ के सानिध्य में किया गया। इसमें करीब 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह शिविर मानवता की सेवा और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने की भावना से प्रेरित होकर लगाया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की उपस्थिति में हुआ। शिविर में नप चेयरमैन सुरभि गर्ग, एमडीएन ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन एवं शिक्षाविद डा. विनोद कुमार कांसल, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिरोही अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त जिला मौलिक शिक्षा



अधिकारी दलीप सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंहत रूप नाथ व चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियों को बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की बात कही। रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र व तुलसी के पौधे के साथ सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारी प्रधान पाल सिंह, उपप्रधान कृष्ण पटवारी, महासचिव एवं आप पार्टी के जिलाध्यक्ष जगमग मौण मटौर, आवासीय कल्याण समिति सेक्टर 18 के प्रधान राममेहर सिंह मौण, कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह मौण, शिक्षाविद् अनिरूद्ध शर्मा, ऋषिपाल, जगदीश बनवाला ने बताया कि यह शिविर हर वर्ष शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है और भविष्य में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर समिति के सदस्य कर्ण सिंह, भगवाना राम, मा. नरेश, बलबीर सिंह, धर्मपाल आदि भी उपस्थित थे।

**रक्तदान करके किया कीर्तिमान स्थापित:** शिविर में मंजीत कुराड़ ने 60वीं बार, जगमग मटौर ने 34वीं बार, मास्टर जोगीराम शर्मा ने 20वीं बार, मा. नरेश ने 28वीं बार ने रक्तदान करके कीर्तिमान स्थापित किया। इनके अलावा नरेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, बलबीर सिंह, मेडिकल टीम के गुलाब सिंह, रमेश, एसआई रामनिवास, फौजी बलजीत सिंह, मा. दिनेश, मैनेजर पुष्पेन्द्र सिंह, बैंक कर्मचारी सुशील कुमार, रेखा, जीवन रक्षक दल के सदस्य प्रवीण सेगा आदि ने भी रक्तदान करके समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस समर्पण को देखकर कई नए युवाओं ने भी पहली बार रक्तदान का संकल्प लिया।

**रक्तदान शिविर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि:** कार्यक्रम में वशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची महिला रोग विशेषज्ञ डा. सोनाली ढिल्लो, प्रिंसिपल बिमला सिरोही, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा मौण, गायक कर्मवीर फौजी ने पहुंचे संस्था के लोगों के साथ अपने विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि यह रक्तदान शिविर न केवल शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि थी, बल्कि समाज में मानवता और सेवा की भावना को भी मजबूत करने वाला कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में अंत में समिति के प्रधान ने सभी आए हुए मेहमानों का स्मृति चिन्ह, शॉल व तुलसी का पौधा देकर सम्मान किया।

# सड़कों पर भीख मांगने वाले भिखारियों की गिनती बढ़ी, राहगीर हो रहे परेशान

समाजसेवी संस्थाएं कर रही हैं निरंतर प्रयास, लेकिन प्रशासन का नहीं मिल रहा साथ

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 13 अप्रैल।** शहर में भीख मांगने वालों की गिनती दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। शहर के सभी लाइट प्वाइंट, मार्किट शहर को अंदरूनी गलियों और बनारों में भीख मांगने वाले बच्चों से लोग बेहद परेशान है।पटियाला लाइट प्वाइंट, बलटाना लाइट प्वाइंट पर तो जैसे ही लालबत्ती होती है दर्जनों बच्चे गाड़ियों को आकर चिपक जाते हैं। हालांकि बच्चों ने भीख मांगने का नया तरीका अपना रखा कुछ समान बेचने के बहाने भीख मांगते देखे जा सकते हैं। बच्चों में ज्यादातर महिलाएं बच्चों को गोद में उठाए और युवतियां घूम रही होती है।

कुछ लोग तो गोद में उठाए बच्चों के हालातों को देखते हुए तरस के आधार पर उन्हें भीख के रूप में पैसे भी दे देते हैं। लेकिन कुछ बच्चे तो कार चालकों के पीछे ही पड जाते हैं भले कार का शीशा साफ हो फिर भी जबरदस्ती साफ कर लोगों से पैसे मांगते हैं। यह बच्चे लाइट होते ही भागकर वाहन के आगे आ जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। कई बार काई चालक को नर्वस हो जाते कार का नमंत्रण खो बैठते हैं। जिस कार कई हादसे होते होते बचे हैं। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। वही कुछ दुकानदारों का कहना है कि भीख मांगना सोसाइटी के लिए अभिशाप है और भीख मांगना अपराध है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि प्रसाशन को इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। कुछ प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया के भीख मांगने वाले बच्चे भीख ना मिलने पर किसी नुकीली चीज से गाड़ियों पर स्क्रैच भी डाल देते हैं,जिसका पता मलिक को घर जाकर चलता है। जैसे ही शाम ढलती है उसके बाद यह लोग कहां गायब हो जाते हैं इसकी जानकारी किसी को नहीं होती। कुछ लोगों ने बताया कि यह लोग चोरियां भी करते हैं। कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है कि यह एक बहुत बड़ा नेक्सस चल रहा है इन लोगों को सुबह एक गाड़ी छोड़ने आती है और शाम को वही गाड़ी इनको लेकर चली जाती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर प्रशासन जीरकपुर को भिखारी मुक्त सिटी बनाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए एवं बच्चों से भीख मंगवाने वाले गिरोह पर सख्त कार्रवाई नहीं चाहिए।

इस संबंध बातचीत करने पर पुकार एनजीओ की प्रधान शिवानी ने बताया कि उनकी तरफ से एक बार पहले भी शहर को भिखारी मुक्त बनाने के लिए प्रयास किया गया था। यह प्रयास काफी हद तक सफल भी रहा मगर प्रशासन की तरफ से साथ न मिलने के कारण शहर में भिखारी की संख्या दोबारा से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि वह एक बार पहले भी वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर डिपार्टमेंट को इस संबंध चिट्ठी लिखकर अवगत करा चुकी हैं, परंतु अभी तक उनकी तरफ से कोई भी ठोस कदम इस संबंध नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि शहर को भिखारी मुक्त बनाने के लिए संस्था की तरफ से निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं और भविष्य में भी यह प्रयास जारी रहेंगे जब तक जीरकपुर शहर भिखारी मुक्त नहीं हो जाता। इस मकसद के लिए संस्था के सभी सदस्य लगातार कोशिश कर रहे हैं।

**शिवानी, पुकार एनजीओ की प्रधान**

शहर की एक एनजीओ हयुगन केयर चेरिटेबल ट्रस्ट के संचालक विकास खरब ने बताया कि उन्होंने शहर के साथ-साथ पूरे ट्राईसिटी को भिखारी मुक्त बनाने के लिए प्रसाशन का साथ मांग था और इस मुहिम के लिए उन्होंने 7 से 8 एनजीओ को साथ जोड़कर काम करने के रोड मेप बना लिया था। जिसके लिए प्रसाशन का सहयोग जरूरी था और प्रसाशन बात की थी लेकिन प्रसाशन द्वारा कोई जवाब नहीं दिया जा रहा।

**विकास खरब, एनजीओ हयुगन केयर चेरिटेबल ट्रस्ट के संचालक**

अधिकतम 34 डिग्री से.
न्यूनतम 22 डिग्री से.
सूर्योदय 5.57 बजे
सूर्यास्त 6.50 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 95,820.00 |
| सैंसेक्स | 75,157.26 |
| अमेरिका | 86.10 |
| कैनेडियन | 62.16 |
| आस्ट्रेलिन | 54.18 |

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन बेचने के नाम पर 36 लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**बनूड़ (अप्रस)।** बनूड़ थाने की पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 36 लाख रुपए की ठगी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि धरमिंदर सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी बनूड़ ने बनूड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सोहजवीर सिंह (पूर्व सरपंच) गांव खलौर जमीन बेच रहा था। उन्होंने जमीन खरीदने के लिए सोहजवीर सिंह को 36 लाख रुपए दिए, लेकिन उन्होंने न तो उन्हें जमीन बेची और न ही 36 लाख रुपए वापस किए। इस शिकायत के आधार पर सोहजवीर सिंह खलौर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### चोर घर का ताला तोड़कर कीमती ज्वैलरी लेकर फरार, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन के थाना मलोया क्षेत्र एरिया के अंतर्गत शातिर चोरों ने एक बंद पड़े घर को अपना निशाना बनाते हुए घर का ताला तोड़कर कीमती ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित शिकायतकर्ता स्मॉल फ्लैट्स मलोया निवासी जगदीश प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह 9 अप्रैल को शाम करीब 8 बजे अपने छोटे बेटे के साथ सैक्टर 18 स्थित बड़े बेटे के घर गए थे। जब वह अगले दिन सुबह करीब 6 बजे मलोया स्थित अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।और सारा सामान बिखरा हुआ है। घर में रखी अलमीरा से एक गोल्ड रिंग,दो गोल्ड नेकलेस,एक गोल्ड चैन, गोल्ड लॉकेट, सिल्वर वेस्ट बेल्ट, सिल्वर टेंपल,एक पियर पायल,एक सिल्वर चैन और 10 सिल्वर कॉइन गायब थे।

# आम आदमी पार्टी के यूथ विंग स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी पर हमला

झगड़े की सूचना पर मौका देखने गई पुलिस पर उन्हीं का डंडा छीन किया हमला

महिला ने पुलिस वाले को मारा घुसा, मामला सीसीटीवी में कैद

हमला करने वाले बलटाना सैनी विहार फेज-1 के बताए जा रहे

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा







**जीरकपुर, 13 अप्रैल।** बलटाना मेन मार्किट के नजदीक पड़ते राम लीला ग्राउंड में बीती शनिवार की रात कुछ लोगों में झगड़ा हो रहा था तो सुचना के बाद जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक का पुलिस मुलाजिम का डंडा छीन कर पुलिस वाले पर ही हमला कर दिया। इस दौरान बचाव कर रही हमलावर की मां ने भी पुलिस के मुंह पर घुसा जड़ दिया। यह सब सीसीटीवी में कैद हो गया। यहीं नही हमलवार युवकों ने इससे पहले आम आदमी पार्टी के स्टेट जनरल सेक्रेटरी कर्मजीत चौहान से मारपीट करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। जबकि कर्मजीत चौहाने से झगड़ा करने वालों को रोककर पुलिस को बुलाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की थी। लेकिन मामला उलटा हो गया हद तो तब हो गई जब एक युवक ने जब बलटाना पुलिस के मुलाजिमों का डंडा छीन लिया और महिला ने पुलिस मुलाजिम के थप्पड़ जड़ दिया। यह आरोप आप के समर्थक कर्मजीत सिंह चौहान ने लगाए हैं। इस सबंध में जानकारी देते हुए कर्मजीत चौहान ने आरोप लगाए कि उनके हाथ में फ्रैक्चर आया है और नाक पर भी चोटें लगी हैं। उन्होंने मौके की वीडियो सबूत के तौर पर पुलिस को दी है जिसमें हाथापाई,गालियां दी जा रही है और चाकू से उसे मारने की धमकी का आरोप भी लगाया गया है।

कर्मजीत चौहान ने बताया कि शनिवार रात साढ़े 10 बजे वह अपने आफिस की तरफ आ रहा था, तभी उन्होंने देखा कि रामलीला ग्राउंड के पास दो युवक एक युवक को बूरी तरह से पीट रहे थे। उसे नीचे बिठाकर पीट रहे थे। जब उन्होंने ऐसा करने का कारण पूछा और उस युवक की मदद करने गए तो हमलवार युवकों ने कहा कि युवक ने उसका मोबाइल व पैसे छीने हैं जो उसका साथी लेकर भाग गया है। कर्मजीत ने उन्हें कहा कि वह युवक को ना पीटे वह पुलिस को मौके पर बुला रहे हैं। कर्मजीत ने मोबाईल पर पुलिस को मामले की सूचना दी। इसी दौरान युवक को पीट रहे दोनों लोग एक्टिवा लेकर फरार होने लगे जिस पर कर्मजीत ने कहा कि अब पुलिस आ रही है और वह उनके पैसे व मोबाइल दिला देगी। आप पुलिस का इंतजार करो जिस पर वह दोनों लोग कर्मजीत से गाली गलौज करने लगे और उन्होंने अपने घरवालों को फोन करके मौके पर बुला लिया। जिसके बाद एक युवक की मां और दो भाई मौके पर पहुंचे और कर्मजीत सिंह से हाथापाई करने लगे। उसे गंदी गालियां निकाली और चाकू से मारने की धमकी भी दी। कर्मजीत के बताए अनुसार उसके हाथ में फ्रैक्चर आ गया और नाक पर चोट लगी। थोड़ी देर बाद वहां बलटाना पुलिस मुलाजिम रमन और मंजीत पहुंचे। मौके पर काफी भीड़ थी। मंजीत ने जैसे ही गाड़ी से अपना डंडा निकाला तो हमलवार युवक ने डंडा छीन लिया और पुलिस वाले के ही डंडा मार दिया, इसी दौरान हमलवार की मां ने भी पुलिस मुलाजिम के थप्पड़ मार दिया। बाद में पुलिस उन्हें पकडक़र चौकी ले गई। कर्मजीत ने यह आरोप लगाया कि मोबाइल चोरी जैसी कोई वारदात नहीं हुई थी उन्हें शक है कि वह नशे को लेकर एक दूसरे से झगड़ा कर रहे थे। फिलहाल उन्होंने पुलिस को अपने बयान दर्ज करवा दिए हैं। सुचना के अनुसार हमलावर बलटाना सैनी विहार फेज-1 के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इस संबंधी जब चौकी इंचार्ज सतनाम सिंह से संपर्क किया तो उनका कहना है कि वीडियो उनके पास भी आई है। नशे जैसी कोई बात नहीं है। मोबाइल को लेकर युवकों में झगड़ा हुआ था। कर्मजीत मदद करने गया तो युवकों को लगा कि वह उसका साथी है जिसे वह पीट रहे थे। मुलाजिम को थप्पड़ मारने जैसी कोई बात नहीं हुई। दोनों पार्टियों को सुबह चौकी बुलाया गया था जिन्होंने आपस में समझौता कर लिया है।

## गुरुद्वारा में मनाया गया खालसा साजना व गुरुद्वारा स्थापना दिवस



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 अर्बन एस्टेट पंचकुला में खालसे का साजना दिवस और विसाखी का पर्व बहुत ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। सुबह 10 बजे अखंड पाठ साहिब जी भोग डाले गए उपरांत 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कीर्तन वा गुरु साहिब के आदेशों पर कथा वाचकों द्वारा प्रवचन का परवाह चलता रहा और नामी कीर्तनी जत्थों ने गुरु जी की बानी का गुणगान किया। सुबह सुखमनी साहिब सोसाइटी द्वारा कीर्तन गायन किया गया। दोपहर 1.00 बजे से गुरु का लंगर अटूट बरता।

प्रधान कंवरपाल सिंह ने बताया कि संगतों ने खालसा साजना दिवस पर गुरुद्वारा साहिब में गुरु दर्शनों के लिए काफी संख्या में हाजरी भरी।उन्होंने बताया कि खालसा साजना दिवस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकुला में हर साल की तरह धूमधाम से मनाया गया। भारी संख्या में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में संगतें नतमस्तक हुई। उन्होंने बताया कि खालसा साजना दिवस पर ही गुरुद्वारा सेक्टर 7 की स्थापना हुई थी इसलिए इस दिन को हम गुरुद्वारा स्थापना दिवस के रूप में भी मनाते हैं।

### बैसाखी के पर्व पर सिरसा और टंडन ने गुरुद्वारा में टेका माथा, कहा-

## बैसाखी का त्यौहार फसल की कटाई का एक त्यौहार : संजय टंडन

बैसाखी पर सिरसा और टंडन ने सभी देशवासियों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 13 अप्रैल।** बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर रविवार को पी जी आई चंडीगढ़ स्थित गुरुद्वारा परतख दर्शन पातशाही 6वीं साहिब में स्वयंसेवी संस्था 'नौफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी.) द्वारा श्री अखंड साहिब पाठ का भोग का आयोजन किया और उसके उपरान्त कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया।

संस्था के अध्यक्ष स सुखदेव सिंह और गुरमीत सिंह ने दोनों मेहमानों का सिरोपा डाल कर और कृपाण भेंट कर भव्य स्वागत किया। इसी दौरान वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाईजेशन के रविंद्र पठानिया, राजपाल डोगर, संजीव ग्रोवर,अमित राणा, सुरेश राणा, राकेश शर्मा और नितेश रतन ने दिल्ली प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री मंजीत सिंह सिरसा और संजय टंडन को पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय स्वास्थय मंत्री जे पी नड्डा के ओ एस डी डॉ वरिंदर गर्ग ने भी मुख्या मेहमानो का स्वागत किया। इसके उपरान्त भाई नरिंदर सिंह जी हजूरी रागी, भाई सतनाम सिंह बैंका हजूरी रागी श्री दरबार साहिब ने कीर्तन के माध्यम से उपस्थित समूह संगत को गुरु की बानी के साथ जोड़ा।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि मनजिंदर सिंह सिरसा ने बैसाखी के पर्व की सभी लोगों को बधाई प्रदान करते हुए कहा कि सिक्खों के दसवें गुरु साहिबान ने धर्म की रक्षा की खातिर पवित्र स्थल श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। दूसरा आज ही के दिन हमारे देश के किसान फसलों की कटाई भी शुरू करते हैं। उन्होंने संस्था द्वारा आज ही के दिन किये जा रहे आयोजन के प्रति भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से पी जी आई में गुरुद्वारा कमेटी की तरफ से प्रतिदिन 8000 से भी अधिक लोगों के लिए लंगर तैयार होता है और रहने की भी व्यापक प्रबंध है ये सिक्ख धर्म की आस्था का प्रतीक है जरूरतमंद की सदैव मदद करना और ये कोई आसान काम नहीं है। वाकई ये परोपकार का काम है और इसके लिए प्रबंध कमेटी के सभी सदस्यों को मैं प्रणाम करता हूं।

उपस्थित समूह संगत को सम्बोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने भी सभी लोगों को बैसाखी की बधाई प्रदान की और कहा कि बैसाखी का त्यौहार फसलों की कटाई की शुरुआत का पर्व है। यह त्योहार समृद्धि और प्रचुरता का प्रतीक है, क्योंकि किसान भरपूर फसल के लिए ईश्वर को धन्यवाद देते हैं और भविष्य की समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। ह एकता की ताकत और साझा उत्सवों की खुशी की याद दिलाता है।

बैसाखी पूरे भारत में अलग-अलग नाम और परंपराओं के साथ मनाई जाती है। बैसाखी के कई मनमोहक आयोजनों में भांगड़ा और गिद्दा आकर्षण का केंद्र होते हैं। आज ही के दिन लोग जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

# चंडीगढ़ जीरकपुर बॉर्डर के पास फायरिंग मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने कार क्षतिग्रस्त, और फायरिंग कर जख्मी करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ किया हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस ने कार क्षतिग्रस्त और फायरिंग कर जख्मी करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने दो मामलो में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान मोहाली निवासी राजकुमार और हैप्पी के रूप में हुई है। जबकि दूसरे मामले में पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरियाणा के जिला फतेहाबाद के रहने वाले 35 वर्षीय दिनेश ने पुलिस को बताया कि वह उक्त पत्ते पर अपने परिवार सहित रहता है। 11 अप्रैल को शिकायतकर्ता और उसके दो दोस्तो के साथ जीरकपुर गया हुआ था। शिकायतकर्ता का एक अन्य दोस्त अपने जानकार को मिलने के लिए चला गया। शिकायतकर्ता और उसका एक अन्य दोस्त हरियाणा नंबर की सेंट्रो कार में बैठे हुए थे। वक्त करीब रात 10 बजे का होगा। इसी दौरान उनके पास एक डिलीवरी बॉय आया। जो वहां पर रास्ता काफी तंग था। रास्ते को छोड़ने को लेकर डिलीवरी बॉय ने उसके साथ बहसबाजी करनी शुरू कर दीं। इतने में डिलीवरी बॉय ने अपने और अन्य साथियों को बुला लिया। जो 4 मोटर साइकिल पर सवार थे। इतने में एक जिप्सी भी आई। उनमें से किसी ने हथियार निकाल कर डराया। डर के चलते शिकायतकर्ता ने अपनी कार वहां से भगा ली। और यह सभी उनके पीछे लग गए। जैसे हीं शिकायतकर्ता ने जीरकपुर का पुल पार कर चंडीगढ़ में एंट्री की तो वहां पर जिप्सी वा मोटर साइकिल पर सवार युवक आए। उन्होंने शिकायतकर्ता की गाड़ी के आगे जिप्सी व मोटर साइकिल लगा दिए। पहले उन्होंने कार का पिछली साइड वाला शीशा तोड़ा। वह दोनों कार से बाहर निकल आए। उन युवकों ने शिकायतकर्ता और उसके दोस्त के साथ हाथापाई की। और मारपीट शुरू कर दी। उनमें से एक युवक ने अपने साथी का नाम लेकर बोला कि वेपन निकाल और इसको गोली मार कर इसका काम तमाम कर दें।

आरोप है कि राजकुमार ने वेपन निकाला और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली उसकी साइड पर लगी। और वह वही गिर गया। उन युवकों ने पीड़ित शिकायतकर्ता और उसके दोस्त को लात घुसो से मारना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी हुए युवकों को इलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 190, 191(2),191 (3), 126(2), 109, 351(2), 351(3) बीएनएस और 25-27-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दूसरा हत्या के प्रयास का मामला

वहीं दूसरे मामले में पंजाब के मोहाली निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि वह उक्त पते पर अपने परिवार सहित रहता है। 11 अप्रैल को समय करीब 10 बजे का होगा। उसने देखा कि एक तेज रफ्तार से कार आई। जिसके पीछे 4/5 लोग पत्थर लेकर भाग रहे थे। शिकायतकर्ता ने अपनी जिप्सी गाड़ी से उस कार को रोकने के लिए कार का पीछा किया। पीछा करते करते जब उस कार चालक ने चंडीगढ़ में एंट्री की तो शिकायतकर्ता ने जिप्सी उस कार के साथ लगा दी। जिप्सी से उतर कर उस कार चालक के पास गया, और कार में बैठे दो युवकों को पूछा कि वह इतनी तेज रफ्तार से कार को उनकी सोसाइटी से क्यों भगाकर लाए। इतना सुनते ही कार में सवार दो युवकों ने शिकायतकर्ता को मारना शुरू कर दिया। इतने में उनका तीसरा साथी भी मौके पर आ गया। वह भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। रिवाल्वर निकाली और तान दी। फायरिंग करने की कोशिश की। लेकिन जब नहीं चली तो उस युवक ने लात घुसों से पीड़ित की पिटाई की। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 109, 3(5) बीएनएस और 25-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाबार्ड ने चंडीगढ़ में साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य पांच राज्यों- जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और नई दिल्ली में राज्य सहकारी बैंकों, ग्रामीण बैंकों और जिला सहकारी बैंकों के सुरक्षा ढांचे को बढ़ाना था।

नाबार्ड के पंजाब क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बैंकिंग क्षेत्र के सामने बढ़ते साइबर खतरों से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसने प्रतिभागियों को विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और साइबर सुरक्षा के उभरते परिदृश्य में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिन्होंने साइबर सुरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने ज्ञान को साझा किया। प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा में नवीनतम रुझानों और चुनौतियों को कवर करने वाली गहन प्रस्तुतियों में भाग लिया, जिससे उन्हें संभावित जोखिमों और आवश्यक सावधानियों को समझने में मदद मिली। उपस्थित लोगों ने चर्चाओं में भाग लिया, जिससे सहकर्मियों के बीच अनुभवों और रणनीतियों को साझा करने में सुविधा हुई, जिससे सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर केंद्रित एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा मिला। विशेषज्ञों ने साइबर लचीलापन बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया, जिससे बैंकों को संभावित खतरों को कम करने के लिए आवश्यक उपकरण मिल सके।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को साइबर खतरों को पहचानने और उनका जवाब देने के महत्व के बारे में शिक्षित करना, क्षेत्रीय सहकारी बैंकों और ग्रामीण बैंकों को साइबर हमलों से बेहतर सुरक्षा के लिए अपने सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने में मदद करना और साइबर सुरक्षा चुनौतियों के प्रति सामूहिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए बैंकों के बीच ज्ञान साझा करने को प्रोत्साहित करना था।

सम्पादकीय

# पंजाब में भूजल स्तर को बचाने के लिए मुख्यमंत्री का आह्वान

पंजाब में भूजल का खत्म होते जाना बहुत गंभीर समस्या है और यह अलार्मिंग स्तर पर पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए धान की फसल रोपने के लिए जिस विशेष योजना का खुलासा किया है, वह सराहनीय है और आज वक्त की सबसे बड़ी मांग है। इस योजना के तहत राज्य को तीन जोन में बांटा गया है। पहले चरण में जिन जिलों में भूजल स्तर ऊपर है, वहां पहली जून से धान की बोआई शुरू होगी, इसके बाद पांच जून और नौ जून से अन्य जिलों में बोआई को शुरू कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने खुद माना है कि राज्य में भूजल स्तर के लगातार नीचे जाने की वजह धान की खेती है। आंकड़े गवाह हैं कि पंजाब में 25 साल पहले जहां 20 लाख हेक्टेयर में धान की फसल उगाई जा रही थी, वहीं अब 32 लाख हेक्टेयर से भी ज्यादा जमीन पर धान उगाया जा रहा है। धान की फसल का यह मोह पंजाब के किसान की आर्थिकी को बेहतर करता है, लेकिन इसका नुकसान राज्य को भविष्य की दृष्टि से भयंकर होने वाला है। राज्य में पहली बार नहीं है कि गिरते भूजल स्तर को लेकर मुख्यमंत्री के स्तर पर चिंता जताई गई हो। राज्य में जब-तब यह मुद्दा उठता रहता है।

**लंबे समय से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं, जिनसे यह साबित हो रहा है कि राज्य में जल संकट बढ़ा है, इसके अलावा जमीन का पानी बहुत नीचे जा चुका है, वहीं खेती का एरिया भी सिकुड़ चुका है। इसके अलावा उद्योगों से निकलने वाला जहरीला पानी या तो नदियों में बहाया जा रहा है, या फिर उसे जमीन के अंदर पाइपों के जरिए पहुंचाया जा रहा है। राज्य में जमीन का पानी इतना नीचे जा चुका है कि अब खेती के लिए इसका मतलब नहीं रह गया है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो राज्य में न केवल जल संकट और गहरा जाएगा अपितु राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार भी खत्म हो जाएगा। यह आंकड़े बीते पांच-छह वर्षों के हैं।**

लंबे समय से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं, जिनसे यह साबित हो रहा है कि राज्य में जल संकट बढ़ा है, इसके अलावा जमीन का पानी बहुत नीचे जा चुका है, वहीं खेती का एरिया भी सिकुड़ चुका है। इसके अलावा उद्योगों से निकलने वाला जहरीला पानी या तो नदियों में बहाया जा रहा है, या फिर उसे जमीन के अंदर पाइपों के जरिए पहुंचाया जा रहा है। राज्य में जमीन का पानी इतना नीचे जा चुका है कि अब खेती के लिए इसका मतलब नहीं रह गया है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो राज्य में न केवल जल संकट और गहरा जाएगा अपितु राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार भी खत्म हो जाएगा। यह आंकड़े बीते पांच-छह वर्षों के हैं। पंजाब सॉयल कंजर्वेटर और सेंट्रल अंडर ग्राउंड वाटर लेवल बोर्ड के एक सेटेलाइट सर्वे में सामने आया था कि राज्य में जिस तेजी से जलस्तर गिर रहा है, उससे 18 साल बाद प्रदेश की जमीन के नीचे केवल 5 फीसदी इलाके में ही पानी बचेगा। इसका मतलब यह होगा कि जो ट्यूबवेल धुक-धुक करते हुए मुफ्त की बिजली पर रात-दिन धरती के सीने से पानी सोख कर बाहर फेंकते रहते हैं, वे एक भी बूंद पानी बाहर निकालने के काबिल नहीं रहेंगे। इससे खेती का वह एरिया जोकि जमीन के पानी पर निर्भर है, बर्बाद हो जाएगा। घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो जाएगी। सर्वे में बताया गया था कि 1985 में पंजाब जमीन के पानी के लिहाज से काफी अच्छी स्थिति में था। तब प्रदेश के 85 फीसदी इलाके में भूजल स्तर सही था, लेकिन 2018 आते-आते इसमें बेहद तेजी के साथ गिरावट आई है। अब हालात ऐसे हैं कि करीब 45 फीसदी इलाके में भूजल कम हो गया, वहीं 6 फीसदी इलाके में तो भूजल खत्म ही हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा ही रहा तो साल 2037 तक आते-आते पंजाब के 5 फीसदी इलाके में भी भूजल नहीं बचेगा।

मुख्यमंत्री भगवंत मान का यह कथन चेतावनी है कि एक किलो धान पैदा करने के लिए लगभग चार हजार लीटर पानी इस्तेमाल करना पड़ता है। उनका यह उलहाना भी सही है कि धान की फसल के 70 दिनों के सीजन के दौरान एक गोबिंद सागर झील जितना पानी निकाल दिया जाता है। भूजल स्तर के संबंध में इस प्रकार के आंकड़े और कथन डराते हैं, लेकिन यह डर तब और ज्यादा भयावह हो जाने की आशंका बलवती हो जाती है, जब विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर ऐसा ही हाल रहा तो पंजाब भविष्य में पानी से शून्य हो जाएगा। जिसका नाम पंज दरियाओं के आधार पर रखा गया हो, जहां कभी कल-कल दरियाओं की गूंज सुनाई देती रही हो। उस प्रदेश में पानी की यह स्थिति बेहद निराशाजनक है। पंजाब और हरियाणा के बीच एसवाईएल नहर और सतलुज से पानी को लेकर विवाद जारी है। सुप्रीम कोर्ट पंजाब को हरियाणा को पानी देने के आदेश दे चुका है, लेकिन पंजाब का तर्क है कि वह ऐसा कर पाने में असमर्थ है। क्योंकि इससे वह सूखा पड़ जाएगा। वास्तव में मसलों का समाधान तो करना ही होगा, लेकिन जमीनी पानी के इस तरह सूखते जाने को रोके जाने की बहुत जरूरत है। मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों से भावी पीढ़ियों को बचाने के लिए पानी बचाने का आह्वान कर रहे हैं। हालांकि किसानों की दुविधा यह है कि वे अगर धान की फसल न रोपें तो आखिर किस प्रकार अपना गुजारा चलाएंगे। हरियाणा में भी भूजल की यही स्थिति है, लेकिन यहां राज्य सरकार धान की बजाय दूसरी फसल उगाने पर उसकी खरीद की गारंटी देती है, बावजूद इसके यहां भी धान की फसल पूरे अधिकार से उगाई जाती है। बेशक, भूजल स्तर आज पूरे देश की समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में सभी को संयुक्त रूप से इसकी रोकथाम के प्रयास करने होंगे।

# इकोनॉमिक्स में डॉ. आंबेडकर की रिसर्च स्टडी भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव

दैनिक अर्थ प्रकाश





विश्व में महापुरुषों के जन्मदिन उनके दर्शन, सोच और विचारों को आगे बढ़ाने के लिए ही मनाए जाते हैं, ताकि वर्तमान पीढ़ी उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा ले सके। इसी क्रम में आज न केवल भारत में बल्कि विश्व में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर को बहुत ही श्रद्धा और गर्व के साथ याद किया जा रहा है। दूनिया में डॉ. बी आर आंबेडकर को भारतीय संविधान के रचयिता के रूप में जाना जाता है। संविधान की श्रेष्ठता के कारण ही भारत दुनिया का सबसे मजबूत और महान लोकतांत्रिक देश है। इतने बड़े संघर्ष के दौर में विरले ही इंसान होते हैं जो सफलता का यह मुकाम हासिल कर पाते हैं।

14 अप्रैल 1891 में आज ही के दिन मध्य प्रदेश के महू में माता भीमाबाई की कोख से पिता रामजी मालोजी सकपाल के घर जन्मे बच्चे का तब किसी को भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि यह बालक एक दिन भारतरत्न ही नहीं बल्कि विश्व रत्न के रूप में चमकेगा। उनके संघर्ष का दौर बचपन से शुरू हो गया था। जब उन्हें स्कूल शिक्षा शुरू की तो उन्हें कदम कदम पर सामाजिक तिरस्कार झेलना पड़ा। यह दुनिया जानती है कि उनके साथ कक्षा में एक अछूत का व्यवहार किया जाता था। इस सब के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बड़ोदा रियासत के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ ने उनकी प्रतिभा को देखते हुए विदेश में पढ़ाई के लिए भेजा। डॉ. आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय न्यूयॉर्क, लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स और लंदन यूनिवर्सिटी से भी डॉक्टरेट किया। डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने चार विषयों में डॉक्टरेट सहित कुल 26 डिग्रियां हासिल की। वे उस समय के सबसे शिक्षित व्यक्ति थे। आज भी अमेरिका की कोलंबिया विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में और लंदन विश्वविद्यालय में उनकी प्रतिमाएं हैं, जो हर भारतीय को गोरवांवित करती है। उसे समय अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक और सामाजिक सुधारों के मामलों में डॉक्टर बी आर अंबेडकर को अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिल चुकी थी।

1923 में लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से अर्थशास्त्र में उनका पीएचडी की थीसिस का विषय – "The Problem of the Rupee : Its Origin and its Solution" था। इसमें उनकी अर्थशास्त्र के प्रति गहरी समझ दिखाई देती है। इस पुस्तक ने स्वतंत्र भारत की वित्तीय नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत के आर्थिक इतिहास को एक नई दृष्टि से देखा। यही कारण है कि यह पुस्तक आज भी आर्थिक नीतियों के सुधार में एक मार्गदर्शक का काम करती है।

गौरतलब है कि जब यह पुस्तक लिखी गई थी तब देश ब्रिटिश शासन के अधीन था और भारतीय मुद्रा प्रणाली पर ब्रिटिश शासन में गहन बहस चल रही थी। शासन ने इसे 'सिल्वर स्टैंडर्ड' से 'गोल्डन स्टैंडर्ड' में बदला था। यह बदलाव ब्रिटिश शासन के तो हित में था पर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक था। आंबेडकर ने अपनी इस पुस्तक में इसकी विस्तृत व्याख्या की और भारत के आर्थिक मुद्दों के समाधान प्रस्तुत किए।

मुद्रा प्रबंधन के सुधार के लिए उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) का सुझाव दिया, जो 1935 में स्थापित किया गया। आर बीआई की स्थापना करना भारतीय मुद्रा प्रबंधन में एक मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने कृषि में सुधार तथा किसानों की समस्याओं पर भी फोकस किया। कृषि को वैज्ञानिक ढंग से करने पर जोर दिया। वे आर्थिक विकास के लिए उद्योग और कृषि दोनों के संतुलित विकास को जरूरी मानते थे।

उन्होंने मजदूरों तथा औद्योगिक श्रमिकों की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर बल दिया, जैसे आठ घंटे का कार्यदिवस, न्यूनतम वेतन और श्रम कल्याण निधि की शुरुआत करना आदि। भारतीय श्रम संगठनों को संगठित करने और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून प्रस्तावित किए। ऐसे में डॉक्टर बी आर अंबेडकर को किसान, मजदूर, औद्योगिक श्रमिकों का सबसे बड़ा पैरोकार कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब भारत के संविधान बनाने की बात आई तो महात्मा गांधी सहित अन्य बड़े नेताओं ने डॉ बी आर अंबेडकर को संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। संविधान सभा का मसौदा तैयार करने के लिए 7 सदस्यों को भी ड्राफ्टिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया। कमेटी के सदस्य कन्हैयालाल मुंशी, मोहम्मद सादुल्लाह, अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर, गोपाल स्वामी अय्यंगार, एन. माधव राव और टीटी कृष्णामचारी थे। ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य टी.टी कृष्णामचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी, विदेश चले जाने व अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्य मसौदा तैयार करने में योगदान नहीं दे पाए। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ आंबेडकर पर आ पड़ा। उन्होंने देश के प्रति इसे अहं जिम्मेवारी मानते हुए 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में संविधान तैयार किया। जिस प्रामाणिकता के साथ डॉक्टर आंबेडकर ने संविधान में अधिकारों, कर्तव्यों, नीति निर्देशक सिद्धांतों, व आरक्षण सहित 395 प्रावधानों का वर्णन किया गया, यही डॉ बी आर अंबेडकर को संविधान रचयिता बनाता है। भारतीय परंपराओं, मान्यताओं, धर्म,संस्कृतियों का सम्मान करते हुए इनको संविधान में उदृत किया है।

आजादी के बाद एक बार ऐसा मौका आया था जब दो सितंबर 1953 को राज्यसभा में जोरदार बहस हो रही थी। राज्यपाल की शक्तियां बढ़ाने और अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा पर बाबा साहेब अड़ गए और आवेश में आकर उन्होंने ये बयान दिया था कि दलित और अल्पसंख्यकों के हितों पर कुठाराघात होगा तो इस संविधान को लागू करने का कोई औचित्य नहीं है।

डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने हिंदू कोड बिल, श्रम सुधार कानून, स्त्री - पुरुष वयस्कों को मत का अधिकार दिलवाया। डॉ. बी आर आंबेडकर एक संघर्षशील, कठिन परिश्रमी, समाज सुधारक, राष्ट्रवादी, मानवतावादी और समतावादी व्यक्तित्व के जीते जागते उदाहरण थे। उन्होंने सदैव शिक्षा पर बल दिया। वे कहते थे कि 'शिक्षा उस शेरनी का दूध है जो पिएगा वो दहाड़ेगा'। उनका मतलब था कि जिस देश व समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार होगा वह राष्ट्र, और समाज उतनी ही तरक्की करेगा। शिक्षा के प्रति उनकी संजीदगी दर्शाती है कि अंतिम दिनों में उनके घर में 15000 किताबें थी। उन्होंने अपनी आत्मकथा 'वेटिंग फॉर विजा' में अपने जीवन में हुई सामाजिक विषमताओं को खुलकर लिखा है। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि मैं हिंदू धर्म में पैदा जरूर हुआ हूं लेकिन मरूंगा नहीं। इसी के चलते उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को अपनी मृत्यु से दो माह पूर्व बौद्ध धर्म अपनाया। उन्होंने अपनी बायोग्राफी में लिखा कि 'व्यक्ति के पांव में जूते हों या न हों लेकिन हाथ में किताब जरूर होनी चाहिए'। उनके इस कथन से आज के युवा वर्ग को सीख लेने की जरूरत है कि वह अपना ज्यादा से ज्यादा समय शिक्षा में लगाएं ताकि उनका जीवन स्तर सुधरे व देश और समाज आगे बढ़े। पूरे विश्व में उनकी महान समाज सुधारक और अनथक योद्धा के रूप में अद्भुत पहचान है। डॉ आंबेडकर जयंती अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। देश के लोगों की अपेक्षा है कि वे किसान, कमेरा, गरीब व मजदूर वर्ग के लिए आर्थिक कल्याण संबंधित सौगात की घोषणा कर सकते हैं। आज पूरा देश डॉ. बी आर आंबेडकर को कोटि-कोटि नमन कर रहा है, जिन्होंने अपने बच्चों तक का महान बलिदान देकर देश के करोड़ों - करोड़ों लोगों को माथा ऊंचा कर जीने का पाठ पढ़ाया।

**लेखक - सतीश मेहरा**

हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

## दक्षिण हरियाणा की चौधर मोदी के दर पर



लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत व हरियाणा केबिनेट में मंत्री उनकी पुत्री आरती राव देश के पी एम नरेंद्र मोदी से हाल ही में मिले। अहीरवाल बेल्ट के बड़े कद्दावर नेता राव इंद्रजीत मोदी से अनेकों बार मिल चुके है। राव अपनी राजनैतिक उत्तराधिकारी आरती राव को मोदी से मिलवाने व मंत्री बनाए जाने पर आभार प्रकट करने की मंशा से गए।मोदी ने भी बेटी को सिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दिया। इस मुलाकात के माध्यम से जहां आरती का परिचय भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से करवाया ।वहीं बेटी को राजनैतिक दाव पेच में ट्रेनिंग देते भी नजर आए।

### विस के लिए नए भवन की आस, घरौंडा भी चमकेगा

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण 2029 के चुनाव से पहले पहले जहां हरियाणा को नई विधानसभा का तोहफा देने की तैयारी में है। इसके साथ ही वे अपने विधानसभा क्षेत्र पर भी फोकस कर रहे हैं। घरौंडा कसबे को वे आने वाली पीढ़ियों के लिए तोहफा देने और लंबे समय के लिए योजनाओं पर काम कर रहे हैं। जिसमें कस्बे में चार चांद लगाने के लिए रैपिड मेट्रो और आधुनिक साधनों से जोड़ने की तैयारी है। साथ ही वैस्टर्न पैरिफेरी नेशनल हाइवे से चौतरफा जोड़े जाने पर होमवर्क हो चुका है। कल्पना चावला घरौंडा विस क्षेत्र में आथा है, जिसको ज्यादा आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने की तैयारीकी दिशा में कई कदम उठाए जाएंगे।हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण का कहना है कि भाजपा ने जहां जमीन पर रहकर विधानसभा का चुनाव लड़ा और हैट्रिक लगाई. लेकिन इसके विपरीत लोकसभा में पांच सीटे लेकर कांग्रेस के नेता अति उत्साह में जमीन पर नहीं थे। यही कारण रहा उनकी हार का।

### यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता का नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित होगा

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता का एक नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही हिसार और पानीपत में भी थर्मल पावर प्लांट लगाए जाएंगे। प्रदेश में आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड कर दिया गया है, और फिर भी यदि कोई ट्रांसफार्मर खराब होता है तो उसे तुरंत बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की जाए। बिजली दरों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले आठ वर्षों से बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली दरें हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा तय की जाती हैं, और फिलहाल उनके पास दरें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। अवैध वाहनों की समस्या के प्रश्न पर परिवहन मंत्री ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसे रोकने के लिए वह स्वयं कई बार सड़कों पर निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध वाहनों के संचालन पर सख्ती से रोक लगाई जाए और कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाए।

### सरकारी हस्पताल में हरियाणा की पहली एल्बो ट्रांसप्लांट

हरियाणा में पहली सफल टोटल एल्बो रिप्लेसमेंट की डॉ. गुरविंदर सिंह बल ने को है। सिविल अस्पताल पंचकूला में डॉ. गुरविंदर सिंह बल (जिला मेडिकल अधिकारी एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन) द्वारा बाएं हाथ के टोटल एल्बो रिप्लेसमेंट की सफल सर्जरी की गई।मरीज कुसुम पिछले काफी समय से बाएं हाथ की कोहनी के मेडियल कोंडाइल में मलयूनाइटेड फ्रैक्चर के कारण कोहनी की गति में प्रतिबंध से परेशान थीं। उन्होंने सिविल अस्पताल पंचकूला के ऑर्थोपेडिक्स ओपीडी में डॉ. बल से परामर्श लिया, जहां उनकी स्थिति का आकलन करने के बाद टोटल एल्बो रिप्लेसमेंट की सिफारिश की गई। सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हुई और अब मरीज तेजी से स्वस्थ हो रही हैं व अपने उपचार से संतुष्ट हैं।डॉ. गुरविंदर सिंह बल अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी सर्जरी (कंधे/घुटने), संयुक्त प्रत्यारोपण (घुटना/कूल्हा/कंधा/कोहनी) और ट्रॉमा सर्जरी कर रहे हैं।डॉ. गुरविंदर सिंह बल, जो संयुक्त प्रत्यारोपण और आर्थ्रोस्कोपिक स्पोर्ट्स इंजरी सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, ने अस्पताल द्वारा हरियाणा के लोगों को उन्नत ऑर्थोपेडिक उपचार प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए आंबेडकर की सर्वधर्म भावना को अपनाए : चव्हाण

चंडीगढ़। केंद्रीय गृहमंत्री एसवी चव्हाण ने आज यहां डा. आंबेडकर की श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें बाबा जी के बताए गये रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा आंबेडकर के सच्ची श्रद्धांजलि यही है हम सर्वधर्म की भावना पैदा करें। उन्होंने कहा कि यदि हमने सर्वधर्म की भावना को ठीक ढंग से नहीं समझा और अपनाया तो देश का लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा। पंजाब में हालात सुधारने के बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री बेअंत सिंह व पुलिस प्रमुख के पीएस गिल द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। चंडीगढ़ के मसले पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह चर्चा का विषय नहीं है। मुश्किल पैदा ही सकती है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1865: अब्राहम लिंकन की हत्या- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को गोली मार दी गई।
1871: कनाडा ने डॉलर, सेंट और मिल्स के रूप में मुद्रा का संप्रदाय निर्धारित किया।
1872: सैन फ्रांसिस्को बार एसोसिएशन का आयोजन किया गया।
1891: भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म हुआ।
1900: पेरिस विश्व प्रदर्शनी खुली।
1916: इम्पीरियल जर्मन सेना ने उत्तरी तट पर हमले से बचाने के लिए तटीय रक्षा के उच्चायुक्त की स्थापना की।
1944: मुंबई के बंदरगाह में हथियारों से भरे जहाज में विस्फोट हुआ, 1200 से अधिक लोगों की मौत।
1954: ऐथूरिन बेवन ने ब्रिटिश लेबर पार्टी के 'छाया कैबिनेट' से इस्तीफा दिया।
1962: भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय अभियंत्रक एम. विश्वेश्वरैया का निधन।
1980: आयरन मेडेन का पहला आत्म-शीर्षक एल्बम आयरन मेडेन प्रकाशित किया गया।
1981: पहला अंतरिक्ष यान कोलंबिया-1 वापस धरती पर लौटा।
1999: मलेशिया के अपदस्थ उप प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को भ्रष्टाचार के मामले में छह वर्ष कैद की सजा।

बोल ब्यूटीफुल



**आरके विजः** आतंकी तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण कर भारत लाने में करीब 16 वर्षों का समय लगा। यह कड़वी सच्चाई है आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रयासों की।

# अपनी सांस्कृतिक विरासत पर सदैव गर्व करें : सत्य पाल जैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। चंडीगढ़ के पूर्व सांसद एवं भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जरनल सत्य पाल जैन ने युवाओं से अपील की है कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत पर सदैव गर्व करें तथा उसे कभी न भुलायें क्योंकि हमारी विरासत जैसी विरासत दुनिया में किसी भी देश या सभ्यता के पास नहीं है।

श्री जैन कल चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजस लांडरा में दो दिवसीय 'पाथ फाइंडर -2' प्रतियोगीता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के नाते उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे, जिसमे विभिन संस्थाओं के सैंकड़ो छात्रों ने भाग लिया।

कॉलेज परिसर में पहुचने पर इस कार्यक्रम के आयोजक श्री दीपक गुप्ता, संस्थान के डायरेक्टर प्रो. हृषीकेशा सहित स्टाफ एवं संस्था के प्रमुख लोगों ने उनका स्वागत किया।

श्री दीपक गुप्ता एवं उनकी टीम को ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजन करने के लिये प्रशंसा करते हुए श्री जैन ने कहा कि गांवों एवं कस्बों में बसने वाले तथा आर्थिक रूप से अधिक सम्पन्न न होने वाले छात्र भी अत्यंत प्रतिभाशाली होते हैं तथा ऐसी प्रतियोगिताओं से ऐसे बच्चों को अपनी प्रतिभा को और अधिक निखारने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। श्री जैन ने चंडीगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष श्री सतनाम सिंह संधू की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विश्वास प्राप्त करके हम सब का माथा गर्व से ऊँचा किया है।

श्री जैन ने कहा कि भारत की संस्कृति सर्व धर्म समभाव एवं दूसरों के प्रति बराबर का स्नेह एवं जियो और जीने दो के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति केवल अपनी नहीं अपितु समूची मानवता एवं समूचे प्राणी मात्र के सुख की कामना करती है।

# हनुमान जयंती पर संजय टंडन ने मंदिरों में जाकर लिया आशीर्वाद

हनुमान जयंती पर संजय टंडन ने सभी देशवासियों को प्रदान की बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों पर पूजा अर्चना व् हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया और भगवान् हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करते हुए पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी रविंद्र पठानिया ने बतया कि संजय टंडन ने सर्वप्रथम श्री सनातन धर्म सेक्टर 11बी और उसके उपरान्त सेक्टर 40 बी स्थित श्री हनुमंत धाम में आयोजित हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड पाठ में भाग लिया और माथा टेका। इस अवसर पर सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 11 बी के अरुणेश अग्रवाल अध्यक्ष, राकेश गुप्ता वित् सचिव, ईश्वर बंसल और हनुमंत धाम सेक्टर 40 बी की अध्यक्षा नीना तिवारी ने संजय टंडन का भव्य स्वागत किया। मंदिर की कमेटियों की तरफ से हनुमान जयंती पर केक को काटा गया और भगवान् के अति प्रिय भोग रोट और चूरमा का भोग भी अर्पित किया गया। इस दौरान इस उत्सव को श्रद्धालुओं ने नाच गान करके मनाया और भंडारे के प्रसाद का वितरण भी किया गया।

इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी भक्तजनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि संजय टंडन ने सर्वप्रथम सभी देशवासियों को बधाई प्रदान की और कहा कि सनातन धर्म में अपने अपने इष्टदेवों की जयंती भक्तजन बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। ये हमारी संस्कृति है कि भांति भांति धार्मिक अनुष्ठानों से उनको स्मरण किया जाता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। इस से हमारे आस पास सकरात्मक ऊर्जा का भी सञ्चालन होता है और बुराई हमारे आस पास तक नहीं फटकती। भगवान् श्री हनुमान के कई नाम हैं। जैसे उनके नाम हैं वैसे ही वे हमारे कर्मो के अनुसार हमारे को फल प्रदान करते हैं और हमारी बुराई से रक्षा करते हैं। उनके ऊपर लिखे गए ग्रंथों को पड़ने के उपरान्त ज्ञात होता है कि वे अपनी अलौकिक शक्तियों से कितने सम्पन्न थे। भगवान हनुमान अपने कौशल और बुद्धि के लिए जाने जाते हैं। वह शक्तिशाली होने के साथ ही शांत और सौम्य भी है।हिंदू धार्मिक ग्रंथों और हनुमान चालीसा में, यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि हनुमान अपने पूजक को शौर्य, साहस और जीवन शक्ति प्रदान करते है। वह अपने भक्तों के जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करते है और खुशी तथा संतोष लाते है। उनके पास ताकत होने के बावजूद, वह एक नदी की तरह शांत थे। उन्हें अपने कौशल पर कभी कोई गर्व नहीं रहा है और इसका उपयोग वो केवल दूसरों के हित के लिए करते है। यह त्योहार हमें स्वयं को भगवान हनुमान के रूप में आध्यात्मिक और मानसिक रूप से विकसित होना सिखाता है। यह हमें भगवान हनुमान पर पूरा भरोसा बनाये रखते हुए कठिन परिस्थितियों में धर्य और शांतचित्त रहना सिखाता है और इससे बाहर निकलने की योजना बनाना भी सिखाता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दो दिवसीय अध्यापक क्षमता संवर्धन कार्यशाला सम्पन्न




**ढांड (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** बी.पी.आर. पब्लिक स्कूल ढांड में सी.बी.एस.ई. द्वारा दूसरी दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर गाइडेंस आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से आर्य स्कूल चंदलाना, पेरिस स्कूल कुरुक्षेत्र शिक्षाभारती पब्लिक स्कूल कलायत, जेपीएस एकेडमी निसिंग गुरु ब्रह्मानंद स्कूल मुंदड़ी, एवं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भाग लिया। विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि एवं सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य जवाहरलाल शास्त्री द्वारा सरस्वती वंदना एवं मंत्रोच्चारण के साथ करवाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र चौधरी एवं मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए विभिन्न स्कूलों के लगभग 15 विद्यालयों के 60 अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ हरीश पारीक ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला क्षेत्र का प्रतिष्ठित बी.पी.आर.पब्लिक स्कूल ढांड हर वर्ष आयोजित करता है। इस वर्ष में यह दूसरी कार्यशाला आयोजित की गई है। करियर मार्गदर्शन का मूल उद्देश्य बच्चों को उनके व्यावसायिक विकल्पों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें बच्चों की कार्य मांग और क्षमता शामिल होती है। इस कार्यशाला में बी.पी.आर.पब्लिक स्कूल ढांड के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया बैसाखी का पर्व



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** दोसड़का मे स्थित बाबा जोरावर सिंह-बाबा फतेह सिंह गुरुद्वारा साहिब में रविवार को खालसा सृजना दिवस और बैसाखी पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत अरदास की गई और हजारों की संख्या में संगतों ने माथा टेक कर मन्नतें मांगीं। इस कार्यक्रम में पूर्व जस्टिस नवाब सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा चलाए जा रहे चैरिटेबल हॉस्पिटल और निशुल्क चिकित्सा शिविर समाज सेवा की अनूठी मिसाल हैं। यहाँ रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल रही हैं, जो गुरु नानक देव जी के 'सेवा परमो धर्म' के सिद्धांत को साकार करता है। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य राजेंद्र सिंह कोकी व गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान जसवीर सिंह खालसा ने बताया कि मिशन अस्पताल के सहयोग से बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह चैरिटेबल अस्पताल दोसड़का में निशुल्क नेत्र जांच शिविर व दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 200 लोगों ने जांच करवाई और निशुल्क दवाईयां भी प्राप्त की। इस दौरान 32 प्राणियों ने अमृत संचार भी किया। मौके पर मेजर परम जीत सिंह , गुरमीत सिंह वधवा, हरवंश सिंह, प्रेम जोगी , गुरमीत सिंह ,गुरदयाल सिंह , जगतार सिंह , कैलाश कौर, बराड़ा नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक , पार्षद प्रवेश मेंहदीरता, राष्ट्र जागरण मंच के अमरेंद्र सिंह ,पूर्ण छाबड़ा, डा. कुलदीप शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### जग ज्योति दरबार में चार दिवसीय मेले का समापन



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** रविवार को जग ज्योति दरबार में पिछले चार दिनों से चल रहे भव्य चैत्र पूर्णिमा का सालाना मेले का समापन हो गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से समाज सेवा एवं जनकल्याण की भावना से देश के महान साधु संतों के सान्निध्य में जग ज्योति दरबार में चैत्र पूर्णिमा का सालाना मेला आयोजित किया जाता है। चार दिन तक चले विशाल मेले के समापन पर भी संत महापुरुषों एवं महंत राजेंद्र पुरी ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की एवं समाज कल्याण को समर्पित चादर की रस्म अदा की। इस मौके पर दरबार में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के समापन अवसर पर संतों के साथ सत्संग करते हुए महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि क्षमा आत्मा की शुद्धि और प्रेम का सर्वोच्च रूप है। क्षमा केवल शब्द नहीं है, यह एक अनुभव है जो आत्मा की गहराई से निकलता है। उन्होंने कहा कि क्षमा का अभ्यास करना कठिन हो सकता है लेकिन यही हमारी आध्यात्मिक परिपक्वता की पहचान है। श्री भगवद गीता में भी कहा गया है कि क्षमा धर्म का आभूषण है। क्षमा किसी एक धर्म या संस्कृति की नहीं, बल्कि मानवता की आत्मा है। इस से पूर्व शनिवार की पूरी रात भजन-कीर्तन, कव्वालियों और नाच गाकर परमात्मा का गुणगान किया गया। इस मौके पर स्वामी सुनील दास, साध्वी स्नेहा दास, स्वामी राजेश्वर नंद, स्वामी आनंद महाराज, स्वामी करुणानंद, जय भगवान शर्मा डीडी, अमरजीत छाबड़ा, रंजीत राठी, विजय राठी, भगत अजय राठी, शगुन शर्मा, विशाल, रामपाल, विपित्र, गुलशन, योगध्यान लाडवा, मनप्रीत मान, राजीव शर्मा, स्पर्श चौधरी, सुरेश, बिट्टू, रोशन शर्मा, नवीन शर्मा, जय भगवान चौसला, हरदीप सिंह, विजय कुमार सहित अनेक सेवक भी मौजूद रहे।

### आरकेएसडी पब्लिक स्कूल ने मनाया 32वां स्थापना दिवस



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में आज 32वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ हवन के साथ किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति भी दी। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि आरकेएसडी स्कूल की स्थापना 1994 में हुई थी। 32 वर्षों की अवधि में विद्यालय ने प्रदेश व देश भर में अपनी अलग-अलग छाप छोड़ी है। विद्यालय के अनेक पूर्व छात्र विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं और विद्यालय की कीर्ति को बढ़ा रहे हैं। शोरेवाला ने कहा कि प्रबंधक समिति सदैव विद्यालय की उन्नति एव विकास के लिए लिए प्रयत्नशील रही है। विद्यालय की आधारभूत सरंचना को भी निरंतर बढ़ाया जा रहा है और प्रबंधक समिति द्वारा यथा संभव प्रयास किये जा रहे हैं। विद्यालय की नव नियुक्त प्रधानाचार्य निवेदिता भट्ट ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व सत्र में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी क्रमश- 3100, 2100 व 1100 रूपए की राशि से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत हुए पूर्व प्रधानाचार्या व अन्य अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्वनी शोरेवाला, प्रधान सरल शांत मंगल, आरवीएस सचिव व आरकेएसडी गवर्निंग बॉडी पंकज बंसल, साकेत मंगल, आरवीएस के वाईस प्रेसिडेंट श्याम बंसल, अनिल शोरेवाला, राकेश सर्राफ, सुनील चौधरी, श्रवण कुमार, विपुल सर्राफ, चन्द्र गुप्त गोयल, देवेंदर बंसल, मनोज कुर्रा, रमेश बंसल, डॉ रश्मि मनचंदा, नवनीत गोयल, जयदेव गुप्ता, सतबीर महला, प्रभास बंसल, वीरभान जैन, सुमेर बंसल, अनिल बंसल, जगदीश कोलिया व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों से की बच्चों को शिक्षित करने की अपील

# सरकारी कॉलेज में अनुसूचित जाति एवं ओबीसी के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी: नायब सैनी

- मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत
- महात्मा ज्योतिबा फुले समाज के दिशा सूचक: नायब सिंह सैनी
- गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प था, है और रहेगा: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम, 13 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 से देश के किसी भी सरकारी कॉलेज में मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति एवं ओ.बी.सी. के सभी विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी, इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर 'ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस अवसर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री छगन भुजबल, सांसद श्री उपेंद्र कुशवाह तथा श्रीमती कल्पना सैनी भी उपस्थित रहे।



### चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में होगा सहायकः सीएम

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में आयोजित अखिल भारतीय शल्य-चिकित्सक संघ के 12वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन न केवल सर्जरी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का मंच है, बल्कि हरियाणा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने में भी मार्गदर्शक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टरों को अक्सर 'धरती का भगवान' कहा जाता है और यह उपाधि उनके अथक प्रयासों और समर्पण को देखते हुए पूरी तरह सही है। चाहे महामारी हो, कोई आपातकाल हो या रोजमर्रा की बीमारियाँ — डॉक्टर हर परिस्थिति में डटे रहते हैं, जीवन बचाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर न केवल शरीर का इलाज करते हैं, बल्कि कई बार अपने शब्दों और व्यवहार से मरीजों को भावनात्मक संबल भी देते हैं। यह उनका अनुभव, सहानुभूति और इंसानियत ही है जो उन्हें खास बनाती है। आज के समय में जब हर क्षेत्र में चुनौतियाँ बढ़ रही हैं, डॉक्टर अपने नैतिक मूल्यों पर अडिग रहते हुए लोगों की सेवा में लगे हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को वैसाखी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। उन्होंने अमृतसर में जलियांवाला बाग में जनरल डायर के आदेश से अंग्रेजी सेना द्वारा गोलियां चलाने पर शहीद होने वाले नागरिकों को भी नमन किया।

उन्होंने राज्य सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों की शत- प्रतिशत फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार द्वारा %हर-घर गृहिणी योजना% में 17 लाख गरीब परिवारों को हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने की अपील की और कहा कि यही महात्मा ज्योतिबा फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस मौके पर विधायक श्री मुकेश शर्मा, श्रीमती बिमला चौधरी, श्रीमती उषा मौर्य, 'ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज' के अध्यक्ष श्री दिलबाग सिंह सैनी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### महात्मा फुले ने समाज सुधारों के लिए समर्पित किया जीवन

मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने उस समय देश और समाज को जगाने का काम किया था, जब भारत गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ थी। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन बाल विवाह को रोकने, विधवा विवाह का समर्थन करने, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, छुआछूत को खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में लगा दिया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, विधवा विवाह, दलित उत्थान और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई, वह भी उस दौर में जब ये बातें सोचना भी कठिन था। उनका कहना था कि ꠸शिक्षा ही व्यक्ति और समाज का उत्थान कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर भारत का पहला लड़कियों का स्कूल पुणे में खोला। उनकी पत्नी भी एक महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया । उन्होंने महात्मा फुले जी की जयंती पर राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन का आयोजन करने के लिए 'अखिल भारतीय सैनी सेवा समाज' की भी सराहना की। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा फुले के आदर्श हमारे लिए दिशा सूचक हैं। उन्हीं के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि सैनी समाज का इतिहास प्राचीन और गौरवशाली है। इसने हमेशा से श्रम, त्याग और सेवा को अपना धर्म माना है। कृषि, बागवानी और जनसेवा में इस समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले सैनी समाज के रत्न हैं।

### गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प था, संकल्प है और संकल्प रहेगा। इसलिए विकास का हमारा आधार गरीब का सशक्तिकरण है। लास्ट माइल डिलीवरी पर फोकस ने इन वर्गों का जीवन बदल दिया है। वंचितों की सेवा का यह संकल्प ही सच्चा सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक की है तथा पिछड़ा वर्ग-बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब के लिए बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना बहुत मुश्किल है। इसलिए पिछड़े वर्गों के 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों की देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तक तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दिया जाता है।

## बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया सौ से अधिक लोगों ने अमृत चखा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 अप्रैल।** खालसा पंथ के सृजन दिवस वैशाखी पर्व रविवार को धूम धाम से मनाया गया मुख्य कार्यक्रम डेरा कार सेवा मे प्रमुख जत्थेदार बाबा सूक्खा सिंह जी के मार्गदर्शन मे मनाया गया। जानकारी इेतू हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह ने बताया कि सुबह से ही दीवान सजाया गया। सुबह से अटूट लंगर बरता गया। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर अमृत का संचार किया गया। इस दौरान कार सेवा धर्म प्रचार गुरुद्वारा करता पुर्ख निवास बडू माजरा मोहाली की टीम ने अमृ संचार करवाया। इस अवसर पर लगभग सौ प्राणियों ने अमृ चखा। सुबह से सजे दीवान में बाबा मंजतीत सिंह, गुरुनानक मड़िया वाली वटाला, पंजाब , भाई सुखबीर सिंह कविसरी, बीबी खुशदीपक कौर करनाल मंजी साहेब गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई अमृत सिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। सुबह से ही धर्मालुओं का तांता लगा रहा है लोगों ने एक दूसरे को खालसा स्त्रजना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरता गया।

## हर रविवार को मजमा लगता है चाय की चुस्कियों के साथ विधायक जगमोहन आनंद के साथ

# समस्या का निराकरण करते के साथ अफसर को फोन करते हैं विधायक

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 अप्रैल।** करनाल का नेहरू पैलेस जहां पर हर रविवार को सुबह तड़के यहां पर आनले वाले लोगों के चेहरे पर चमक दिखाई दे जाती हैं। करनाल के लोगों को पहली बार सुखद अहसास हो रहा हैं। उन्हें कोई अपना सा विधायक मिला हैं। करनाल के लोग पिछडले बीस सालों से अपने से विधायक का अभाव महसूस कर रहे थे। लोगों का इंतजार पूरा हुआ। नेहरू पैलेस में आज चाय पर चर्चा का 12 वां कार्यक्रम था। यहां पर विधायक जगमोहन आनंद यहां पर आने वालों की समस्याएं सुनते है। संबंधित अधिकारियों को वह तत्काल फोन करते हैं। फोन भी स्पीकर आन करके। सब कुछ पारदर्शी तरीके से होता हैं। करनाल के लोगों ने कामरेड राम प्यारा, बहन शाति देवी, जयप्रकाश गुप्ता, शशिपाल मैळता और सुमिता सिंह मनोहर लाल और कुछ दिनों के लिए मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी जैसे विधायक देखे। हर राजनेता की कार्यप्रणाली अलग अलग होता है। करनाल के मतदाताओं ने कुछ महीने पहले जगमोहन आनंद को विधायक के रूप में चुना था। उसके बाद विधायक जगमोहन आनंद ने लोगों के बीच रहना शुरू कर दिया। जगमोहन आनंद शुरू से ही लोगों के बीच रहते रहे हें। करनाल को बीस साल बाद लोकल अपना सा विधायक मिला। उन्होंने अनिल बिज से प्रेरणा लेकर हर रविवार को चाय पर चर्चा का कार्यक्रम शुरू किया। अब तक 12 कार्यक्रम हो चुके हैं। यहां पर अनौपचारिक बैठक होती हैं। बिना किसी तामझाम के लोग उनसे मिलते हैं। करनाल के पूर्व सांसद डा. अरविंद शर्मा की स्टाइल में लोगों को फोन करते हैं। करनाल को डा. अरविंद शर्मा के बाद कोई अपना सास सांसद नहीं मिला। आज जगमोहन आनंद ने बताया कि यदि चुनाव जीतना हे तो लोगों के बीच रहना होगा। जनता अब समझदार हो चुकी है। जनता कीआवाज आती है तो सिंहासन खाली करना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की थी। लोगों के साथ जुडे रहने के लिए वह इस कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस दौरान हर कार्यक्रम में बीस से अधिक शिकायत आती है उनको लेकर तत्काल संबंधित अफसर को फोन करते हैं। यहां पर विनोद वर्मा, मनमीत बाबा निशांत शर्मा अनुपमा चानना,सुनील मदान सहित कई लोग मिलते हैं।

## कुरुक्षेत्र में सीबीएसई द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 13 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र के ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक डॉ0 दीप्ति प्रभाकरन (हेडमिस्ट्रेस आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला) और मिस निशा सिन्हा रहीं, जो आर्मी पब्लिक स्कूल, अंबाला की कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष हैं ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। इस कार्यशाला में कुरुक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों से प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इनमें बाबा सिद्धनाथ स्कूल कुरुक्षेत्र, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल खरकां, संजय गांधी मेमोरियल स्कूल लाडवा, एसबीएसटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिहोवा, सुरेन्द्रा हाई स्कूल यमुनानगर तथा सावित्रीबाई फुले स्कूल बाबैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आर्ट इंटीग्रेशन पर आधारित था, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को कला के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावशाली और रचनात्मक बनाना था। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को विषय-वस्तु को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने की विभिन्न तकनीकों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 सुमिता ठाकुर ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और प्राचार्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक सिद्ध रहेगी।

## एमडीएन ग्लोबल स्कूल में हैप्पी क्लासरूम विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 अप्रैल।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला के तत्वावधान में एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का विषय हैप्पी क्लासरूम रहा जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 65 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावशाली, सकारात्मक और आनंदमय बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों में डॉ. विनोद कुमार निदेशक, गौरव गर्ग प्रबंधक, निधि कंसल चेयरपर्सनप, प्राचार्य डॉ. संत कौशिक, कार्यक्रम की प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ सपना सिंह एवं डॉ. शिवाली शर्मा उपस्थित रहे। रिसोर्स पर्सन्स का पारंपरिक स्वागत तिलक लगा कर किया गया। कार्यशाला में एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल, रेनबो मॉन्टेसरी स्कूल, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, अमर पब्लिक स्कूल तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृत स्कूल के शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते हुए सपना सिंह ने हैप्पी क्लासरूम की संकल्पना को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक स्वयं भीतर से प्रसन्न होता है तभी वह विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक और उत्साही वातावरण बना सकता है। डॉ. शिवाली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एक खुशहाल कक्षा का निर्माण सिर्फ शिक्षण पद्धति से नहीं, बल्कि शिक्षकों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति से होता है। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के साथ संवाद में धैर्य और सहानुभूति बरतने की प्रेरणा दी। समापन पर प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव सांझा किए और प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया। डॉ. विनोद कुमार निदेशक ने दोनों प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

## प्रेरणास्त्रोत है डॉ. भीम राव अंबेडकर का जीवन: रामचंद्र जडौला

- कहा- हम सभी को बाबा साहेब के दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 अप्रैल।** पूर्व डायरैक्टर हैफेड एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने सामाजिक समरसता का रास्ता समाज को दिखाया और समाज को नई दिशा दी। उनकी सोच थी कि यह देश हमारा है, हम सबको कर्तव्यों का पालन करके इस देश को संजोकर रखना है। बाबा साहेब की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करने के बाद नई अनाज मंडी में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए रामचंद्र जडौला ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित बनने, संगठित रहने तथा अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का नारा दिया, जिससे समाज आज शिक्षा के क्षेत्र में आगे आया है। संगठित होकर कार्य कर रहा है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष भी करता है। जडौला ने कहा कि बाबा साहेब ने अपनी योग्यता के बल पर विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की और उस समय फैली विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी भूमिका निभाई। हम सभी को उनके विचारों को अपनी कथनी व करनी में शामिल करने के संकल्प लेना चाहिए। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। आज हम सभी को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। रामचंद्र जडौला ने कहा कि वर्तमान परिवेश में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार सामाजिक, आर्थिक विषमता को दूर करने में प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज के पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए जीवन भर कार्य किया और सभी को सामाजिक, न्यायिक अधिकार दिलावाए।

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

# टैब में सॉफ्टवेयर की मदद से चुराते थे लग्जरी गाड़ियां पानीपत की 2 व दिल्ली की 18 वारदातों का खुलासा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 13 अप्रैल।** पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पानीपत की 2 व दिल्ली की 18 वारदातों का खुलासा हुआ है।

उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एवीटी सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर रोहताश व उनकी टीम ने गत सोमवार को सोनीपत में कामी चौक के पास से आरोपी आसीम निवासी किठौर मेरठ यूपी को काबू किया था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी आरोपी सोनीपत के ठरू गांव निवासी अजय, खुबडु गांव निवासी सुदीप धनखड़, सोनीपत निवासी गौरव, यूपी के मेरठ के जिशोर गांव निवासी माजिद व ककौल गांव निवासी रिजवान के साथ मिलकर बीती 5 फरवरी की रात मॉडल टाउन में घर के बाहर से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। गिरोह में शामिल फरार आरोपी अजय दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है। फॉर्च्यूनर गाड़ी चोरी की उक्त वारदात बारे माडल टाउन में करण तलुजा निवासी माडल टाउन की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

डीएसपी श्री राजबीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को माननीय न्यायालय से 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की तो रिमांड के दौरान आरोपी ने अपने उक्त साथी आरोपियों के साथ मिलकर पानीपत में देशवाल चौक के पास से अन्य एक हुंडई वेन्यू गाड़ी व दिल्ली में अलग अलग स्थान से 18 गाड़ी चोरी करने की वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

**ऐसे देते थे वारदात को अंजाम:** आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ गिरोह के सभी आरोपी मिलकर रात के समय कार में सवार होकर निकलते थे और सेक्टर व कॉलोनियों में लग्जरी गाड़ी को ढूंढते। आरोपियों को जहां कहीं भी घर के बाहर लग्जरी गाड़ी खड़ी दिखाई देती पहले वहा आसपास की रेकी करते। इसके बाद गाड़ी के ड्राइवर साइड का शिशा पेचकश से तोड़कर टेब में सॉफ्टवेयर की मदद से गाड़ी को स्टार्ट कर चोरी कर ले जाते थे। आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए चोरी की गाड़ी में ही सवार होकर जाते थे। गाड़ी चोरी कर उसे कॉलोनियों में छुपाकर खड़ी कर देते थे। बाद में यूपी के मेरठ निवासी वसीम लोटी नाम के युवक को बेच देते थे। पानीपत से चोरी की फॉर्च्यूनर गाड़ी आरोपी अजय अपने साथ ले गया था।

# मारपीट की खबरें प्रकाशित होने के बाद डीएसपी जीरकपुर ने संज्ञान लेते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला किया दर्ज

## 6 अज्ञात लोगों ने बलटाना की मेन मार्केट में एक लड़के के साथ दिनदहाड़े की थी मारपीट

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र में बीते कल शनिवार को दिनदहाड़े कुछ अज्ञात लोगों ने एक लड़के की सरेआम मारपीट की थी जिसकी वीडियो खूब वायरल हो रही है और इस मामले संबंधी अखबारों में भी खबरें प्रकाशित हुई थी। इन सभी बातों से संज्ञान लेते हुए डीएसपी जीरकपुर जसपिंदर सिंह गिल के आदेशों पर आज बी एन एस 2023 की धारा 115 (2), 126, 190, 351 (3) के अंतर्गत 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस संबंधी जानकारी देते हुए डीएसपी जीरकपुर जसपिंदर सिंह गिल ने बताया कि वह वायरल हो रही वीडियो तथा बलटाना के मेंन बाजार में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरे चेक कर रहे हैं जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली जाएगी तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**क्या है मामला:** बलटाना की मेंन मार्केट में शनिवार को दिन दहाड़े गुंडागर्दी का नंगा नाच देखने को मिला। एक दुकान के बाहर 5 से 6 लड़कों का ग्रुप एक युवक पर रॉड तलवार डंडों से हमला कर रहा था। यह वारदात एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि एक युवक को बेरहमी से पीटा जा रहा है और वह अपनी जान बचाने के लिए कभी किसी दुकान में घुस रहा है तो कभी किसी व्यक्ति से अपनी मदद करने की गुहार लगा रहा है। लड़कों का ग्रुप उसे पर डंडों से वार करता नजर आ रहा है हमला करने वाले ग्रुप के लड़के और जिसे पिटा जा रहा था सब की उम्र 17 से 18 साल के बीच की है।

दुकानदार राम भज ने बताया कि इस मार्केट में अक्सर ही नाबालिक लड़के रोजाना गुंडागर्दी करते हैं मेन मार्केट की बैक साइड में एक यार्ड बना हुआ है जिसमें उनका रेन बसेरा है यह युवक रात के समय हुड़दंग मचाते हैं और ई-रिक्शा पर ऊंची आवाज में गाने लगाकर तेज रफ्तार में सड़कों पर घूमते हैं। इनकी गुंडागर्दी के कारण क्षेत्र में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो चुकी है।

दुकानदारों ने जानकारी के दी कि बीती रात भी यही लड़के करीब 10 बजे यहां पर तेज धार हथियारों से लैस होकर लड़के खड़े हुए थे ।कुछ लड़कों के हाथ में बेसबॉल के डंडे भी थे और वही लड़के आज फिर इस मार्केट में दिखाई दिए। लोगों के अनुसार इन्होंने एक लड़के के ऊपर हमला कर दिया और उससे मारपीट की अपने आप को छुड़वाकर उसे लड़के ने भागने की कोशिश की तो थोड़ा आगे जाकर उन लड़कों ने उसे पकड़ लिया और अपने साथ ले गए। लोगों ने बताया कि बलटाना मार्केट के पीछे एक राज वॉटर टैंकर वाले ने कुछ कमरे बने हुए हैं जिसमें 30 से 40 प्रवासी परिवार रहते हैं। इन प्रवासी लोगों ने इस क्षेत्र में आतंक मचा रखा है और पहले भी कई बार इनको यहां पर हुल्ल?बाजी करते हुए देखा गया है। लोगों के अनुसार इन लोगों की कोई भी पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं करवाई गई जिसके चलते उनकी कोई पहचान नहीं है कि यह कौन है और कहां से आए हुए हैं।

सरकारी अस्पताल में हिंसा का मामला

# 17 पर केस दर्ज, 6 पुलिस रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी।** डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल में खेले गए खूनी खेल मामले में डेराबस्सी पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से 6 कथित दोषियों को आज डेराबस्सी अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। रणजीत सिंह उर्फ मिंटा की शिकायत पर पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ धारा 109, 115(2), 118(1), 117(2), 126(2), 351(3), 191(3), 190, 61(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने उनके द्वारा बताए गए लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिनमें अनिल कुमार उर्फ हनी पंडित, अंग्रेज सिंह, महिपाल, नरेश कुमार, मनीष कुमार मंगू, कर्मपाल, अशोक कुमार, राजेश कुमार, राज कुमार, अमर सिंह, मोहित, गुरप्रीत सिंह, गुरजंत, गुरुमीत सिंह, नैब सिंह, मयंक, संजीव कुमार शामिल हैं। उधर, इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है, जिसके तहत रविवार को कांग्रेस हलका इंचार्ज दीपइंदर सिंह ने डेराबस्सी अस्पताल में मारपीट व तोड़फोड़ मामले में घायल व्यक्तियों से मुलाकात करने के बाद वीडियो जारी कर कहा कि पूरे पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है, लेकिन जब से कुलजीत सिंह रंधावा आम आदमी पार्टी से विधायक बने हैं, तब से डेराबस्सी हलके के हालात बिहार व यूपी जैसे हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके लोगों पर हमला करने वाला व्यक्ति मिंटा गुज्जर, जिसकी शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है, एक गैंगस्टर किस्म का व्यक्ति है और उसके खिलाफ 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दीपिंदर ढिल्लों ने कहा कि ऐसा कोई जघन्य अपराध नहीं है जिसके लिए उन पर आरोप नहीं लगाया गया हो, जिसमें जबरन वसूली और हत्या के प्रयास के मामले भी शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ पंजाब सरकार दावा करती है कि हमें गैंगस्टर संस्कृति को खत्म करना है, दूसरी तरफ डेरा बस्सी के विधायक एक अपराधी को अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं, जिसे पंचायत चुनाव से 10 दिन पहले पार्टी में शामिल किया गया और चुनाव लड़वाया गया। जिसे जबरन सरपंच बना दिया गया। जिसके बाद मुकंदपुर गांव में कांग्रेस गुट के लड़कों द्वारा पिछले 10 वर्षों से आयोजित किए जाने वाले कबड्डी टूर्नामेंट पर रोक लगा दी गई थी, जिसे हमने प्रशासन को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद आयोजित किया था। उक्त गांव सहित पूरे जिले में अवैध खनन खुलेआम किया जा रहा है। मुकंदपुर गांव में चल रहे अवैध खनन को रोकने के लिए हनी पंडित के माध्यम से डीसी मोहाली को आवेदन सौंपा गया। ढिल्लों ने बताया कि जब अवैध खनन बंद नहीं हुआ तो गांव के लोगों व लड़कों ने मेरे बेटे उदयवीर सिंह ढिल्लों को मौके पर बुला लिया। जिसके बाद एक वीडियो बनाकर डीसी मोहाली को भेजा गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद रंजीत सिंह उर्फ मिंटा अपने 15-20 साथियों के साथ हनी पंडित के घर गया और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की।

# ट्राई सिटी में पहली बार लगेगा बाबा बागेश्वर धाम का दरबार



सेक्टर 5 स्थित हनुमंत कथा का आयोजन 26 मई से 30 मई तक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला स्थित मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी के निवास स्थान पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शहर की कई संस्थाओं के 40से अधिक पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 मई से 30 मई तक सेक्टर पांच में बाबा बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री जी द्वारा हनुमंत कथा का गुणगान किया किया जाएगा भंडारी जी ने कहा कि इस कार्यक्रम में ट्राई सिटी की सभी संस्थाओं को जोड़ा जाएगा इसमें यह कार्यक्रम करवाने के लिए सभी सदस्यों के सुझाव लिए गए और और सदस्यों की ड्यूटी भी लगाई गई बैठक में भंडारी जी ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत बड़ा कार्यक्रम है जिसकी तैयारी हमें आज से ही शुरू करनी पड़ेगी और इसके लिए सभी सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुट जाएं उन्होंने कहा कि जल्दी ही विभिन्न संस्थाओं की बैठक की जाएगी

# सनातन धर्म मंदिर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास से मनाई

सुंदरकांड पाठ में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी ने जिस प्रकार श्री राम की सहायता की, इस प्रकार आज राष्ट्र रुपी राम को भी हनुमान की आवश्यकता है ताकि राष्ट्र की शांति और शक्ति रुपी सीता का कोई अपराधी राक्षस हरण ना कर सके।

इन सुंदर सुविचारों की अमृत वर्षा हनुमान जयंती के अवसर पर सेक्टर 10 के श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में आयोजित सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी एवं कथावाचक पंडित ओमप्रकाश मिश्रा ने की।

पंडित श्री मिश्रा जी ने पवनसुत हनुमान जी के समर्पण और सेवा भाव की प्रबलता का गुणगान करते हुए बताया कि हनुमान जी ने अपना संपूर्ण जीवन श्री राम की सेवा में समर्पित कर अपना राजकाज, परिवार त्याग कर आजीवन ब्रह्मचर्य का संकल्प लिया और जब उनकी भक्ति और निष्ठा पर कुछ लोगों ने प्रश्न चिन्ह उठाया तो उन्होंने अपना हृदय चीर कर भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति और निष्ठा को प्रमाणित किया।

उन्होंने बताया कि जब भी हनुमान जी से उनकी सफलताओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने हर बार हर कार्य का श्रेय श्री राम और माता जानकी को ही दिया।

पंडित मिश्रा जी ने आज की युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि उन्हें श्री हनुमान भगवान के संवाद कौशल से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इसका सबसे बड़ा प्रमाण जब हनुमान जी अशोक वाटिका में पहली बार सीता माता से मिलते हैं तब वह अपनी बातचीत से न सिर्फ माता सीता को भय मुक्त करते हैं बल्कि उन्हें यह भी भरोसा दिलाते हैं कि वह श्री राम के ही दूत हैं।

इसी प्रकार समुद्र लांघते समय देवताओं के कहने पर जब सांपों की माता सरसा ने उनकी परीक्षा लेनी चाही तो हनुमान जी ने अतिशय विनम्रता का परिचय देते हुए उस राक्षसी का भी दिल जीत लिया।

इस अवसर पर मंदिर सभा द्वारा मंदिर को बहुत ही सुंदर ढंग से रोशनी और फूलों से सजाया गया था और सैकड़ों श्रद्धालुओं के समूह ने सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या का आनंद लिया।

कार्यक्रम के समापन पर सेक्टर 10 के मकान नंबर 670 निवासी प्रवीन जिंदल द्वारा प्रसाद वितरित किया गया जबकि मंदिर सभा सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं में लंगर भंडारा का वितरण कर सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का मनाया स्थापना दिवस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 अर्बन एस्टेट पंचकुला में खालसे का साजना दिवस और विसाखी का पर्व बहुत ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। सुबह 10 बजे अखंड पाठ साहिब जी भोग डाले गए उपरांत 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कीर्तन वा गुरु साहिब के आदेशों पर कथा वाचकों द्वारा प्रवचन का परवाह चलता रहा और नामी कीर्तनी जत्थों ने गुरु जी की बानी का गुणगान किया। सुबह सुखमनी साहिब सोसाइटी द्वारा कीर्तन गायन किया गया। दोपहर 1 बजे से गुरु का लंगर अटूट बरता।

प्रधान कंवरपाल सिंह ने बताया कि संगतों ने खालसा साजना दिवस पर गुरुद्वारा साहिब में गुरु दर्शनों के लिए काफी संख्या में हाजरी भरी।उन्होंने बताया कि खालसा साजना दिवस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकुला में हर साल की तरह धूमधाम से मनाया गया। भारी संख्या में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में संगतें नतमस्तक हुई। उन्होंने बताया कि खालसा साजना दिवस पर ही गुरुद्वारा सेक्टर 7 की स्थापना हुई थी इसलिए इस दिन को हम गुरुद्वारा स्थापना दिवस के रूप में भी मनाते हैं।

# डेराबस्सी में महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह से मनाया बैसाखी पर्व

**डेराबस्सी (चौहान)।** डेराबस्सी में महिलाओं ने बैसाखी पर्व को बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक अंदाज़ में मनाया। इस अवसर पर गिद्दा, पंजाबी गीत, भांगड़ा और संगीत के साथ-साथ कई तरह की मनोरंजक गेम्स का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोना, कविता नंदा और कीर्ति के संयुक्त प्रयास से डेराबस्सी के एक स्थानीय होटल में किया गया। इस आयोजन में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सभी पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सज-धज कर कार्यक्रम में पहुंचीं। उनकी रंग-बिरंगी पोशाकों और उत्साही भागीदारी ने माहौल को बेहद जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ढोल की थाप और पंजाबी लोकगीतों के साथ हुई, जिस पर महिलाओं ने पारंपरिक गिद्दा और भांगड़ा करते हुए अपनी संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। मोना और कविता नंदा ने बताया कि इस ग्रुप की महिलाएं हर त्योहार को पूरे उत्साह से मनाती हैं और एकजुट होकर पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल आपसी मेलजोल बढ़ता है बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी अगली पीढ़ी तक पहुँचती है।

# 24 से 30 तक खाटू श्याम मंदिर बलटाना में किया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर ।** जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र में नए बने श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर में 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक मूर्ति स्थापना तथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान मंदिर में श्री लक्ष्मी गणेश जी, श्री बाबा खाटू श्याम जी ,श्री शिव परिवार, श्री राम परिवार ,श्री राधा कृष्ण जी ,मां शेरावाली ,श्री हनुमान जी ,श्री शनिदेव एवं शिवालय की स्थापना की जाएगी और एक बड़े धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंधी मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मणि शर्मा तथा अन्य सदस्यों ने बताया की इस मंदिर का निर्माण 9 मार्च 2023 को भजन गायक कन्हैया मित्तल ने नीव पत्थर रखकर शुरू करवाया था जो अब बनकर तैयार हो गया है?। जिसमें बताए गए प्रोग्राम अनुसार मूर्ति स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल 2025 को बलटाना के फर्नीचर मार्केट से निशान यात्रा निकाली जाएगी जो के श्री खाटू श्याम मंदिर में आकर समाप्त होगी। इस दौरान पांच प्रकार की झांकियां निकाली जाएगी। इस निशान यात्रा के दौरान फूलों की होली खेली जाएगी तथा 51 बैंड बाजे का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को बाबा खाटू श्याम जी की मूर्ति स्थापित करने के समय पर भजन गायक कन्हैया मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आज की प्रेस वार्ता के दौरान श्री खाटू श्याम मंदिर बलटाना के अध्यक्ष मणि शर्मा, वार्ड पार्षद नेहा शर्मा तथा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्वास फाउंडेशन पंचकूला ने 'विश्वास मैडिटेशन रिट्रीट' का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। विश्वास फाउंडेशन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर व गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विश्वास फाउंडेशन पंचकूला द्वारा रविवार को 'विश्वास मैडिटेशन रिट्रीट' का आयोजन सुबह 11 बजे से 1:30 बजे तक पंचकूला स्थित इंद्रधनुष सभागार में किया गया। इस वातानुकूलित इंद्रधनुष सभागार में ट्राईसिटी के लगभग डेढ़ हजार लोगों ध्यान मैडिटेशन का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत साधक साध्वियों के मधुर भजनों से हुई। मैडिटेशन सत्संग के दौरान गुरुदेव जी ने मैडिटेशन और मानव सेवा का संदेश दिया गया और मानसिकता के भारी दबाव में चल रहे जीवन से बाहर निकलने के लिए उनके दिखाए मार्ग और दिशा पर चलने का संदेश दिया गया। इस मैडिटेशन रिट्रीट में गुरुदेव श्री स्वामी जी के प्रवचनो को वीडियो द्वारा चलाया गया। गुरुदेव जी ने मुनष्य के जीवन के मूल मंत्र को लेकर कहा कि वास्तविक स्वभाव से जीवन जीने वाला सुख की तलाश नहीं करता, इंसान ने दुख को ही अपना स्वभाव मान लिया है। उन्होंने कहा कि इंसान को अकेला ही चलना है, लेकिन यह भी मुमकिन है कि इस दौरान अकेले सफर में गिरना और संभलना फिर गिरना लाज्मी है। लेकिन बड़ी बात यह कि गिर के संभालना और अपने मन में दिया जलाने की जरूरत है। बार बार उठना, उठकर गिरना, इंसान का धर्म है लेकिन गिर के फिर गिरना नहीं चाहिए, गिरकर डरना नहीं चाहिए। गुरुदेव जी ने कहा कि इंसान का मन बहुत ही डिप्लोमेसी करता है। हमें इस चंचल मन के जंगल में नहीं खोना चाहिए ताकि आपकी राह भटक ना पाए। इसलिए अपने मन में प्रेम भाव का दीया हमेशा जलाए रखें, यही एकमात्र जीने की कला है। बाहर की दुनियावी चीजों के हासिल करने के बाद भी इंसान सुखी नहीं है, सब कुछ प्राप्त करके भी इंसान खुश नहीं है, सब कुछ क्यों नहीं मिल रहा इससे जरूर दुखी है। गुरुदेव जी ने आगे कहा कि सभी धार्मिक ग्रंथो का एक ही उद्देश्य है कि इंसान के अंदर की प्रवृत्ति को जगाना, लेकिन इंसान रियलिटी से दूर हो रहा है।

# ग्लोबल वार्मिंग की रोकथम व जागरूकता के लिए रैली का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। सेक्टर-1 गवर्मेंट पीजी कॉलेज में भूगोल विभाग तथा भू-विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में 'पृथ्वी संरक्षण' के लिए जागरूकता बढाने के लिए पंचकूला के गाँव नाडा में एक रैली का आयोजन किया। साथ ही वृक्षारोपण किया गया। इस में कॉलेज के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गाँव के स्कूल तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानो पर वृक्षारोपण किया गया। विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। उन्होने सोशल मीडिया पर प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगो को अवगत कराया। भूगोल विभाग के मुख्य अध्यक्ष डॉ रोहतास गोदारा ने स्कूल के बच्चो को वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए आधिक से आधिक पेड़ लगाने के लिए बच्चो को प्रोत्साहित किया। साथ ही भू-विज्ञान की मुख्य अध्यक्षा रेखा पुनिया ने पृथ्वी पर बढते ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव के लिए चिन्ता जताते हुए गाँव के लोगो को इस प्रभाव को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया ।रैली के साथ विद्यार्थियों ने गांव के व्यक्तियों को किस प्रकार प्रदूषण को बढ़ाने वाले घरेलू साधनो का प्रयोग कम करके ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है , इसके लिए सुझाव दिए। भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रीति ने विद्यार्थियो का सहयोग किया तथा ज़्यादा लोगो को 22 अप्रैल को नेशनल अर्थ डे में भाग लेने के लिये छात्रों का आह्वान किया ।

# कब होगी रविंद्रा एनक्लेव एक्सटेंशन 2 की डिजिटल पैमयश, 2 साल से मामला पड़ा है ठंडा बस्ते में

## रविंद्रा एनक्लेव फेज 2 एक्सटेंशन में पाबंदी के बावजूद भी किया जा रहा है निर्माण कार्य

नियमों के अनुसार क्षेत्र में न रजिस्ट्री और ना ही कोई नक्शा पास हो सकता है

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। बलटाना क्षेत्र में स्थित रविंद्रा एनक्लेव फेज 2 एक्सटेंशन जहां पर ड्रेन डिपार्मेंट तथा अदालत द्वारा इस क्षेत्र में निर्माण करने पर रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद भी यहां पर निर्माण कार्य जारी है। यह निर्माण कार्य कैसे हो रहा है और उनके नक्शे कैसे पास हो रहे हैं या यह निर्माण कार्य बिना नक्शा पास करवाएं ही हो रहे हैं, यह तो नगर कौंसिल अधिकारी ही बता सकते हैं। लेकिन अगर नियमों की बात करें तो कई वर्ष पहले इस क्षेत्र में धारा 55 ए लागू की गई थी इसके बावजूद भी यह सारे काम हो रहे हैं। करीब 2 वर्ष पहले भी यहां पर हो रहे निर्माण कार्यो संबंधी ड्रेन डिपार्टमेंट तथा नगर कौंसिल को लोगों द्वारा शिकायत की गई थी लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद लोगों द्वारा डिप्टी कमिश्नर मोहाली तथा एसडीएम डेरा बस्सी को इस संबंधी शिकायत की गई थी। उस शिकायत के बाद एसडीएम डेरा बस्सी द्वारा इसकी जांच करने के ड्रेन डिपार्टमेंट को आदेश दिए थे, तो मौके पर उसे समय के ड्रेन डिपार्टमेंट के एसडीओ, उस समय के नायब तहसीलदार जगपाल सिंह, कानूनगो, पटवारी तथा नगर कौंसिल की टीम ने दौरा किया था और वहां पर बन रहे घरों की रजिस्ट्रियां भी मांगी गई थी। उस समय एक शिकायतकर्ता विक्रम धवन द्वारा कहा गया था कि इस क्षेत्र में धारा 55 ए लगी होने के बावजूद भी नगर कौंसिल द्वारा नक्शे भी पास किया जा रहे हैं तथा प्लाटों की रजिस्ट्री भी हो रही है, इसके अलावा बड़े प्लाटों के छोटे प्लाट भी बनाए जा रहे हैं जो कि सरासर नियमों का उल्लंघन है। उस समय पर जिन तीन प्लाटों की शिकायत की गई थी उनमें से एक प्लाट की फर्द पर भाग 55 का नोट भी चढ़ा हुआ था लेकिन दूसरी फर्द पर नोट गायब था। इतना सब कुछ होने के बाद मामला फिर से ठंडा बस्ते में चला गया।

अब देखने को यह मिल रहा है कि इस क्षेत्र में कई जगह पर निर्माण कार्य चल रहा है। अगर इस क्षेत्र में निर्माण कार्य पर पाबंदी लगी हुई है तो यह निर्माण कार्य कैसे चल रहे हैं और उनके नक्शे कौन पास कर रहा है? यहां पर एक सवाल और भी उठना है कि अगर यह सारे निर्माण बिना नक्शा पास करवाए ही किए जा रहे हैं तो नगर कौंसिल द्वारा इन पर कार्यवाही क्यों नहीं की जाती?

इस मामले संबंधी जानकारी लेने के लिए जब नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

रविंद्रा एनक्लेव फेज 2 एक्सटेंशन में निर्माण पर रोक तो जरूर लगी हुई है पर अब यह देखना होगा कि इस क्षेत्र में जहां पर निर्माण कार्य चल रहे हैं वह नोटिफाइड एरिया के अंदर आता है या बाहर है। इस संबंधी मंगलवार को रिकॉर्ड चेक करके ही बताया जा सकता है।
**चेतन कुमार,** जेई, ड्रेन डिपार्मेंट।



रविंद्रा एनक्लेव फेज 2 एक्सटेंशन में अगर कहीं भी किसी के द्वारा गलत तरीके से निर्माण किया जा रहा है तो उस संबंधी जांच करने के लिए नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को कहा जाएगा और गलत काम करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
**कुलजीत सिंह रंधावा,** विधायक, हल्का डेरा बस्सी।

# समाज को अपने उत्थान व विकास के लिए अध्यात्म के रास्ते पर बढ़ना चाहिए आगे: देवेन्द्र कादियान

विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने गांव पुरखास में किया गुरू भागमल आराधना भवन का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने रविवार को गांव पुरखास पहुंचकर गुरू भागमल जी की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ-साथ गुरू भागमल आराधना भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संतजनों का आशीर्वाद लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की तरक्की के लिए सामूहिक शक्ति और लक्ष्य का होना बहुत जरूरी है, जिसके लिए अच्छे वातावरण की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा कि अच्छा वातावरण और खुशहाली तभी संभव है जब हम परमात्मा को मानते हुए अपने महापुरूषों के बताए रास्ते और उनके विचारों के साथ अच्छे लक्ष्य के लिए सामूहिक रूप से आगे बढ़ेंगे। विधाननसभा अध्यक्ष ने गुरू भगवन श्री शिवेन्द्र मुनि जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो यह सामूहिक कार्यक्रम करवाया है इससे हम सबको इक्ट्ठा होने का मौका मिला। ऐसे सामूहिक कार्यक्रमों से समाज में आपसी भाईचारा और प्यार-प्रेम बढ़ता है और वर्तमान समय में सामाजिक और सांजली सोच को मजबूत करने सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बुजुर्गो के बीच में अवश्य बैठना चाहिए क्योंकि उनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। पुराने समय में हमारे बुजुर्ग बड़े-बड़े मसलों को 10 मिनट में हर कर देते थे क्योंकि उनमें आपसी भाईचारा और प्यार-प्रेम होता था उनकी सोच सांजली और एक दूसरे को बसाने वाली होती थी।उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महापुरूषों के विचारो से जुड़कर ईमानदारी के साथ मेहनत करने का स्वभाव बनाने की जरूरत है, क्योंकि जिस भी व्यक्ति ने तरक्की की है वो मेहनत के बल पर की है बिना मेहनत और तपस्या के कोई भी व्यक्ति जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि मुझे तो बचपन से ही महापुरूषों का आशीर्वाद प्राप्त होने का सौभाग्य मिला है क्योंकि मेरा गांव कुटैल है और वो तपो भूमि है जहां बहुत बड़े संत संतोष गिरी जी महाराज ने तप किया था।समारोह के दौरान आयोजित भण्डारे में विधानसभा अध्यक्ष ने प्रसाद भी ग्रहण किया।कार्यक्रम में विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि समाज को अपने उत्थान और विकास के लिए अध्यात्म के रास्ते पर आगे बढना चाहिए। क्योंकि अध्यात्म ही वो शक्ति है जो समाज को एक सूत्र में बांधकर रखती है और हमारे अंदर प्रेम भाव और भाईचारे की भावना को जन्म देती है।

उन्होंने कहा कि आज सभी लोग यहां से संकल्प लेकर जाएं कि वे समाज को आगे बढ़ने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि आज जो यहां कार्यक्रम आयोजित हुआ है ऐसे आयोजनों में हमें सतों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त होता है कि हमें किस प्रकार अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। हमारे संतजन हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं कि हम उनके बताए रास्ते पर आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़े, जिससे समाज व देश का विकास हो सके।

इस मौके पर गुरू भगवन श्री शिवेन्द्र मुनि जी, हितेश मुनि मनोज कुमार जैन, गौतम कुमार जैन, बसंत जैन, अनिल जैन, भाजपा वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा, रविन्द्र दिलावर, एसडीएम प्रवेश कादियान, गांव के सरपंच सुनील, राजेश प्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बाबा साहब की जयंती पर प्रधानमंत्री का शुभ आगमन: डॉ. अरविंद शर्मा



बाबा साहब के जीवन और विचार पर भाजपा सरकार गंभीर

कैबिनेट मंत्री ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौंसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभ आगमन हरियाणा में हो रहा है। हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं के साथ हरियाणा अब विकास की नान स्टॉप रफ्तार भर रहा है। उन्होंने कहा कि हिसार और यमुनानगर में हजारों की संख्या में प्रदेशवासी उमड़ेंगे।

रविवार को फव्वारा चौक पर जनता महादलित संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से बहुत स्नेह, प्रेम रहा है। इस बार उनका आगमन बाबा साहब की जयंती के अवसर पर हिसार और यमुनानगर में हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा बाबा साहब का सम्मान किया है। उनके जन्म स्थान महु में स्मारक निर्माण से लेकर देश मे उनके विचार और विश्वास को आगे बढाते हुए निरन्तर गरीब उत्थान की दिशा में काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार की तरह हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बाबा साहब की विचारधारा को आत्मसात कर रहे हैं। समाज में हर पात्र और जरूरतमंद को मुख्यधारा में लाने व उसको आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए हो रहे कामों की बदौलत आज प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसी भी वर्ग के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ते, इससे जनता में, विशेषकर गरीबों में भाजपा व सरकार के प्रति विश्वास बढा है।

गेहूं में नमी से खरीद बंद, विधायक ने दिए निर्देश, कहा-

# सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** गन्नौर मंडी में गेहूं की खरीद नमी के कारण रुक गई। गोदाम से ट्रक वापस भेजे गए है। आढ़तियों ने इसे अधिकारियों की मनमानी बताया। उन्होंने हलका विधायक देवेंद्र कादियान को समस्या से अवगत कराया।विधायक देवेंद्र कादियान ने पहले पुरखास गांव के परचेज सेंटर का दौरा किया। किसानों से बात की। फिर गन्नौर अनाज मंडी पहुंचे। आढ़तियों से मुलाकात की। आढ़तियों ने बताया कि बारिश के कारण गेहूं में नमी है। इसी वजह से खरीद नहीं हो रही। गोदाम से ट्रक लौटाए जा रहे हैं। विधायक ने मौके पर अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने कहा कि तय मानक से ज्यादा नमी होने पर गेहूं खराब हो सकता है। फिर भी कोशिश करेंगे कि किसानों को परेशानी न हो। आढ़तियों ने बारदाना की कमी की बात भी रखी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि मंडी में किसानों और आढ़तियों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मंडी में पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं देने को कहा गया है।

अनाज मंडी प्रधान सुरेंद्र गोयल ने बताया कि गेहूं में नमी तय मानक से थोड़ी ज्यादा है। इसी कारण खरीद नहीं हो रही थी। बारदाना है, लेकिन स्पेयर में नहीं है। काम जारी है। विधायक को जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों से बात कर भरोसा दिलाया कि किसानों और आढ़तियों को परेशानी नहीं होगी।

मार्केट कमेटी अधिकारी जगबीर कादियान ने बताया कि हर रविवार को गन्नौर मंडी में खरीद नहीं होती। सिर्फ लिफ्टिंग होती है। अब तक मंडी और सेंटरों पर 2 लाख 24 हजार 930 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। शुरू में नमी के कारण ट्रक लौटाए गए थे। अब स्थिति सामान्य है। आढ़तियों को रविवार को खरीद न होने की जानकारी नहीं थी। इसलिए विधायक को बताया गया।

मंत्री राजेश नागर ने बांके बिहारी गौशाला के नए शेड का किया उद्घाटन, बोले-

# जल्द यहां नंदी के लिए भी शेड बनाने का काम किया जाएगा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। मंत्री राजेश नागर ने आज नवादा गांव में श्री बांके बिहारी गौशाला में गायों के लिए नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां लोगों की मांग पर जल्द ही नंदी शेड का भी निर्माण कराया जाएगा।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गाय पूरे संसार की मां है वह पूरे संसार का पालन करती हैं। गाय को एक जीव मानना हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। गाय जीव नहीं है गाय कृपा है। जिस पर गौ माता की कृपा होती है वह संसार के आवागमन से मुक्त हो जाता है। हमारे यहां हर धार्मिक क्रिया में गाय की सेवा, गाय का पूजन जरूर किया जाता है। इसका कारण है कि हमारे पूर्वजों ने गाय के महत्व पर को समझ लिया था लेकिन आज बदलते समय में गाय की अनदेखी हो रही है। जो निश्चित तौर पर चिंता का विषय है।



मंत्री राजेश नागर ने कहा हमारी हरियाणा सरकार गौरक्षा के लिए, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अपने समर्थ प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत अनेक गौशालाओं के लिए गायों के चारे के लिए भी समय समय पर अनुदान देती है। हम बांके बिहारी गौशाला को भी नियमानुसार मदद के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने लोगों से गौसेवा की अपील की। इस मौके पर श्रीयुत आनंद भिक्ष जी महाराज, सरपंच बेगराज नागर अध्यक्ष श्री बांके बिहारी गौशाला, पार्षद प्रदीप टोगर,अजीत सरपंच,गुलशन सिंघल, मनोज कुमार,राजेश नागर, दीपक कुमार गुप्ता,अजय पाराशर,महिपाल आर्य सरपंच, मास्टर कर्मवीर,जगत सिंह,अजय गर्ग,प्रताप नागर,अजब चंदीला,सुंदर कसाना,अजीत सिंह पटवा और गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारी जीत पर सनपेड़ा में भंडारा विधायक ने जताया आभार



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। रविवार को सनपेड़ा गांव में बली बाबा पर भंडारे का आयोजन हुआ। यह आयोजन विधायक देवेंद्र कादियान की विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत की खुशी में किया गया। विधायक ने ग्रामीणों का आभार जताया। कहा, यह जीत 36 बिरादरी की है। मेरा असली मकसद अपने हलके की सेवा करना है। पिछले दस साल से जनता के बीच रहकर यही कर रहा हूं।विधायक ने बली बाबा पर नतमस्तक होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों को आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पहले सरपंच प्रमोद ढाका और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विधायक ने कहा, धार्मिक आयोजन से समाज में भाईचारा और एकता बढ़ती है।

# राजीव जैन ने गुरूद्वारा कलगीधर मॉडल टाऊन में तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर माथा टेका



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि खालसा साजना दिवस 'बैशाखी' मुगलों के आतंक से डरे-सहमे, दबे-कुचले लोगों में जोश भरकर उन्हें मुगलों के शासन को उखाड़ फैंकने के लिए तैयार करने का दिन है, इस अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए हम गुरू गोबिंद सिंह जी को याद करते हैं जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की।

राजीव जैन ने गुरूद्वारा कलगीधर मॉडल टाऊन में तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन के अवसर पर माथा टेका और प्रबंधक समिति ने सरोपा भेंट किया। उन्होंने कहा कि गुरू के पंज प्यारों में सभी जाति के लोग शामिल थे। इसलिए जातपात से ऊपर उठकर हिन्दू धर्म की रक्षा की गई और अन्ततः मुगलों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने बैशाखी की बधाई देते हुए कहा कि इस दिन पकी हुई फसल की कटाई शुरू होने से किसान के साथ साथ हर वर्ग में खुशहाली की शुरुआत होती है।

उन्होंने आगे कहा कि गुरू गोबिंद सिंह की मुहिम में महिलाओं को भी अमृतपान पिला करके हर लड़ाई में पुरुषों का साथ दिया। उन्होंने सिखों के इतिहास को सिख धर्म को मानने वालों के साथ साथ अन्य वर्ग के युवाओं के बीच भी पढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे राष्ट्र भक्त बनकर देश के नव निर्माण में योगदान दे सके।

राजीव जैन ने राज मोहल्ला में पूर्व पार्षद जवाहर बत्रा के निवास पर आयोजित सुखमणि साहब के पाठ में पहुंचकर माथा टेका और श्रद्धालुओं को बधाई दी। पंजाबी गौरव संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज देश की संस्कृति से जुड़ा राष्ट्रभक्त समाज है और देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

# मन्दिर के दान-पात्र से रुपए चोरी में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना सैक्टर- 27 सोनीपत की पुलिस टीम नें मन्दिर के दान-पात्र से रुपये चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नवीन पुत्र नारायण निवासी दिल्ली कैंप सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनाँक 11 अप्रैल 2025 को सुभाष पुत्र रामलाल निवासी सिक्का कालोनी, सोनीपत ने थाना सैक्टर-27 सोनीपत मे शिकायत दी कि हमारी गली सिक्का कालोनी मे एक श्री सिध्द् शिव मन्दिर है मन्दिर के अन्दर जो दानपात्र रखा हुआ है 10/11 अप्रैल की रात को समय तकरीबन 4 बजे प्रातः किसी अज्ञात व्यक्ति ने मन्दिर के अन्दर गैर कानूनी तौर पर प्रवेश करके मन्दिर के दान-पात्र का ताला तोड़ कर मन्दिर के दान-पात्र मे से रुपये चोरी कर लिये है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना सैक्टर- 27 सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया।


**बेदखली सूचना**

मैं अजीत सुपुत्र श्री बलवान सिंह निवासी गांव बनभौरी जिला हिसार (हरियाणा) प्रमाणित शपथ पत्र से यह ब्यान करता हूं कि मेरे माता-पिता दोनों का स्वर्गवास हो चुका है। यह कि मेरे भाई जयभगवान वा उसकी धर्मपत्नी कमली और बशेसर वा उसकी धर्मपत्नी पूनम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। यह है कि मैंने वा मेरे परिवार ने उपरोक्त इन दोनों भाइयों जयभगवान वा उसकी धर्मपत्नी कमली और बशेसर वा उसकी धर्मपत्नी पूनम को अपनी तमाम चल वा अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उपरोक्त ये दोनों भाई वा उनकी धर्मपत्नियां किसी भी प्रकार का कोई लेन देन करते हैं या कोई गलत कार्य करते हैं तो वे स्वयं जिम्मेवार होगे 7 अब मेरा वा मेरे परिवार का उपरोक्त इन दोनों भाइयों वा उनकी धर्मपत्नियों से कोई ताल्लुक वास्ता ना रहा है।

AP-371

**बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉइज कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर 48-सी चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों/आवेदकों/ने वित्त विभाग चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सोसायटी की प्रबंध समिति/रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष शेयर/फ्लैट के हस्तांतरण और एनओसी/बिक्री विलेख के निष्पादन के लिए अनुमति जारी करने के लिए आवेदन किया है।

| मूल आवंटी/हस्तांतरिती का नाम | आवेदक का नाम | संपत्ति |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती नीलम वांगू | श्री कुमार शैलेन्द्र | फ्लैट नं 2235, G.F., सैक्टर - 48 /सी चंडीगढ़ (श्रेणी ए) |

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में सोसायटी के उपर्युक्त फ्लैटों में शीर्षक अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा, उपरोक्त फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बाद में किसी भी तरह से कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉइज कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 48-सी, चंडीगढ़ के लिए।**

AP-365

**स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट**

**निविदा सूचना संख्या: S/50/Sr.DMM/KIR/PUB/e-Tender/2025-26/01, दिनांक: 08-04-2025.** निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्या: KT255204;**

**बंद होने/खोलने की तिथि: 01-05-2025. मात्रा : 16 संख्या।**

**संक्षिप्त विवरण:** मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) की आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, वायरिंग, परीक्षण और प्रवर्तन।

कॉन्साइनी:- एसएसई/एसआईजी/न्यू जलपाईगुड़ी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल)।

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

**मंडल सामग्री प्रबंधक, कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-372

**निर्माण, उत्पादन, आपूर्ति आदि कार्य**

**निविदा सूचना संख्या: KIR/Engg./20 of 2025; दिनांक : 09-04-2025;** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 1; कार्य का संक्षिप्त विवरण :** कटिहार - डीआरएम भवन कटिहार में अतिरिक्त सीढ़ी उपलब्ध कराकर शीर्ष तल के लिए आपातकालीन निकास का निर्माण और अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** ₹1,21,05,925.32/-; **बोली सुरक्षा:** ₹2,10,500/-; **निविदा संख्या: 2; कार्य का संक्षिप्त विवरण :** कटिहार मंडल में पाकुड़/बाकुडी/तालझारी/राजग्राम खदान से पाकुड़ किस्म की बैलास्ट को पीसने वाला 50 मि:मी: आकार की मशीन की निर्माण और आपूर्ति। **निविदा मूल्य :** ₹6,47,76,920/-; **बोली सुरक्षा:** ₹4,73,900/-; **निविदा संख्या: 3; कार्य का संक्षिप्त विवरण :** कटिहार मंडल में - स्पेयर पार्ट्स सहित सेवा और रखरखाव के साथ 02 वर्षों के लिए ट्रैक आधारित लुब्रिकेटर (हाइड्रोलिक प्रकार) के लिए एएमसी। **निविदा मूल्य :** ₹16,13,560/-; **बोली सुरक्षा:** ₹32,300/-; **निविदा संख्या: 4; कार्य का संक्षिप्त विवरण :** सीनियर डीईएन/II/कटिहार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरयूबी के अंदर जमा पानी को निकालना। **निविदा मूल्य :** ₹58,22,886/-; **बोली सुरक्षा:** ₹1,16,500/-; उपरोक्त सभी निविदा के **बंद** करने की **तिथि** और **समय 08-05-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **08-05-2025** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

**डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-373


# मोटरसाईकिल चोरी करने में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम नें मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सरवर पुत्र रघबीर निवासी गाँव जागसी जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 8 अप्रैल को प्रवीन पुत्र महेन्द्र निवासी गोहाना जिला सोनीपत ने थाना शहर गोहाना मे शिकायत दी कि मैनें मोटरसाईकिल मोहिन्द्र पुत्र संत राम निवासी बालका गंज से खरीदी थी। 04 अप्रैल समय 07.45 बजे अपने मकान/दुकान के आगे उक्त मोटर साईकल खडी की हुई थी। मैनें अपनी उक्त मोटर साईकल 08.30 बजे देखी तो मेरी मोटर साईकल वहाँ खड़ी नही मिली। मैने उक्त मोटरसाईकल के बारे में इधर-उधर तलाश की और पूछताछ की जो मोटरसाईकिल बारे कोई पता नहीं चला। मेरी मोटरसाईकिल को कोई चोर चोरी करके ले गया है।


**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें** PH. : 0172-2838515, 98140-19928 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**ऋण**

**Equitas Small Finance Bank Solution Limited**
(1995 से आपके सेवा में)
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईंट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 - 95 लाख तक घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी, महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और ख़राब सिविल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** रोहित पुत्र हरबंस लाल सैणी वासी मकान नं 445 कृष्णा कॉलोनी यमुना नगर हरियाणा ने अपना नाम बदलकर रोहित से रोहित सैणी रखा है।

**मैं,** कविता Rekhan पत्नी रामवतार ऋक्षझद्धट्ट वासी मकान नं 8 रोहतक रो? एम.सी.कॉलोनी भिवानी हरियाणा ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर कविता से कविता Rekhan रखा है भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** अनिल Singhal पुत्र सुरेश कुमार वासी मकान नं 26 सैक्टर 9 11 हिसार हरियाणा ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अनिल कुमार उर्फ अनिल Singhal से अनिल Singhal रखा है भविष्य के सभी कार्यो के लिए।
एपी-364

**मैं,** शीला देवी पुत्र सचिन कुमार निवासी युनिट 235, इंजीनियर रेजीमेंट निवासी ग्राम आहुलाना, जिला सोनीपत पिन 131101 हरियाणा यह घोषणा करती हूँ कि मेरे पुत्र के सैन्य कागजों में मेरा नाम शीला देवी अंकित हो गया है जबकि सही नाम सीला देवी है।
एपी-366

I Seema Bajaj wife of Gaurav Bajaj resident of #1370, Progressive Society, Sector 50-B, Chandigarh have Changed my name from Seema Bajaj to Seema Salhotra
एपी-367

**मैं,** जोगिन्द्र सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी गांव करोड़ा तहसील पुण्डरी जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री दीपांशु के दसवीं के सर्टिफिकेट में मेरा नाम जोगिन्द्र है। परंतु मेरा वास्तविक नाम जोगिन्द्र सिंह है। कृपया मेरी पुत्री दीपांशु के दसवीं के सर्टिफिकेट में मेरा नाम जोगिन्द्र सिंह किया जाए ।
एपी-368

**मैं,** मनीबा खातून पत्नी श्री खलील अहमद निवासी गांव लापरा, डाकखाना कलानौर जिला यमुनानगर कि मैंने अपना नाम मनीबा खातून से बदलकर मनीबा रख लिया है।
एपी-369

**मैं,** दिव्या पंडिता पत्नी श्री योगेश पंडिता निवासी फ्लैट नंबर 134 जीएच 3 एमडीसी सेक्टर 5 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम दिव्या पंडिता से बदलकर दिव्या शर्मा कर लिया है।

**मैं,** सुभाष चंद्र पुत्र बालक राम, निवासी गाँव दाडी भाडी, डाकघर मातला, तहसील झंण्डूता, मातला, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश ने अपना नाम सुभाष चंद्र से बदलकर सुभाष चंद कर लिया है।
एपी-370

**मैं,** कविता रानी (Kavita Rani) पत्नी श्री सुनीत सिंह निवासी ग्राम जन्धेड़ा तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम कविता से बदलकर कविता रानी (Kavita Rani) रख लिया है। आज के बाद मुझे कविता रानी (Kavita Rani) के नाम से जाना व पुकारा जाए।
एपी-374

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा से खुलेंगे तरक्की के रास्ते : कृष्ण बेदी

## प्रधानमंत्री आज हिसार में करेंगें हवाई अड्डे के लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/राजेन्द्र कुमार



**सिरसा, 12 अप्रैल।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से तरक्की के रास्ते खुलेंगे। हवाई अड्डे के साथ ही यहां इंडस्ट्रियल हब भी बनाया जा रहा है, जिससे औद्योगिक क्रांति आएगी। कैबिनेट मिनिस्टर कृष्ण कुमार बेदी ने सिरसा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिसार में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट को जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दिन हरियाणा के लिए ऐतिहासिक होगा, क्योंकि इसी दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रख रहे हैं। जहाज की पहली उड़ान प्रयागराज जाएगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य हैं लेकिन हिसार में एयरपोर्ट व इंडस्ट्रियल हब बनने के बाद औद्योगिक क्रांति आएगी और औद्योगिक तरक्की का स्वरूप बदलेगा, इससे अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि है उन्नति के रास्ते पर हरियाणा लगातार आगे बढ़ रहा है और यही कारण है कि पूरे देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में हरियाणा आगे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की नीतियां प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए तैयार होती है, जिसमें कोई किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि आम जनमानस के कल्याण के लिए लगातार केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार काम कर रही है। इस दौरान भाजपा सिरसा जिला के प्रभारी वेद फुलां, जिला अध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, डबवाली जिला अध्यक्ष रेणु शर्मा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जगदीश चोपड़ा, गोविंद कांडा, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, सुरेंद्र आर्य, बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, नगर परिषद सिरसा के नप अध्यक्ष शांति स्वरूप, प्रदीप रातुसरिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हम सभी के हैं प्रेरणा स्त्रोत : बेदी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भारत रत्न, संविधान निर्माता और दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनकर बाबा साहेब ने देश की अखंडता और समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने दुनिया के सबसे बेहतरीन संविधान की रचना करके सबको बराबरी का हक दिलवाया।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार रविवार को जींद में रानी तालाब पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए बोल रहें थे।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। हम सभी उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जानते हैं। बाबा साहेब को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने जातिवाद और असमानता के खिलाफ सख्त रूप से विरोध किया और समाज को एकमत और समृद्धि की दिशा में बदलने की बात की। उनका योगदान आज भी सामाजिक न्याय, शिक्षा और मुक्ति की ओर एक प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर हिसार में 14 अप्रैल को समरसता के सबसे बड़े पुजारी और समाजवाद के प्रतीक महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कल हिसार में प्रदेशवासियों को नया संदेश देने के लिए पहुंचेंगे, जहाँ लाखों की संख्या में लोग उनका स्वागत करेंगे।

## कैंटर ठूंस-ठूंसकर भरे 19 पशु करवाए मुक्त, दो तस्करों को भी दबोचा

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कैथल पुलिस ने पंजाब से उत्तर प्रदेश की ओर क्रूरता से 19 पशुओं को भरकर ले जा रहे दो पशु तस्करों को गांव मोहना के पास नाकाबंदी कर धर दबोचा। आरोपी कैंटर में भैंसों, कटड़ों और एक झोटे को बेहद अमानवीय तरीके से ठूंसकर ले जा रहे थे। पूंडरी पुलिस चौकी की टीम गांव मोहना में मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कैथल की ओर से एक कैंटर में बड़ी संख्या में पशुओं को भरकर करनाल रोड की तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मंदिर के पास नाकाबंदी की और कुछ ही देर में संदिग्ध कैंटर को रोक लिया। जब कैंटर की तलाशी ली गई तो उसमें 11 भैंस, 7 कटड़े और एक झोटा क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरे हुए मिले। पुलिस टीम ने तत्काल सभी पशुओं को मुक्त करवाया और कब्जे में ले लिया। कैंटर चालक की पहचान कुर्बान निवासी गुज्जरपुर माजरा टपराना, जिला शामली के रूप में हुई। साथ ही दूसरे आरोपी की पहचान मोहल्ला शाह मुबारिक शामली निवासी जाबीर कुरैशी के रूप में की गई। जांच अधिकारी महीपाल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आनलाइन टीचर डायरी बच्चों से शिक्षकों को दूर रखने की सरकारी साजिश : रामपाल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 अप्रैल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा व प्रैस प्रवक्ता निशा ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा 8 अप्रैल को जारी पत्र के माध्यम से प्रदेश के सभी शिक्षकों को ऑनलाइन डायरी भरने का फरमान सुनाया है, जो शिक्षकों को विद्यार्थियों से दूर करने की एक सरकारी साजिश है और संगठन इस तरह के तुगलकी फरमान का कड़े शब्दों में विरोध करता है। इस फरमान के विरोध में और प्राथमिक अध्यापकों से शुरू करते हुए प्रदेश के सभी शिक्षकों के अतिशीघ्र सामान्य तबादले की मांग को लेकर प्रदेश के सभी डीईओ कार्यालयों पर 16 अप्रैल को जोरदार प्रदर्शन किए जाएंगे। रामपाल शर्मा ने कहा कि आज तक के सभी शिक्षा आयोग, शिक्षा नीतियाँ, विद्वान, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा समाजशास्त्र व शिक्षण शास्त्र यह कहते आए हैं कि जब तक शिक्षक को बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय समुदाय तथा वहाँ की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों की गहन समझ नहीं होगी, तब तक शिक्षा की बाधाओं को पहचाना नहीं जा सकता। जब तक बाधाओं को पहचाना नहीं जाएगा, तब तक उन्हें दूर भी नहीं किया जा सकेगा। इन बाधाओं की पहचान के लिए शिक्षक को पर्याप्त समय चाहिए होता है। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा के औपचारिक ढाँचे में भी शिक्षक-बच्चों को जितना संभव हो, अनौपचारिक होने दिया जाए।

उन्होंने कहा कि उल्लास का हाल हमारे सामने है। कितनी फोटो-वीडियो ऑनलाइन करवाई गई, शिक्षकों का समय-संसाधन झोंके गए, परिणाम मात्र कागजी हैं, व्यवहार में शून्यता है, जो टूटने का नाम नहीं ले रही। इसीलिए सभी शिक्षक चाहते हैं कि अध्यापकों को फालतू के कामों में न उलझाकर सिर्फ पढ़ने दिया जाए, ताकि हम बच्चों का भविष्य बना सकें। जबकि ऑनलाइन एजुसेट, टैब, स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल बोर्ड द्वारा करवाई गई पढ़ाई के परिणाम भी अभी तक शून्य ही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्रवाल सभा के नए प्रधान के चुनाव के लिए कमेटी गठित

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** रेलवे स्टेशन के नजदीक सिम्बल रोड पर स्थित अग्रवाल सभा के कार्यालय में अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में प्रधान रमेश गोयल ने कार्यकारिणी भंग करके नए प्रधान के चुनाव के लिए 11 सदस्यों की कमेटी गठित की जो आगामी कार्रवाई करेगी। 11 सदस्यों की कमेटी में टेकचंद मोदी, प्रवीन चौधरी, सुरेश सिंगला, नरेश जैन, वाई. पी. गर्ग, प्रवीन जैन बुढलाडा प्लाई वाले, दयाप्रकाश गुप्ता, सुभाष गोयल, अधिवक्ता निशांत जैन, नानू राम मित्तल, सुशील जैन को शामिल किया गया है। इस कमेटी का कोई भी सदस्य प्रधान पद के लिए दावेदारी नहीं कर सकेगा। इस अवसर पर प्रेम गर्ग, जगन्नाथ गोयल, अजय जैन, कैलाश चौधरी, जोगी राम जैन, शशिभूषण गुप्ता, कृष्ण बंसल, ज्ञानी राम बंसल, नरेश मित्तल, कृष्ण गोयल, सतभूषण सिंगला, पवन बंसल, अधिवक्ता राजीव गोयल, राजकुमार पातड़ां वाले, सुरेन्द्र सिंगला, राकेश बंसल, अधिवक्ता रजनीश जैन, मोती सिंगला, अनिल गर्ग, धर्मपाल गुप्ता, प्रवीन गोयल, लवली सिंगला, सतपाल गर्ग, संजय गुप्ता, रवि सहित अग्रवाल सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

### सातवां विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन




**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** श्री मेहंदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से सेक्टर 19 , पार्ट 1 , कम्युनिटी सेंटर में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर सातवां विशाल जागरण , सुन्दरकाण्ड पाठ व अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित राजन शर्मा (जगाधरी वाले) ने सुंदर कांड का पाठ किया और मंच संचालन टोनी निसिंग वाले ने किया। जागरण में प्रसिद्ध भजन सम्राट शीतल पांडे ने बाबा के भजनों पर समां बांधा। उनकी तरफ से गाए गए भजनों से पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो गया। शीतल पांडे की ओर से गाए गए भजन मेरा इतना सा काम कर दो हनुमान, राम जी के चरणों में रहते हो तुम, रामजी जो कहते, वो करते हो तुम। रामजी के संग रहते तुम, आठ याम, रामजी से मिलवा दो होगा एहसान। मेरा इतना सा काम कर दो। खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल, कोई देखे या न देखे बाबा देख रहा है , मेरी कुटिया के भाग आज खुल गए है , पर श्रद्धालु खूब झूमे। साथ में भजन गायिका भावना सवरांजली ने अपने भजनों से सभी को नाचने पर विवश कर दिया , उन्होंने अपने भजन भजन करो भरी जवानी में और देखो देखो आ गया बजरंग वाला है और बता मेरे यार सुदामा से सभी का मन मोह लिया। संस्था की तरफ से अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे हजारों भगतों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के प्रधान संदीप गर्ग ने सभी आए हुए भगतों को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की बधाई दी और जागरण में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मंदीप गर्ग, हैप्पी गर्ग, संजय गर्ग (नमक वाले), विजय गर्ग (साबुन वाले), वेद मित्तल, नंद लाल मित्तल, अश्वनी गर्ग, रोहित बंसल, राकेश गुप्ता, रमन मेहता, बालक राम, बाबू राम टीक, अनिल फूलों वाले, राज कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

### विश्व णमोकार महामंत्र जाप ने रचा इतिहास



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** भारत समेत विश्व भर में णमोकार महामंत्र की गूंज उठी, पूरे विश्व में एक साथ इस महामंत्र का जाप किया गया। यह आयोजन जीतो द्वारा भारत समेत 106 देशों में किया गया। देश के विभिन्न भागों की तरह यमुनानगर जिले के सभी जैन मंदिरों व स्थानक णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। एक साथ इस महामंत्र के जाप से संसार में एक पॉजिटिव ऊर्जा आई। भारत एवं 100 देशों से ज्यादा में रहने वाले लाखों के जैन अनुयायियों के लिए यह दिन अपने आप में ऐतिहासिक बना। क्योंकि इस दिन भारत के धानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी विज्ञान भवन नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस आयोजन में मोदी जी की उपस्थिति से जीतो के पदाधिकारी सदस्यों एवं सकल जैन समाज के अग्रणियों ने खुशी जाहिर की। नवकार महामंत्र दिवस का वैश्विक स्तर पर होने वाला यह आयोजन केवल एक आध्यात्मिक समागम ही नहीं, बल्कि जीतो संगठन और जैन समाज के लिए बहुत गौरव का क्षण माना जा रहा है। अजय जैन, राकेश जैन, नरेन्द्र जैन, संयज जैन, देवेन्द्र आदि पदाधिकारियों ने बताया कि नवकार महामंत्र शांति, करुणा और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत है। नवकार महामंत्र दिवस एकता और प्रतिबद्धता के साथ जैन समाज के धार्मिक इतिहास में नया अध्याय बन कर आने वाली पीढि?ं के लिए एक लेखनीय मिसाल कायम करने करेगा। इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य व्यक्ति महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

# गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा हिमाचल : सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**मुख्यमंत्री ने 70 शिक्षकों को सिंगापुर शैक्षणिक यात्रा पर रवाना किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां से प्रदेश के 70 शिक्षकों को सिंगापुर की शैक्षणिक यात्रा पर रवाना किया। इन शिक्षकों में प्रदेश के सभी श्रेणियों के शिक्षक शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सशक्त और नवाचारी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनमें शिक्षकों को वैश्विक अनुभव दिलवाने की पहल अग्रणी है। उन्होंने कहा कि भ्रमण से ज्ञानार्जन होता है और अनुभव बढ़ता है। शिक्षकों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार ने सिंगापुर की प्रतिष्ठित प्रिंसिपल्स अकादमी के साथ ऐतिहासिक करार किया है। इससे शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और शिक्षण विधियों में अभूतपूर्व सुधार होगा। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और प्रदेश की शिक्षा प्रणाली अधिक समावेशी, प्रभावी और आधुनिक बनेगी।



ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश वर्ष 2032 तक देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दो वर्षों में सरकार द्वारा आरम्भ की गई व्यवस्था परिवर्तन की प्रक्रिया के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। असर (एनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट) द्वारा जनवरी, 2025 में जारी रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश के बच्चों का पढ़ने का स्तर पूरे देश में सबसे बेहतर आंका गया है। इस रिपोर्ट के अधिकांश मापदंडों में हिमाचल स्कूली शिक्षा में देशभर में श्रेष्ठ राज्य रहा है। राज्य स्तर पर किए गए सैंपल सर्वे में भी बच्चों के शिक्षण स्तर में बेहतरी देखी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में बदलाव लाने की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम में सामान्य ज्ञान विषय आरम्भ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी शिक्षा नीति बनाई जाएगी, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव की प्रक्रिया के साथ-साथ गुणात्मक शिक्षा के लिए भी अभिनव पहल और तबादला प्रक्रिया में सकारात्मक बदलाव किए जा रहे हैं।

### अब तक प्रदेश सरकार ने 267 शिक्षकों को सिंगापुर भेजा: रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि अब तक प्रदेश सरकार द्वारा 267 शिक्षकों को सिंगापुर भेजा जा चुका है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। यह कोई साधारण यात्रा नहीं है, बल्कि हिमाचल सरकार की शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा देने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण देने से शिक्षा प्रणाली में मौलिक बदलाव आएंगे। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी विदेश में शैक्षणिक दौरे पर भेजा जा रहा है ताकि वे अपने ज्ञान का विस्तार कर सकें। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दो वर्षों में सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावशाली और दूरदर्शी निर्णय लिए हैं। कलस्टर स्कूल प्रणाली की स्थापना से संसाधनों का सामूहिक उपयोग संभव हुआ है। उन्होंने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें हिमाचल को शैक्षणिक रूप से सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में सहभागी बनने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में सबसे योग्य शिक्षक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है, इसका अध्ययन किया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की नवोन्मेषी पहल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षकों की शैक्षणिक यात्रा प्रेरणा स्रोत बनेगी और वह लौटकर अपने अनुभव विद्यार्थियों से साझा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर की शैक्षणिक यात्रा पर जा रहे शिक्षकों को शैक्षणिक किट भी भेंट की।

सचिव शिक्षा राकेश कंवर ने मुख्यमंत्री व गणमान्यों का स्वागत करते हुए शिक्षकों की शैक्षणिक यात्रा व विभाग की महत्वपूर्ण पहलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केन्द्र में शिक्षक की भूमिका सबसे अहम है। राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा राजेश शर्मा ने आभार प्रस्ताव प्रस्तुत किया और समग्र शिक्षा के तहत किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक संजय अवस्थी, अतिरिक्त निदेशक बीआर शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में ऐसे शिविर निभाते हैं अहम भूमिका : धर्माणी

**राजेश धर्माणी ने ठाई माता मंदिर, कोट में 15वें स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई, 13 अप्रैल।** सेवा समिति, ठाई माता मंदिर, गांव व डाकघर कोट, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर द्वारा आयोजित 15वें स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आज सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया और आयोजन समिति की इस सराहनीय पहल के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की।



धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे शिविर न केवल लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

शिविर में नेत्र, हृदय, स्त्री रोग, अस्थि, सामान्य रोग, ईएनटी, दंत रोग, एक्स-रे, फिजियोथैरेपी, बीएमडी, ईसीजी, ब्लड शुगर, ॥ड्ढ1ष्ट सहित अन्य लैब जांच सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। इस कार्य में डॉ. बैनी राम, डॉ. विजय सहगल, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. नितेश भारद्वाज, डॉ. अनुपा मित्तल, डॉ. सोनाली सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं।

शिविर में 600 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई, जो इस आयोजन की व्यापक सफलता और जन-भागीदारी का प्रमाण है।

राजेश धर्माणी ने समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर सेवा, समर्पण और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीण जनता से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील भी की।

# महिला बैंक मैनेजर से पर्स छीनने वाला गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 13 अप्रैल।** परवाणू में पंजाब नेशनल बैंक की मैनेजर से हैंडबैग छीनने के मामले में पुलिस ने स्नेचर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इससे पहले उत्तर प्रदेश में हत्या के प्रयास व लूटपाट के आरोप में दस साल की सजा काट चुका है।

सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार घटना 7 अप्रैल, 2025 की शाम की है, जब रामपुर बुशैहर की रहने वाली पंजाब नैशनल बैंक की परवाणू शाखा की मैनेजर अपने घर के पास हिमगिरी मंदिर के निकट पहुंची थीं। इसी बीच एक स्कूटर सवार ने उनका बैग छीन लिया, जिसमें बैंक की सेफ वॉल्ट की चाबियां थीं।



महिला की शिकायत पर परवाणू पुलिस ने 8 अप्रैल को मामला दर्ज किया। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर हरियाणा के पंचकुला के टिपरा निवासी 36 वर्षीय नितिन को 12 अप्रैल को परवाणू से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने छीना गया पर्स भी बरामद कर लिया।

जांच में पता चला कि नितिन आदतन अपराधी है और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में हत्या के प्रयास व लूटपाट के मामले में 10 साल की सजा काट चुका है। उसे 13 अप्रैल को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# सोलन के टेथिस फॉसिल म्यूजियम ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस

**डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत**

**देश-विदेश के फॉसिल वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं को किया सम्मानित**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 13 अप्रैल।** सोलन जिला के धर्मपुर के समीप डंग्यारी गांव में हिमाचल प्रदेश के एकमात्र निजी टेथिस फॉसिल म्यूजियम ने अपना तीसरा स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों से अग्रणी वैज्ञानिकों, छात्रों, शिक्षकों और लोगों ने भाग लिया। डीसी सोलन ने इस म्यूजियम के लिए जाने-माने वैज्ञानिक डॉ. रितेश आर्य को बधाई दी और उनके साथ जीवाश्म संरक्षण यात्रा को याद किया। अपने संबोधन में कहा कि जब वह ब्लॉक डवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) के रूप में कार्य कर रहे थे, तब उन्होंने पहली बार डॉ. रितेश आर्य को फॉसिल ट्री को संरक्षित करने के लिए जुनून के साथ काम करते देखा था। उन्होंने प्रमुख जीवाश्म स्थलों को संरक्षित भू-विरासत क्षेत्र घोषित करने के डॉ. आर्य के मिशन का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यह देखना आश्चर्यजनक है कि कैसे एक फॉसिल ट्री से शुरू हुआ जुनून एक राष्ट्रीय आंदोलन में बदल गया है।



अकादमिक अनुसंधान उत्कृष्टता के पुरस्कार विजेता रहे पंजाब यूनिवर्सिटी के डॉ. बी.पी. सिंह। गया केंद्रीय विश्वविद्यालय के गया मिलन के. शर्मा और बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के डॉ. विवेश कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

इसके अलावा कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शामिल पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रो. ओम एन. भार्गव, प्रो. विनोद तिवारी (वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान), प्रो. जीवीआर प्रसाद (दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. वी.पी. मिश्रा (भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण), डॉ. जगमोहन सिंह (पूर्व ओएनजीसी वैज्ञानिक) को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रसिद्ध जीवाश्म विज्ञानी और संग्रहालय के संरक्षक प्रो. अशोक साहनी ने कहा कि यह भारतीय फॉसिल विज्ञान के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। टेथिस फॉसिल पुरस्कार जीवाश्म खोजकर्ताओं और भू-विरासत अधिवक्ताओं की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा। अनुभवी हिमालयी भूविज्ञानी और जूरी सदस्य प्रो. ओम भार्गव ने कहा कि फॉसिल पृथ्वी के विकासवादी रहस्यों को उजागर करने की कुंजी हैं। इस मौके पर पद्मा , जिला पर्यटन अधिकारी, ने संग्रहालय की भूमिका की सराहना की।

### फॉसिल पर दिखाई शार्ट फिल्म...

इस कार्यक्रम में 'द मेकिंग ऑफ़ द टेथिस जीवाश्म संग्रहालय' नामक एक लघु वृत्तचित्र का प्रीमियर दिखाया गया, जिसमें डॉ. रितेश आर्य की जीवाश्म खोज और संग्रहालय के निर्माण की 30+ साल की यात्रा को दर्शाया गया, जिसे परिवार, दोस्तों और स्थानीय समुदाय ने समर्थन दिया। स्थानीय गांव की एक छठी कक्षा की छात्रा ट्विंकल ने जीवाश्मों के साथ अपने अनुभव बातचीत की। मुझे जीवाश्म पसंद हैं क्योंकि वे लाखों साल पहले के जानवरों और पेड़ों की कहानियां बताते हैं!

### टेथिस जीवाश्म पुरस्कार 2025: भू-विरासत में उत्कृष्टता का सम्मान

इस मौके पर देश-विदेश के फॉसिल वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर जीवाश्म विज्ञान और स्ट्रेटीग्राफी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. एस.बी. भाटिया को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। पोस्ट डॉक्टरल फैलो श्रेणी में डॉ. वी. मिर्जा यूनिवर्सिटी डी मोंटपेलियर (फ्रांस) को 10,000 नकद और सर्वश्रेष्ठ जीवाश्म खोज पुरस्कार 2025 देकर सम्मानित किया। इसके अलावा नागालैड विवि के एलोनो थोरी, अशोक विश्वविद्यालय के आकाश श्रीनिवास, केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के असगर हुसैन, केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के तुषार रंजन मोहंती को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए। छात्र श्रेणी वर्ग में सिमरन बंसल (पंजाब विश्वविद्यालय) - 10,000 नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दियागया। इसके अलावा पंजाब यूनिवर्सिटी की इशानी शर्मा व खुशी आर्य सिंह, गया केंद्रीय विश्वविद्यालय के पार्थसारथी बिस्वाल और राजेश स्वैनको उनके कार्य के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# जिला प्रशासन ने दिखाई अपनी ताकत, कठिन परिस्थितियों में देर शाम को किया औट बंजार मार्ग बहाल

**देर शाम तक औट बंजार मार्ग मंगलौर पुल पर हुआ था हादसा**

**प्रशासन ने क्षतिग्रस्त पुल के साथ वैकल्पिक मार्ग को तैयार करके आवाजाही शुरू करवा दी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुल्लू, 13 अप्रैल।** मंगलौर पुल हादसे के बाद जिला प्रशासन ने अपनी ताकत दिखाते हुए देर शाम तक औट बंजार मार्ग बहाल कर दिया। हालांकि पुल बनाने में एक सप्ताह से ज्यादा का समय लगेगा लेकिन प्रशासन ने क्षतिग्रस्त पुल के साथ वैकल्पिक मार्ग को तैयार करके उसमें बहनों की आवाजाही शुरू करवा दी गई है। शनिवार देर शाम तक छोटे बाहनों को आर पार करवाया गया जबकि रविवार को बड़े वाहनों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग बहाल कर दिया गया है।

रास्ता बहाल होने के बाद बंजार घाटी में फंसे सैकड़ों पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। गौर रहे की बंजार घाटी में अप्रैल माह के दौरान ही पर्यटकों का सीजन जोरों से शुरू हो गया है तथा पर्यटकों के सैकड़ो बाहन हर रोज बंजार घाटी की ओर रुख कर रहे हैं।

इस हादसे के बाद जिला प्रशासन भी गंभीर हो गया है और उसने लोक निर्माण विभाग के मैकेनिकल बिग को इस मार्ग पर बने अन्य पूलों के जांच के आदेश भी दिए हैं। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी हिमाचल दिवस पर कुल्लू में मुख्य अतिथि के रूप में झंडा फहराने के लिए आ रहे हैं। और मैं इस दौरे के दौरान हादसे वाली जगह पर जाकर क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करेंगे और विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी करेंगे। बताया जा रहा है कि मैकेनिक विंग के पास बैली ब्रिज बना पड़ा है लेकिन उसे लगाने में एक सप्ताह से ज्यादा का समय लग सकता है। जब तक बेली ब्रिज बनकर तैयार नहीं होता है तब तक वैकल्पिक मार्ग से ही वाहनों की आवाजाही जारी रखने के प्रयास किया जा रहे हैं। उधर, कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बताया कि कुल्लू से रामपुर राजमार्ग 305 पर औट- बंजार के बीच पड़ने वाले मंगलौर पुल के टूटने से राष्ट्रीय उच्च मार्ग पूरी तरह बंद हो गया था।

उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही एसडीएम को प्रशासनिक टीम के साथ घटना स्थल पर भेजा गया था।

उन्होंने कहा कि छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तैयार कर दिया गया है तथा फौरी तौर पर राहगीरों के पैदल चलने के लिए पैदल मार्ग भी बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां पर बैली ब्रिज स्थापित किया जाएगा जिसमें कुछ दिनों का समय लग सकता है।

उपायुक्त ने कहा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ने वाले सभी पुलों की सुरक्षा का आकलन करने के लिए लोक निर्माण विभाग की मैकेनिक विंग को निर्देश दिए गए हैं। ताकि अन्य पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके साथ ही पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि अति भारी वाहनों को इन पुलों से गुजरने से रोका जाए।

# हर्षवर्द्धन चौहान मंगलवार, 15 को सोलन के प्रवास पर

**सोलन, 13 अप्रैल (अप्रस)।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान 15 अप्रैल, 2025 को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं।

हर्षवर्द्धन चौहान 15 अप्रैल, 2025 को प्रातः 11.00 बजे सोलन के ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

# सैनिक कल्याण मंत्री ने सूबेदार कुलदीप चंद की शहादत पर किया शोक व्यक्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 13 अप्रैल।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सूबेदार कुलदीप चंद की वीरगति पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

सूबेदार कुलदीप चंद जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के विरूद्ध एक अभियान में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

सूबेदार कुलदीप चंद हमीरपुर ज़िला की नादौन तहसील के कोहलवीं गांव के निवासी थे। सूबेदार कुलदीप चंद 9 पंजाब रैजीमैंट में तैनात थे।

डॉ. शांडिल ने अपने शोक संदेश में कहा कि शहीद कुलदीप चंद को देश सेवा में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### किन्नौर में प्राथमिक शिक्षक संघ की मीटिंग, अध्यक्ष बोले-

# निदेशालय में डीडीओ पावर समाप्त होने का खतरा, आंदोलन की चेतावनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**किन्नौर, 13 अप्रैल।** किन्नौर के रिकांगपिओ में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित नए निदेशालय और संघ के त्रिवार्षिक चुनाव पर चर्चा हुई। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार प्री-प्राइमरी से बारहवीं कक्षा तक के लिए एक निदेशालय बना रही है।



उन्होंने आगे कहा कि इससे प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। नए प्रस्ताव के तहत शिक्षकों की डीडीओ पावर समाप्त होने का खतरा है। सरकार सेंटर हेड टीचर और खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी के पद को भी समाप्त करने की योजना बना रही है। अध्यक्ष ने कहा कि संघ इन सभी प्रस्तावों का विरोध कर रहा है। पहले भी संघ के प्रतिनिधि शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव से मिल चुके हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि शिक्षकों के हितों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो संघ किन्नौर से लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू करेगा।

बैठक में महासचिव हंसराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टशी खोष्टे, कोषाध्यक्ष सागर जीत, मुख्य संरक्षक शमशेर ढेरयान, प्रेस सचिव भारत भूषण नेगी, पूह मंडल अध्यक्ष पदम राम और निचार मंडल अध्यक्ष योगिंदर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# कनौन में दिखी देव परंपरा की अनूठी मिसाल, रस्सी से खींचकर चोटी पर पहुंचाए भगवान ब्रह्मा और देवी भगवती के रथ

**देवता बनशीरा ने लिया बिठ देवता के रूप में अवतार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुल्लू, 13 अप्रैल।** सेंज घाटी के कनौन में बैसाखी के मेले में देव परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। सुदामा को अपने इष्ट मित्र भगवान कृष्ण के साथ मिलने की चर्चा तो काफी सुनी है लेकिन वहां कनौन में ब्रह्मा ऋषि व देवी भगवती अपने अंगरक्षक देवता के पास मिलने जाना की प्रथा है। ऊंची चोटी पर स्थित बनशीरा को जहां वनों की रक्षा का जिमा है वहीं क्षेत्र की जनता की रक्षा का जिम्मा भी ऋषि वह्मा ने बनशीरा के हाथों में दिया है।



क्षेत्र की रक्षा व प्राकृतिक आपदाओं को टालने के लिए रविवार को सृष्टि के रचियता ब्रहमा व भगवती ने योद्धा देव वनों के अधोपति बनशीरा के साथ देव मंथन किया। घाटी के अराध्य देव ऋषि ब्रह्मा व देवी भगवती के रथों को हजारों श्रद्धालुओं ने रस्सी से खींच कर ऊंची चोटी पर स्थित बनशीरा देवता के मंदिर पर पंहुचाया। अपने अंगरक्षक देवता बनशीरा के साथ देवी भगवती व ऋषि ब्रह्मा ने वर्ष भर में घटने वाली प्राकृतिक अपदाओं के बारे में मवन कर भविष्यवाणी कर हारियनों को सचेत किया। उल्लेखनीय है कि रविवार को देवता ब्रहमा ऋषि के रथ को पुरे लाव-लशकर के साथ मंदिर से बाहर निकाला और देव खेल का निर्वाह कर देव हारियानों ने देवता के स्वर्ण रथ को रस्सी से खींच कर साथ लगते गांव कछैणी में देवी भगवती के मंदिर पंहुचाया। कछियानी मंदिर में ऋपि ब्रह्मा व भगवती महामाई का मिलन हुआ और औ दर्शन के लिए आए हुए सैकड़ों लोगों ने माता भगवती महामाई का आशीर्वाद लिया। बता दें कि आज के दिन महामाई भगवती का जन्म दियाड़ा भी माना जाता है और ऐसे में भूत प्रेत पिशाच व अन्य बुरी आत्माओं से प्रभावित महिलाओं का देवी देव शक्ति से इलाज कर स्वस्थ करती है और वही कई सैकड़ों महिलाओं ने पुत्र प्राप्ति के लिए भी माता भगवती के दरबार में हाजिरी लगवाई। मान्यता है कि माता लक्ष्मी पुत्र प्राप्ति का भी वरदान भी देती है और भूत प्रेत की नजर से प्रभावित महिलाओं पुरुषों का भी देव कार्य विधि से इलाज कर स्वस्थ करवाती है। देव मिलन कर पुनः देवी-देवता के रथ को रस्सी खींचते हुए हजारों श्रदालुओं ने ऊंची चोटी पर बनशीरा देवता के मंदिर पहुंचाया। वहां पर देव हारियानों ने जंगल की लचकदार लकड़ियों से एक गोल रिंग बनाया जिसे स्थानीय भाषा में चैचा कहते है।

बाद में देव आज्ञानुसार देवी व देवता के हारियान आपस में रस्सा कसी की। वहीं अंत में इसे एक ही व्यक्ति सैंकड़ों लोगों में से छुड़ा करले जाता है। मान्यता है कि बनशीरा देवता उस व्यक्ति को पुत्र और धन का वरदान देता है। इस देव प्रक्रिया को देखने के लिए कनौन गांव में सैंकडों ब्रद्धालु पहुंचे। सभी देव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद देव हारियानों ने कुल्लवी नाटी का आयोजन किया।

# डॉ. अंबेडकर की बदौलत संविधान में मिला समानता व स्वतंत्रता का अधिकार : रेखा शर्मा

संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों पर केंद्र सरकार काम कर रही

राज्य स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती पर पदयात्रा का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर की बदौलत देश को ऐसा संविधान मिला, जिसमें स्वतंत्रता और समानता जैसे मूल्यों के तहत सभी नागरिकों – चाहे वे किसी भी जाति, धर्म या लिंग के हों – को समान अधिकार प्राप्त हैं।

राज्यसभा सांसद संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित पद यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थी। नेहरू युवा केंद्र संगठन हरियाणा और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पंचकूला में राज्य स्तरीय पद यात्रा का आयोजन किया गया, जिसे हरियाणा सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।






जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद्र संगठन हरियाणा चंडीगढ़ के निदेशक डॉ. गुरमेल सिंह बाजवा द्वारा की गई। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया, जो उस समय किसी भी देश के पास नहीं था। स्वीडन में महिलाओं को वोट का अधिकार नहीं था, लेकिन हमारे संविधान में पुरुष, महिला और जाति-वर्ग को बराबरी का दर्जा दिया गया। संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों पर केंद्र सरकार काम कर रही है। बाबा साहेब के जन्म से जुड़ी पांच जगहों का पंचतीर्थ की उपाधि दी गई, जहां हर देशवासी उनके जीवन और कार्यों को आसानी से समझ सकता है। अनुसूचित जाति और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए एकलव्य स्कूल बनाए गए, जहां पर मुफ्त में शिक्षा दी जा रही है।

एसीएस विजेंद्र कुमार ने युवाओं को भारतीय संविधान के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अंबेडकर द्वारा संविधान में दिए गए शिक्षा के अधिकार को आगे बढ़ाना होगा।

पद यात्रा राजकीय बहुतकनीकी सेक्टर 26 पंचकूला से प्रारंभ करके डॉ. भी आर अम्बेडकर चौक सेक्टर 26 पंचकूला पर समाप्त हुई, जिसमें लगभग सभी 550 युवाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नेहरु युवा केंद्र के उपनिदेशक श्री प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी युवाओं एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# गुरु गोबिन्द सिंह जी द्वारा स्थापित खालसा पंथ का हम सबको अनुसरण करना चाहिए : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बैसाखी पर्व एवं खालसा सृजन दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज व इनके चार साहिबजादों, गुरु तेग बहादुर सिंह जी महाराज, सिख गुरुओं तथा अन्य सिख योद्धाओं ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। देश व धर्म के लिए हुआ कोई भी बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह पूरे समाज को जोड़ने का माध्यम बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री आज यहां गुरुद्वारा नाका हिण्डोला में खालसा सृजन दिवस एवं बैसाखी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने श्री गुरुग्रन्थ साहिब के समक्ष मत्था टेका। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन बैसाखी के पावन पर्व पर देश और धर्म की रक्षा के लिए 10वें सिख गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने सन् 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। खालसा पंथ की स्थापना करते हुए उन्होंने सन्देश दिया था कि 'सकल जगत में खालसा पंथ गाजे, जगे धर्म हिंदू सकल भंड भाजे'।

गुरु साहिब ने इस पवित्र भाव के साथ अपना अभियान आगे बढ़ाया। गुरु गोबिन्द सिंह के बारे कहा जाता है कि वह शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह ने पूरे देश के सिखों का आह्वान किया। 01 लाख से अधिक सिख एकत्रित हुए। अपने शिष्यों के सामने गुरु साहिब ने कहा कि देश व धर्म की रक्षा के लिए उन्हें कुछ ऐसे लोग चाहिए, जो अपना बलिदान देने को तैयार हो सकें। बलिदान के लिए पंच प्यारे तैयार हुए, इनमें लाहौर के दयाराम, दिल्ली के धरमदास, द्वारका के मोहकमचन्द, जगन्नाथपुरी के हिम्मतराय तथा बीदर के साहिब चन्द सम्मिलित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय क्रूर शासक औरंगजेब का शासन था। उसने अत्याचार की पराकाष्ठा की। हिन्दुओं पर जजिया कर आरोपित किया। मन्दिरों को क्रूरतापूर्वक तोड़ा गया। गुरु गोबिन्द सिंह जी ने अपने 01 लाख शिष्यों के साथ इस ज्वलन्त समस्या पर प्रभावी शंखनाद किया। परमात्मा के विशेषजन जो पूर्ण निर्मल हृदय से कार्य कर सकें, उन्हें विकसित कर एक नया जन्म मान करके उस कार्यक्रम को गुरु साहिब ने आगे बढ़ाया। उन्होंने इस अभियान का नाम खालसा रखा। खालसा का अर्थ है परमात्मा।

श्री योगी ने कहा कि यह वर्ष



इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक ओर गुरु तेगबहादुर जी महाराज का 350वां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर खालसा पंथ के 325 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। गुरु गोबिन्द सिंह जी के बन्दे दुनिया में जहां कहीं भी हैं, वह अपने जज्बे, संघर्ष तथा शौर्य-पराक्रम से अपना लोहा मनवा रहे हैं। यह गुरु साहिब की ही कृपा है कि सिख जहां कहीं भी रहता है, वह वहां बिना झुके, बिना डिगे अपने पथ पर आगे बढ़ता रहता है। इसलिए वह सरदार भी कहलाता है। आज भी प्रत्येक गुरुद्वारे में जाति, धर्म आदि के भेदभाव के बिना लंगर की व्यवस्था की जाती है। यह सैकड़ों वर्षों की विरासत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सब खालसा पंथ के 326वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी गौरवशाली गुरु परम्परा रही है। यह गुरु परम्परा गुरुनानक देव जी से प्रारम्भ होकर शक्ति के पुंज के रूप में आगे बढ़ते हुए पूरे देश के लिए प्रेरणा का माध्यम बन गई। इसकी मिसाल दुनिया में अन्य कहीं नहीं है। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने पुस्तक 'विचित्र नाटक' में अपने वर्तमान व पूर्व जन्मों के बारे में रहस्यों का उद्घाटन किया है। यह हम सबके लिए नई प्रेरणा तथा नया प्रकाश है। यदि हम इस प्रेरणा और प्रकाश से प्रेरित होते रहेंगे, तो हमारे जीवन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। हम निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खालसा पंथ ने अपनी 325 वर्षों की गौरवमयी यात्रा में विधर्मियों का मुकाबला करते हुए न केवल अपने अस्तित्व को बनाये रखा, बल्कि देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु परम्परा का अनुसरण करते हुए उनके विजन को जमीनी धरातल पर उतारने का काम किया। जिस पुरुषार्थ के लिए गुरु गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की, हमें उस पुरुषार्थ का अनुसरण करना है। अपने पुरुषार्थ से डिगने वाली कौम के सामने संकट अवश्य खड़ा होता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आपके पूर्वजों ने तराई की बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने का कार्य किया है। ऐसा सुनने में आ रहा है कि इस क्षेत्र से युवा अन्य देशों में पलायन कर रहे हैं। इधर-उधर जाने के बजाय आप जहां कहीं भी है, वहीं पर अपने कार्य को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इन युवाओं को गौरवशाली परम्परा से परिचित कराया जाना चाहिए। अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिए, जिससे गुरु परम्परा तथा गुरु उपदेशों का अक्षरशः पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु परम्परा के आयोजनों को भव्यता के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी को प्रेरणा और प्रकाश से जोड़ा जा सके। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन लखनऊ में किया गया। आज देशभर में इस प्रकार के कार्यक्रम हो रहे हैं।

# अपने वोटों को साधने के लिए ममता सरकार ने बंगाल को जलने के लिए छोड़ा : शेखावत

अर्थ प्रकाश/मनोहरलाल

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि बहुसंख्यक हिंदुओं पर राज्य में हमले हो रहे हैं और ममता बनर्जी की सरकार चुप है। केवल अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने के लिए छोड़ दिया है।

श्री शेखावत ने रविवार को अपने गृह जिले जोधपुर में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य के संरक्षण में और अपने वोटों के तुष्टीकरण के लिए जिस तरह के हालात बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के चलते हुए बने हैं, वो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि पिछले



दिनों रामनवमी उत्सव के समय और उसके बाद से लेकर अब निरंतर बहुसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं।

धार्मिक आधार पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। मंदिरों को क्षति पहुंचाई जा रही है। बहू-बेटियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उसके बाद में भी ममता बनर्जी की सरकार चुप है और केवल अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने के लिए और हिंदू समाज को भुगतने के लिए छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा यह हालात एक बार फिर आजादी से पहले जिस तरह की व्यवस्था बंगाल में हुई थी, बंगाल विभाजन के समय हुई थी, उसका पुर्नस्मरण कराता है लेकिन मैं ऐसा मानता हूं कि अब जिस तरह की चेतना व्याप्त हुई है, आने वाले चुनाव में बंगाल को इससे मुक्ति मिलेगी और बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

## भारतरत्न डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या संगोष्ठी का आयोजन

सुलतानपुर (टी.डी. पाण्डेय)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुसांगिक संगठन धर्म जागरण समन्वय पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख अभय जी ने आज यहां कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर देश में संस्कृत भाषा को राजभाषा बनाने के प्रबल समर्थक थे। वह कहते थे कि देश की राष्ट्र भाषा संस्कृत हो। इसके लिए उन्होंने संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने का प्रस्ताव भी दिया था। भारतरत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर के एन आई कैम्पस के सीएसए हाल में आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए श्री अभय जी ने कहा कि डॉ अंबेडकर को लगता था कि तमिल उत्तर भारत में स्वीकार्य न हो। उसी तरह हिंदी दक्षिण भारत में स्वीकार्य न हो, लेकिन संस्कृत को लेकर उत्तर और दक्षिण में विरोध की कोई आशंका नहीं थी। शायद यही वजह है कि अंबेडकर ने संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने का प्रस्ताव दिया था।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने पटाखा इकाई त्रासदी पर दुख व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अनकापल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने अनकापल्ली जिले के कोटावुराटला में एक पटाखा निर्माण इकाई में हुई आग दुर्घटना पर गहरा दुख और सदमा व्यक्त किया। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

वाई.एस. जगन ने विस्फोट में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। घटना को बेहद दुखद बताते हुए उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल कदम उठाने और मृतकों और घायलों के परिवारों को पूरी सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने घायलों के लिए उचित चिकित्सा उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया और प्रभावित परिवारों को इस



दुखद नुकसान से उबरने के लिए सभी आवश्यक मदद का आह्वान किया।

वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने वाईएसआर पार्टी नेताओं को बिना देरी किए दुर्घटना स्थल का दौरा करने और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवारों के पुनर्वास और दुर्घटना के बाद उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय करने की भी अपील की।

# चंद्रबाबू का पिछड़ा वर्ग के प्रति प्रेम, एक राजनीतिक नाटक : गोपाल कृष्णा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**राजामहेंद्रवरम।** पूर्व मंत्री और पूर्वी गोदावरी वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष चेलुबोइना वेणु गोपाल कृष्णा ने टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की आलोचना करते हुए कहा है कि उनमें बीसी कल्याण के लिए वास्तविक इरादे की कमी है। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू ने हमेशा पिछड़ी जातियों को वोट बैंक समझा है और वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी जैसे अम्मा वोडी, चेयुथा, चेडोडु, मत्स्यकारा भरोसा और नेथन्ना नेस्थम।

उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू ने जानबूझकर सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को खत्म कर दिया और पिछड़े वर्गों को विकास से दूर रखने के लिए वाईएस जगन के शिक्षा सुधारों को विफल कर दिया। उन्होंने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री की राजनीति जाति आधारित दमन पर आधारित है। बी.सी. व्यवसायों को समर्थन देने वाले कार्यक्रम बंद कर दिए गए, तथा 45 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को चेयुथा जैसे लाभ से वंचित कर दिया गया। बी.सी. के लिए सालाना 10,000 करोड़ देने का वादा करने के बावजूद, चंद्रबाबू



ने 2014-19 के दौरान केवल 20,000 करोड़ खर्च किए। इसके विपरीत, वाईएसआरसीपी सरकार ने पांच वर्षों में बी.सी. के लिए डी.बी.टी. और गैर-डी.बी.टी. पहलों के माध्यम से 1.82 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। वेणु गोपाल कृष्ण ने कहा कि वाईएस जगन द्वारा स्थापित 56 बीसी निगमों पर भी अब चंद्रबाबू झूठा दावा कर रहे हैं। उन्होंने चंद्रबाबू पर स्थानीय निकायों में 34त्न पिछड़ा वर्ग आरक्षण में बाधा डालने का आरोप लगाया, उन्होंने टीडीपी नेताओं को सर्वोच्च न्यायालय में मामला दायर करने के लिए प्रेरित किया, जिससे कोटा घटकर 24त्न रह गया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणियों के साथ पिछड़ी जातियों का अपमान करने तथा लिंगमय्या जैसे पिछड़ी जातियों के नेताओं पर हमले के समय चुप रहने का आरोप लगाया।

## मुख्यमंत्री युवाओं के साथ 'जय भीम पदयात्रा' में हुए शामिल

# 'पंचतीर्थ' और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब से ले रही है प्रेरणा : विष्णु देव साय

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायपुर।** भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। हमारा विशाल लोकतंत्र संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है और बाबा साहब इस ग्रंथ के शिल्पकार थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से 'जय भीम पदयात्रा' का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री स्वयं इस पदयात्रा में युवाओं के साथ शामिल हुए और पदयात्रा के अंतिम पड़ाव में अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रिएम्बल वाल पर अपने हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन छत्तीसगढ़




शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मध्यप्रदेश के मऊ में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद बाबा साहब ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को एक समावेशी और शक्तिशाली संविधान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। साथ ही संविधान दिवस की घोषणा कर देशवासियों को संविधान के प्रति समर्पण का संदेश दिया है।

श्री साय ने कहा कि बाबा साहब की दूरदर्शिता की वजह से आज भारत जैसा विशाल देश अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार समृद्ध कर रहा है, वहीं भारत के साथ आज़ाद हुए अन्य देश लोकतंत्र को साथ लेकर नहीं चल पाए। उन्होंने युवाओं से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनके अगुवाई में ही देश के संविधान का निर्माण किया गया। उनके आदर्शों एवं बताए गए रास्तों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को मुख्य मंच से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, विधायक श्री खुशवंत साहेब, विधायक श्री अनुज शर्मा, विधायक श्री मोतीलाल साहू, युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में युवा, स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित थे।

# पिंजौर स्थित यादविंद्र गार्डन में दो दिवसीय बैसाखी मेले का विधायक कालका ने किया शुभारंभ



श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने मेले मुख्य अतिथि के रूप में करी शिरकत

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में पिंजौर के यादविंद्र गार्डन में दो दिवसीय वैसाखी मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर मेले को रंग-बिरंगा और आनंदमय बना दिया। मेले में रंगोली, भाषण (एक्सटेम्पोर), फेस पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, समूह नृत्य, स्लोगन लेखन, हस्तलेखन, समूह गायन, चित्रकला, वेस्ट से बेस्ट और मेहंदी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में बच्चों और दर्शकों ने पूरे दिन भर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरताज ने अपनी जोशीली प्रस्तुति से कार्यक्रम में उत्साह और उमंग भर दी। मेले परिसर में विभिन्न खाद्य और उपभोक्ता वस्तुओं की दुकानें लगाई गई हैं, जो दर्शकों को विविध अनुभव प्रदान कर रही हैं। जिसमें और अधिक स्कूल प्रतियोगिताएं, स्टॉल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, 13 अप्रैल को प्रसिद्ध पंजाबी गायिका रूपिंदर हैंडा लाइव प्रस्तुति देंगी।

# देवी देवताओं की कथा श्रवण व्यक्ति के ग्रहों के दुष्प्रभाव कम करते हैं : जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज

देश विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं तथा वैश्विक स्तर पर थॉट योगा से हनुमानजी के दिव्य शक्तिपात से कराया दैवीय दृष्टांत दर्शन का अनुभव

हल्द्वानी के विधायक हृदयेश व आईपीएस स्कूल के बल्यूटिया ने लिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

हल्द्वानी। नदी बहती हुई ही अच्छी लगती है, नदी का किसी से कोई संबंध नहीं होता। इसी प्रकार भी साधु संत भी धर्म पताका लिए विचरण करते हुए सर्वमान्य अच्छे लगते हैं। यह कहा परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने। वे बोले, व्यक्ति को वर्तमान में जीना चाहिए। वर्तमान का ही विवेक रखना चाहिए, तभी निश्चित ही भविष्य उज्जवल बनेगा। यहां एमबीपीजी इंटर कॉलेज ग्राउंड में श्रीदेवी भागवत कथा महापुराण कथा यज्ञ पूजा महोत्सव में उन्होंने कहा कि सांसारिक व्यक्ति कितना जीता है यह मायने नहीं रखता वह कैसे जीता है यह मायने रखता है। प्रकृति के नियम को अटल बताते हुए पूज्यपाद जगद्गुरु ने कहा कि प्रकृति भी संतों का सदैव मंगल ही करती है। सत्संग के मुख्य द्वार को मनुष्य की दो आंखें बताते हुए उन्होंने कहा कि पूजा पाठ आराधना अनुष्ठान हो या सिद्ध संतों के श्रीमुख से देवी देवताओं की कथा श्रवण यह सभी व्यक्ति के ग्रहों के दुष्प्रभाव को कम करते हैं। परम प्रतापी हनुमान जी के जन्मोत्सव प्रसंग की बधाई शुभकामनाएं देते हुए पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने कहा कि ज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ संस्कारी बलशाली के रूप में प्रभु श्रीराम की सेवा भक्ति का सबसे बड़ा उदाहरण केसरी नंदन को ही कहा जाता है। इस दौरान सामूहिक रूप से संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ



हुआ। पवनसुत अंजनी कुमार के 1008 नाम से जगद्गुरु ने अतिदिव्य दैवीय दृष्टांत दर्शन का अनुभव उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं एवं वैश्विक स्तर के थॉट योगा पर यूट्यूब से लाइव देख रहे गुरु भक्तों को भी कराया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने अपने दिव्य चमत्कारिक अनुभवों को भी साझा किया।

श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम तमिलनाडु के हल्द्वानी उत्तराखंड चैप्टर के प्रमुख हेमंत पांडे ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः से जप पूजा आराधना साधना के क्रम से शुरू हुए महोत्सव में शाम को काशी के विद्वान पंडितों के माध्यम से सर्व सिद्धि प्रदायक सर्व देवी देवता महायज्ञ में आहुतियां दी गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल थॉट योगा एवं आस्था पर लाइव प्रसारित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि शनिवार को हल्द्वानी के कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश व आईपीएस स्कूल के चेयरमैन दीपक बल्यूटिया ने बतौर अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। बेंगलूरु के गुरुभक्त अश्विन सेमलानी ने भी पूज्य गुरुदेवश्री का वंदन कर आशीर्वाद लिया। विभिन्न व्यवस्थाओं में हेमंत पांडे के साथ दिनेश पांडे, प्रमोद पांडे, पंकज पांडे, नरेश साजवानी, विजय चौधरी, महेश खुल्बे, डॉ मंजुल कांडपाल, रमेश कांडपाल, संदीप बिनवाल, हेमा पांडे, स्वाति पांडे, लीजा पांडे, नीलांश पांडे, यतिन पांडे, भुवन जोशी, धर्मेंद्र पाण्डे, छितिज पाण्डे, करन चौधरी, खष्टी नंद जोशी, डिप्टी सिंह आदि ने सहयोग किया।


इससे पूर्व आयोजन स्थल पर आगंतुक श्रद्धालुओं को कुलदेवता, ईष्टदेवता की दिव्य कृपा प्रदायक दिव्य मंत्रों की गूंज ने अभिभूत किया। इस दौरान निःशुल्क प्रदान किए गए अभिमंत्रित लाल धागे में गांठ देकर कलाई में बांधने का विशेष मंत्र अनुष्ठान भी कराया गया। हेमंत पांडे ने बताया कि पूज्यपाद जगद्गुरु की निश्रा में शनिवार को हनुमान जयंती विशेष पूज्य गुरुदेवश्रीजी द्वारा श्री हनुमानजी के 1008 नामों का विशेष पाठ के साथ हनुमानजी की कृपा से आरोग्य, ऐश्वर्य, बल, सुख-शांति, शत्रु बाधा, भूत-प्रेत बाधा, ऋण बाधा आदि से मुक्ति का अपूर्व अवसर विशेष पूज्य गुरुदेव की दिव्य सिद्धि द्वारा भक्तों को हुआ, श्रीहनुमानजी के दिव्य प्रत्यक्ष दर्शन कर अनेक भक्तों के रोंगटे खड़े हो गए। देवभूमि उत्तराखंड राज्य की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले हल्द्वानी शहर में पहली बार ऐतिहासिक रूप से अनेक दिव्य चमत्कारों के साथ भक्तिमय माहौल में 14 दिनी श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ पूजा महोत्सव की संपन्नता पर स्थानीय ही नहीं देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों में नेपाल मॉरीशस जापान दुबई लंदन अमेरिका आदि शहरों से आए गुरुभक्त भी भावविभोर हो गए।

आप नेताओं का प्रताप बाजवा पर तीखा पलटवार-जो 50 बमों की बात कर रहे हैं, उन्हें पंजाब की शांति से नहीं, सिर्फ अपनी राजनीति से है मतलब

# प्रताप बाजवा पुलिस को पूरी जानकारी दें, नहीं तो माना जाएगा कि उनके संबंध पाकिस्तानी गैंगस्टरों से हैं: चीमा

आप प्रवक्ता नील गर्ग का प्रताप बाजवा से सवाल-अगर बाजवा के पास यह जानकारी थी, तो उन्होंने पंजाब पुलिस या केंद्रीय एजेंसियों को इसकी सूचना क्यों नहीं दी?

बलतेज पन्नू ने प्रताप बाजवा से पूछा-अगर बाजवा को 50 बम आने की जानकारी है, तो वह बताएं बाकी 32 बम कहां-कहां चलने वाले हैं?



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के पंजाब में सीमा पार से 50 ग्रेनेड बम आने के दावे पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और बाजवा पर पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप लगाया।

'आप' पंजाब के वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि प्रताप बाजवा इतने बड़े संवैधानिक पद पर बैठे हुए हैं। उन्हें इस तरह की झूठी बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। अगर उनके पास ऐसी कोई सूचना है तो वह तुरंत पुलिस को इसकी पूरी जानकारी दें और अगर जानकारी नहीं देते हैं तो इससे यही साबित होगा कि उनके संबंध पाकिस्तान के उन गैंगस्टरों से हैं, जो पंजाब की अमन-शांति और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।

चीमा ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की है। अगर उनकी बात झूठ निकली तो उन पर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से भी प्रताप बाजवा के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाने की अपील की।

'आप' प्रवक्ता नील गर्ग ने प्रताप बाजवा से सवाल करते हुए कहा कि अगर उनके पास यह जानकारी पहले से थी तो उन्होंने अभी तक इसकी सूचना पंजाब पुलिस या केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों को क्यों नहीं दी? इतने दिनों तक इस तरह की संवेदनशील जानकारी को छुपाए क्यों रखा?

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कि इस तरह की जानकारी प्रताप बाजवा के पास आने से यह शक पैदा होता है कि क्या उनके तार पाकिस्तान से तो नहीं जुड़े हैं या वे इस साज़िश का हिस्सा तो नहीं है? नील गर्ग ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व खासकर राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से इस मामले पर स्पष्टीकरण देने को कहा और प्रताप बाजवा से इस मामले पर पूछताछ करने की अपील की। आप नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि अगर प्रताप बाजवा को 50 बम आने की जानकारी है तो उन्हें उसका लोकेशन भी पता होगा कि बाकी 32 बम कहां- कहां रखे हुए हैं और आगे किन जगहों पर इस्तेमाल होने वाला है?

उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर बात है कि कांग्रेस के इतने बड़े नेता के पास पाकिस्तान की जानकारी है। इससे आशंका जाहिर होता है कि कहीं प्रताप बाजवा के तार पुराने स्मगलर्स और गैंगस्टरों के साथ तो नहीं जुड़े हुए हैं? अगर कोई लिंक नहीं है तो उन्हें पंजाब पुलिस को बताना चाहिए कि यह जानकारी उनके पास कहां से आई?

उन्होंने कहा कि प्रताप बाजवा को पुलिस जांच सहयोग करना चाहिए ताकि बाकी बमों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से भी इस मामले का संज्ञान लेने को कहा।

### मीडिया की सुर्खियों में छाए रहने की भूख में प्रताप बाजवा ने पंजाब की सुरक्षा तक दांव पर लगा दी: दीपक बाली



आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने शुक्रवार को विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की ग्रेनेड वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा की और इसे जानबूझकर भय पैदा करने वाला बयान बताया। बाजवा ने अपने बयान में पंजाब में 50 ग्रेनेड की उपस्थिति के बारे में कहा था, जिनमें से 18 का कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया है और 32 अभी भी बचे हुए हैं। वरिष्ठ 'आप' नेता दीपक बाली ने बाजवा की टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि यह जनता में दहशत पैदा करने और पंजाब की शांति एवं स्थिरता को कमजोर करने का जानबूझकर किया गया एक प्रयास है। दीपक बाली ने बाजवा के बयान के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस बात पर जोर दिया कि पंजाब की भलाई के बारे में वास्तव में चिंतित एक सच्चे नेता को जिम्मेदारी भरा बयान देना चाहिए। बाली ने कहा, 'अगर बाजवा पंजाब की सुरक्षा को लेकर सचमुच चिंतित थे, तो उन्हें तुरंत पुलिस, खुफिया एजेंसियों या पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सूचित करना चाहिए था। इसके बजाय उन्होंने मीडिया में यह खतरनाक बयान देने का विकल्प चुना जिससे केवल भय और अनिश्चितता ही फैलेगी। बाली ने बाजवा पर पंजाब की शांति के बजाय अपने राजनीतिक एजेंडे को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'उनकी टिप्पणी से स्पष्ट है कि वह पंजाब के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय मीडिया का ध्यान आकर्षित करने में अधिक रुचि रखते हैं। यह अनावश्यक दहशत पैदा करने और प्रचार पाने के उद्देश्य से एक राजनीतिक स्टंट के अलावा और कुछ नहीं है।'

# बाजवा ने नहीं दिया पुलिस को सहयोग, अब भविष्य में होने वाले हर ग्रेनेड धमाके के जिम्मेदार होंगे बाजवा: अमन अरोड़ा

अरोड़ा ने खुलासा करते कहा-कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 11 साल पहले सोनिया गांधी को लिखा था पत्र, जिसमें बाजवा के तस्करों और आतंकियों से संबंधों का किया था जिक्र



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने विपक्ष के नेता प्रताप बाजवा द्वारा पंजाब में 50 ग्रेनेड आने के हालिया दावों की कड़ी आलोचना की। अरोड़ा ने बाजवा के बयानों पर गंभीर चिंता जताई और उनकी विश्वसनीयता व सूचना के स्रोत पर सवाल उठाया।

पार्टी मुख्यालय चंडीगढ़ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान अरोड़ा ने कहा, 'अगर बाजवा को पता है कि पंजाब में 32 ग्रेनेड छिपे हुए हैं, तो उन्हें यह भी पता होना चाहिए कि वे कहां छिपाए गए हैं और उसका टारगेट कौन-कौन हैं। विपक्ष के नेता के रूप में यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे राज्य और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस महत्वपूर्ण जानकारी को पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस के साथ साझा करें।

अरोड़ा ने कहा कि न तो पंजाब के मुख्यमंत्री और न ही पुलिस के पास ऐसी कोई जानकारी है। यदि प्रताप बाजवा के पास यह खुफिया जानकारी है, तो इससे आतंकवादियों और पाकिस्तान की आईएसआई के साथ उनके संबंधों पर गंभीर संदेह पैदा होता है-जो पिछले ग्रेनेड विस्फोटों के लिए जिम्मेदार एजेंसी हैं। उन्होंने कहा कि अपने दावों की पुष्टि करने के लिए संपर्क करने वाले पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बाजवा सहयोगात्मक रवैया नहीं अपनाया है।

अरोड़ा ने चेतावनी दी कि यदि पंजाब में आगे बम से संबंधित कोई घटना होती है तो बाजवा सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि यदि वह बाकी 32 ग्रेनेडों के बारे में जानते हैं, तो आपको उनका स्थान और टारगेट भी पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह यह जानकारी पुलिस के साथ साझा करें या अपनी घटती राजनीतिक प्रासंगिकता को पुनर्जीवित करने के लिए इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देना बंद करें।

उन्होंने बाजवा से निराधार टिप्पणियों के माध्यम से भय फैलाने के लिए पंजाब के लोगों से माफी मांगने को कहा। उन्होंने कहा, 'ऐसे बयानों के माध्यम से पंजाब में भय का माहौल पैदा करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। बाजवा को पूरे राज्य के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।'

अरोड़ा ने लोगों को बाजवा के पिछले विवादास्पद बयान की भी याद दिलाई, जिसमें उन्होंने पंजाब पुलिस को भ्रष्ट बताते हुए उसे भंग करने की मांग की थी। अरोड़ा ने कहा, ÷यह वही पंजाब पुलिस है जिसने आतंकवाद का सफाया किया और हिंसक हमलों पर तेजी से कार्रवाई की। हाल ही में जब मनोरंजन कालिया के घर पर हमला हुआ तो पंजाब पुलिस ने 12 घंटे के भीतर सभी दोषियों को पकड़ लिया।÷

अरोड़ा ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह द्वारा सोनिया गांधी को लिखे गए 11 साल पुराने पत्र का जिक्र किया, जिसमें कैप्टन ने बाजवा के आतंकवादियों और ड्रग तस्करों के साथ संबंधों का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, 'यह पहली बार नहीं है जब प्रताप बाजवा के खिलाफ इस तरह के आरोप सामने आए हैं।

## 58व राशन वितरण समारोह में 51 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जगराओं, 13 अप्रैल।** जगराओं के युवाओं की समाज सेवी संस्था कर भला हो भला सोसायटी द्वारा आयोजित 58वां राशन वितरण समारोह में 51 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। अरोड़ा प्रॉपर्टी एडवाइजर लिंक रोड जगराओं में आयोजित समारोह के मौके पर सोसायटी के चेयरमैन अमित अरोड़ा और अध्यक्ष राजिंदर जैन काका, अध्यक्ष मदन लाल ने कहा कि कर हो भला सोसायटी का गठन मानवता की सेवा के लिए किया गया था और सोसायटी के सभी सदस्य इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा 58 माह पूर्व शुरू किया गया जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरण का कार्य निरंतर जारी है और आज 58वीं मासिक राशन वितरण समारोह में 51 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोसायटी दानदाताओं के सहयोग से अनेक सामाजिक सेवा प्रकल्प चला रही है, शिक्षण संस्थाओं सहित अन्य संस्थाओं को भी उनकी आवश्यकता के अनुरूप आवश्यक उपकरण दिये जा रहे हैं। इस मौके पर सोसायटी सचिव नानेश गांधी, कैशियर नीरज कटारिया, विशाल शर्मा, सुनील बजाज,कमल गुप्ता ,भूपिंदर सिंह मुरली भी मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अनाज मंडी दिड़बा में सरकारी गेहूं खरीद का किया शुभारंभ

पंजाब सरकार किसानों को अनाज मंडियों में हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**संगरूर, 13 अप्रैल।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज दिड़बा की अनाज मंडी में सरकारी गेहूं खरीद की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार किसानों को मंडियों में हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस सीजन के दौरान किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने



दी जाएगी।

इस मौके पर मंत्री ने किसानों द्वारा लाई गई फसल की बोलियां भी लगवाई और मौके पर ही सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा फसल की खरीद सुनिश्चित करवाई गई।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार गेहूं के एक-एक दाने की खरीद और किसानों को 24 घंटे के भीतर भुगतान करवाने के लिए वचनबद्ध है।

हरपाल सिंह चीमा ने दिड़बा के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेहूं की निर्बाध खरीद, लिफ्टिंग, बारदाने की उपलब्धता, परिवहन, मज़दूरी के साथ-साथ बिजली, पीने के साफ पानी, साफ-सफाई और शौचालयों की सुविधा संबंधी किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि सब-डिवीजन के अधीन आने वाली समस्त अनाज मंडियों की निगरानी उपमंडल मजिस्ट्रेट दिड़बा कर रहे हैं और सभी सरकारी खरीद एजेंसियों को सरकार के दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना करने के आदेश जारी किए गए हैं।

इस अवसर पर पनसीड के चेयरमैन महिंदर सिंह सिद्धू, मार्केट कमेटी की चेयरपर्सन प्रो. जसवीर कौर शेरगिल, मंत्री के ओएसडी तपिंदर सिंह सोही, जिला मंडी अधिकारी कुलजीत सिंह समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सन्मति विमल जैन स्कूल जगराओं में बैसाखी का त्योहार मनाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं, 13 अप्रैल।** सन्मति विमल जैन स. सी. पब्लिक स्कूल, जगराओं में डायरेक्टर मैडम शशि जैन के नेतृत्व में बैसाखी का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। बैसाखी पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं ने पर्व की परंपरा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में तीसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पोशाक पहनकर गिद्दा और भांगड़ा डालकर इस कार्यक्रम का जश्न मनाया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षिका ने बच्चों को विशाखी पर्व का महत्व समझाया, वहीं स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने बच्चों को संबोधित किया. बताया कि हमें दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन से सीख लेकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। स्कूल डायरेक्टर मैडम शशि जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को अपनी विरासत से जोड़ना है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की और उन्हें बैसाखी पर्व की बधाई दी. इस अवसर पर मैडम अवनीत कौर, कुलदीप कौर सिद्धू, नवीन गुप्ता, पायल गर्ग, मनदीप कौर, सुनीता रानी आरती गुप्ता, निर्मलजीत कौर, इंदरप्रीत कौर आदि उपस्थित थे।

## श्री सुखमणि लॉ कॉलेज, डेराबस्सी में बाबासाहेब अंबेडकर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 अप्रैल।** श्री सुखमणि लॉ कॉलेज डेराबस्सी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव, उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय व समानता के प्रबल पक्षधर डॉ. अंबेडकर को याद किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें डॉ. दमनजीत सिंह (निदेशक), प्रो. रशपाल सिंह (मुख्य प्रशासक), डॉ. रविंदर (प्राचार्य), डॉ. जी. एन. वर्मा (प्राचार्य), डॉ. मुकेश वर्मा (डीन), फैकल्टी सदस्य और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके महान योगदान को याद करते हुए एक मिनट का मौन रखा गया।

विभागाध्यक्ष प्रो. आयुषी शर्मा ने स्वागत भाषण में डॉ. अंबेडकर के समावेशी और प्रगतिशील भारत के दृष्टिकोण को उजागर किया। इस दिन को छात्रों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं - वाद-विवाद, क्विज़, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ और भाषण आदि के माध्यम से मनाया गया। इन गतिविधियों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान को दर्शाया गया।

प्रो. रशपाल सिंह ने 'डॉ. बी. आर. अंबेडकर का जीवन और पिछड़े वर्गों के विकास की आवश्यकता' विषय पर विचार प्रकट किए और छात्रों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

एसएसजीआई के निदेशक डॉ. दमनजीत ने कहा कि इस समारोह ने न केवल डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान किया, बल्कि यह समारोह डॉ. अंबेडकर को एक सच्ची श्रद्धांजलि थी और छात्रों को समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम का समापन प्रो. रजनी कोहली द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया।

## बीबीएसबी कॉन्वेंट स्कूल सिधवा बेट में बैसाखी का त्यौहार मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं, 13 अप्रैल।** बीबीएसबी कॉन्वेंट स्कूल सिधवा बेट में वैसाखी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चों व अध्यापकों ने स्कूल में सुखमनी साहिब जी का पाठ किया तथा देग चढ़ाई। इसके बाद नर्सरी से लेकर यू.के. तक की विभिन्न कक्षाओं के लिए बैसाखी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा जी के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया तथा शेष कक्षा के बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने संगीतमय धुनों पर नृत्य करके पुरस्कार भी जीते। सभी बच्चे रंग-बिरंगी पंजाबी वेशभूषा पहनकर आए थे। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगे पंजाबी परिधानों में बेहद सुंदर लग रहे थे। इस अवसर पर चेयरमैन सन्नी अरोड़ा, वाइस चेयरमैन राजिंदर कुमार बावा, अध्यक्ष हरिकृष्ण भगवान दास, प्रबंध निदेशक शाम सुंदर भारद्वाज, महासचिव अंजू



बाला व गगनदीप बावा जी तथा स्कूल प्रिंसिपल मैडम मोना ठाकुर जी सहित पूरी प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को बैसाखी के अवसर पर शुभकामनाएं दीं तथा बच्चों को बैसाखी से जुड़े इतिहास के बारे में भी बताया तथा हमारे संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अंत में वैसाखी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को प्रसाद परोसा गया।

## धार्मिक परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों को किया सम्मानित

### धर्मगढ़ के गुरुद्वारा साहिब में 1997 से लगाई जा रही है धार्मिक कक्षाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 13 अप्रैल।** सिख मिशनरी कॉलेज फील्ड गंज लुधियाना द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्मगढ़ व गांव निवासियों के सहयोग से आयोजित धार्मिक परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित किए गए। गांव धर्मगढ़ परीक्षा केंद्र पर धार्मिक परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों को खालसा साजना व बैसाखी के दिन गुरुद्वारा साहिब दीवान हाल में सम्मानित किया गया। इस धार्मिक परीक्षा में कुल 72 बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें ए ग्रेड में 11 बच्चे, बी ग्रेड में 7 बच्चे, सी ग्रेड में 10 बच्चे, पास हुए 32 बच्चे तथा भाग लेने वाले 12 बच्चे शामिल थे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी वर्ष 1997 से श्रद्धालुओं के सहयोग से धार्मिक कक्षाएं संचालित कर रही है। जिसमें गुरुबानी, गुरु इतिहास और रहत मर्यादा को पढ़ाने और विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। सिख मिशनरी कॉलेज फील्ड गंज लुधियाना द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाने वाली परीक्षा में गांव धर्मगढ़ व आसपास के गांवों के बच्चों द्वारा भाग लिया जाता है तथा परीक्षा परिणाम के अनुसार परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर घर से 7 लाख रुपए के सोने के गहने, 19 लाख की नकदी और 4 मोबाइल फोन चुराए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 13 अप्रैल।** बनूड़ थाने के अंतर्गत पड़ते गांव उड़दन में अज्ञात व्यक्तियों ने एक परिवार के सभी सदस्यों को नशीला पदार्थ सुंघाकर घर से सात लाख रुपए के सोने के गहने, 19 लाख रुपए की नकदी और चार मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार के सदस्य गुरप्रीत सिंह पुत्र करमजीत सिंह निवासी गांव उड़दन ने बताया कि शुक्रवार रात को उसके परिवार के सभी सदस्य रोटी-पानी खाकर सो गए। रात के समय अज्ञात व्यक्ति उनके घर की पिछली दीवार फांदकर कमरे में घुसे और कमरे में सो रहे परिवार के सभी सदस्यों को नशीला पदार्थ सूंघा दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद अज्ञात चोर उनकी अलमारी व संदूक में रखे करीब 7 लाख रुपए के सोने के गहने, मकान



बनाने के लिए रखे 19 लाख रुपए की नकदी तथा 4 मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्हें घटना के बारे में तब पता चला, जब वे नशीला पदार्थ सूंघने के कारण देर से जागे। उन्होंने देखा कि अलमारी और बक्सों का सामान बिखरा पड़ा था, तभी उन्हें पता चला कि उनके घर चोरी हुई है। पीड़ित गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना बनूड़ पुलिस को दे दी। जिसके बाद सब-इंस्पेक्टर बहादुर राम ने मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया। इस मामले में संपर्क करने पर जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर बहादुर राम ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल जगराओं में बैसाखी का त्यौहार मनाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं,13 अप्रैल।** डी.ए.वी सैंटनरी पब्लिक स्कूल जगराओं में नर्सरी से कक्षा दूसरी के बच्चे पंजाबी पहरावे मेंआए। प्रधानाचार्य डॉ. वेद व्रत प्लाह जी ने बच्चों को बैसाखी के त्यौहार की जानकारी दी। पंजाबी सभ्याचार के स्टाल लगाए गए जिससे बच्चों को पंजाब की संस्कृति की जानकारी हुई।

अध्यापकों और विद्यार्थियों ने मूल मंत्र का जाप कर कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय के प्रांगण में पंजाबी सभ्याचार के विभिन्न वस्तुएं दिखाई दी जैसे चरखा, पंजाबी जूती, फुलकारी, चित्रकारी, पंजाब का प्रसिद्ध खाना साग- मक्की की रोटी,पकौड़े, लस्सी आदि।

विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न गतिविधियों गिद्दा, भंगड़ा, नृत्य में भाग लिया। नन्हे- नन्हे विद्यार्थियों ने गतका जैसी कृतियों से सबका मन मोह लिया। इस प्रकार सभी बच्चों ने बैसाखी के त्यौहार का खूब आनंद लिया।

### हिमाचल में अगले 3 दिन मौसम रहेगा साफ

# 16 अप्रैल से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, बारिश–बर्फबारी की चेतावनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 14 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश में आज से बारिश का दौर थम जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी 3 दिन मौसम साफ रहने की संभावना है। ढ्ढरूष्ठ का अनुमान है कि 13 से 15 अप्रैल तक प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा और इस दौरान प्रदेश में अधिकतर हिस्सों में धूप खिलेगी। प्रदेश में बीते दिनों हुई बारिश के बाद तापमान में भी उछाल आएगा।

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि प्रदेश में 16 अप्रैल से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसके चलते प्रदेश में 16 और 17 अप्रैल को बारिश होने की सम्भावना है। ढ्ढरूष्ठ के अनुसार इस दौरान किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, शिमला और मंडी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। वहीं मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन में 17 अप्रैल तक मौसम साफ रहेगा। 18 अप्रैल को पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहने के आसार हैं।

बता दें कि शुक्रवार रात से हिमाचल प्रदेश में राजधानी शिमला समेत कई क्षेत्रों में बारिश हुई। लाहौल-स्पीति और किन्नौर के तापमान में काफी गिरावट आई है। मैदानी क्षेत्रों में लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

#### प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान

न्यूनतम तापमान की बात करें तो केलांग में 0.1, कुकुमसेरी में 0.8, नारकंडा में 3.6, कल्पा में 4.8, ताबो में 5.4, कुफरी में 5.7, शिमला में 9.0, मनाली में 9.3, धर्मशाला में 9.8, सोलन में 11.2, ऊना में 11.8, चंबा में 12.0, कांगड़ा में 14.4, मंडी में 14.7, हमीरपुर में 16.5, बिलासपुर में 17.7 और पांवटा साहिब में 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### किसानों-बागवानों को हुआ नुकसान

हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों हुई बारिश के साथ कई जगहों पर भारी ओलावृष्टि हुई है। जिसके कारण किसानों बागवानों को काफी नुकसान हुआ है। सिरमौर ,शिमला हमीरपुर, ऊना जिलों के कई क्षेत्रों में किसानों बागवानों की फसलों को नुकसान हुआ है। जिसके कारण लोगों के चेहरे काफी मुरझाए हुए हैं।

## मुख्यमंत्री सुक्खू पांगी में 14 विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 13 अप्रैल।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिला चम्बा के पांगी में अपने प्रवास के दौरान क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये लागत की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे।

मुख्यमंत्री किलाड़ में 3.75 करोड़ रुपये लागत के कृषि विभाग के आवासीय कमरों, राजकीय उच्च विद्यालय लुज में 1.5 करोड़ रुपये लागत से बनने वाले अतिरिक्त कमरों, राजकीय उच्च विद्यालय मिंधल में 1.5 करोड़ रुपये की लागत के अतिरिक्त कमरों, किलाड़ में 2.13 करोड़ रुपये की लागत के मार्केट यार्ड, किलाड़ में 49.42 लाख रुपये लागत के राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के नए कार्यालय, 1.99 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले स्वास्थ्य उप-केन्द्र रेई, 1.99 करोड़ रुपये की लागत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र हुडान तथा धनवास में 10.51 करोड़ रुपये की लागत से राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की एक मेगावाट सोलर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री 20.88 करोड़ रुपये लागत से निर्मित मिनी सचिवालय भवन किलाड़, 5.62 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आईटीआई भवन किलाड़, किलाड़ में 5.29 करोड़ रुपये लागत से निर्मित बस स्टेंड, किलाड़ में 2.98 करोड़ रुपये की लागत से बस स्टेंड के लिए वैकल्पिक मार्ग, 19.83 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नागरिक अस्पताल किलाड़ का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री किलाड़ में हि.प्र. राज्य सहकारी बैंक के एटीएम का शुभारम्भ करेंगे तथा किलाड़ में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में पौध रोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी व दूरदर्शन से प्रसारित होगा मुख्यमंत्री का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 13 अप्रैल।** हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे, जिसे आकाशवाणी शिमला से 14 अप्रैल, 2025 को सायं 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह संदेश एफएम शिमला, एफएम हमीरपुर, एफएम धर्मशाला और आकाशवाणी शिमला के सभी रिले केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा।

दूरदर्शन केंद्र, शिमला से हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री का संदेश 14 अप्रैल, 2025 को सायं 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा।

## पांगी में हिमाचल दिवस कार्यक्रम के लिए उत्साह व उमंग की बयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चम्बा, 13 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार जिला चम्बा के दुर्गम क्षेत्र, पांगी में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। पांगी के मुख्यालय किलाड़ में 15 अप्रैल, 2025 के कार्यक्रम के लिए क्षेत्र भर में उत्साह एवं उत्सवी माहौल नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा इस जनजातीय क्षेत्र में 78वें हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को आयोजित करने के निर्णय की सराहना करते हुए इस पहल का तहेदिल से स्वागत किया है।

ग्राम पंचायत, किलाड़-1 के प्रधान श्री सतीश ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पूर्व में पांगी क्षेत्र में कभी भी इतने विशाल स्तर का कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पांगी के लोग मुख्यमंत्री के गर्मजोशी से स्वागत के लिए तत्पर हैं, प्रशासन भी कार्यक्रम की तैयारियों में दिन-रात जुटा है।

ग्राम पंचायत, किरयूणी के प्रधान बलवीर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनजातीय क्षेत्रों की ओर विशेष ध्यान दे रहे हैं तथा लगातार इन क्षेत्रों का दौरा भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के नियमित दौरों के सम्बंध में विभिन्न माध्यमों से सूचनाएं मिलती रहती हैं जोकि उनके जनजातीय एवं दुर्गम क्षेत्रों के प्रति विशेष लगाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस दौरे से पांगी के विकास सम्बंधी आवश्यकताओं के प्रति ध्यान आकर्षित होगा और उनकी पंचायत के लोग मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं।

स्थानीय निवासी शिव कुमार ने जनजातीय कल्याण के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस दौरे से स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री क्षेत्रवासियों की चुनौतियों के प्रति गहरी समझ रखते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जनजातीय समुदायों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय सराहनीय हैं तथा उम्मीद व्यक्त की कि भविष्य में भी मुख्यमंत्री क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर उनकी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेंगे।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के गठन के बाद ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनजातीय क्षेत्रों के कल्याण के प्रति गहरी रूचि एवं समर्पण से कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2023 में हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जिला लाहौल-स्पिति के काजा में आयोजित किया गया था, जहां पर मुख्यमंत्री में स्थानीय संस्कृति एवं विकास सम्बंधी मुद्दों के प्रति गहरी रूचि व्यक्त की थी।

# हमीरपुर के शहीद का सैन्य सम्मान के साथ संस्कार

### जम्मू में आतंकियों से मुठभेड़ में गई जान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 13 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के आर्मी अफसर जम्मू के सुंदरबनी सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद कुलदीप चंद का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव मे पहुंचा। उनके पैतृक गांव कोहलवीं में पूरे सैन्य व राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद सूबेदार कुलदीप चंद को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। अंतिम विदाई यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। भारत माता जिंदाबाद, कुलदीप चंद अमर रहे के नारों से हमीरपुर की कोहलवीं घाटी गूंज उठी।

बता दें कि शुक्रवार देर रात आतंकवादियों की घुसपैठ की सूचना पर वह अन्य जवानों के साथ आपरेशन में शामिल हुए थे। इस दौरान उनकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई और इस दौरान आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वह शहीद हो गए।

सेना ने शनिवार को सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा, जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी रैंक 9 पंजाब के बहादुर कुलदीप चंद के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। कुलदीप ने 11 अप्रैल की रात सुंदरबनी के केरी बट्टल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ विरोधी अभियान का बहादुरी से नेतृत्व किया।

सेना ने कहा कि उनकी टीम की वीरता और कुलदीप के बलिदान ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हम इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।


#### 1996 में सेना में भर्ती

कुलदीप वर्ष1996 में सेना में भर्ती हुए थे। वह वर्तमान में 9 पंजाब में सेवारत थे और इन दिनों उनकी यूनिट जम्मू–कश्मीर के अखनूर सेक्टर में थी। इस दौरान घुसपैठ कर रहे आतंकियों को रोकने के लिए सेना और आतंकियों के बीच फायरिंग शुरू हो गई। गोली लगने के बाद कुलदीप घायल हो गए, लेकिन घुसपैठ को नाकाम कर प्राण त्याग दिए।

इसके बाद सेना ने उनके शहीद होने की खबर उनके परिजनों को दी। जैसे ही परिजनों को यह खबर मिली तो पूरे इलाके व जिले में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग व उनके सगे सबंधी शहीद कुलदीप चंद के घर में जुटना शुरू हो गए। शहीद कुलदीप पत्नी, एक बेटा व बेटी को छोड़ गए हैं। शहीद का छोटा भाई विदेश में नौकरी करता है, उसे भी सूचित कर दिया गया।

## हिमाचल में लगे भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग, रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई तीव्रता

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला, 13 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। जमीन के अंदर इसकी गहराई 5 किलोमीटर रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, सुबह 9.18 मिनट पर हल्के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र सुंदरनगर का किआरगी रहा।

जिन लोगों को झटके महसूस हुए वे अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादातर लोग इन्हें महसूस नहीं कर पाए। बता दें कि चंबा, शिमला, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा, किन्नौर व मंडी के कई क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन-5 में आते हैं। इसलिए यहां बार-बार भूकंप आता रहता है।

धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

## कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में डीसी ने धर्मपत्नी संग मनाई बैसाखी

### नन्हें बच्चों संग किया भांगड़ा
### हिमाचली–पंजाबी व्यंजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और परंपराओं की रही धूम
### डॉ. रेणु शेरावत ने बच्चों को दी एआई पर संतुलित निर्भरता की सीख

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धूसाड़ा (ऊना), 13 अप्रैल।** बैसाखी पर्व के अवसर पर जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने अपनी धर्मपत्नी डॉ. रेणु शेरावत के साथ कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। स्कूल के नन्हें बच्चों ने हिमाचली और पंजाबी संस्कृति को जीवंत कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य, गीत, व्यंजन प्रदर्शनी और सांस्कृतिक धरोहरों की झलक देखने को मिली।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत व्यंजनों में सिड्डू, बबरू, कांगड़ी धाम, कचनार की कलियों की सब्जी, और कचनार के फूलों का रायता विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। डीसी जतिन लाल और उनकी धर्मपत्नी डॉ. रेणु शेरावत ने इन पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और बच्चों के साथ मिल जमकर डांस भी किया। दोनों को डांस करता देख स्कूल स्टाफ और उपस्थित गणमान्य लोग भी खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। अपने संबोधन में डॉ. रेणु शेरावत ने बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एआई हमारी सहायता के लिए है, न कि उस पर पूर्ण निर्भरता के लिए। अगर हम एआई पर ही निर्भर हो जाएंगे तो हमारा दिमाग निठल्ला हो जाएगा, इसके अधिक प्रयोग से बच्चों पर पड़ने वाले दुषङ्कप्रभावों की उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के एमडी संदीप पाराशर, हिमाचल प्रदेश किसान संघ के अध्यक्ष ठाकुर चमेल सिंह, अजीज मोहम्मद, शुक्लाम्बर दत्त, डॉक्टर बिन्नी लट्ठ व डीपी महेश शर्मा बंटू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में पारंपरिकता और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

## चंडीगढ़–मनाली हाईवे पर वॉल्वो बस पलटी, 40 यात्री थे सवार; एसपी बोलीं– ड्राइवर ने अचानक नियंत्रण खोया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी, 13 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह 4 बजे बिंद्रबनी के पास डंपिंग साइट के नजदीक एक वॉल्वो बस पलट गई। बस में करीब 35 से 40 यात्री सवार थे।

मंडी के एसपी साक्षी वर्मा के अनुसार, बस चंडीगढ़ से कुल्लू की ओर जा रही थी। बिंद्रबनी के पास ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया। इसके बाद बस सड़क पर पलट गई। यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल जोनल अस्पताल मंडी में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस मौके पर मौजूद है। यातायात को एक तरफा चलाया जा रहा है। सदर थाना मंडी में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# मांगो के समर्थन मे तीसरे चरण के आंदोलन में 16 अप्रैल को कर्मचारी हाथों में मांग लिखी तख्तियां लेकर करेंगे प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले सेनेटरी इंस्टालेशन वर्कर्स यूनियन की गेट मीटिंग मेंटिनेंस बूथ सैक्टर 20 में हुई। और कर्मचारियों को संबोधन करते हुए यूनियन के प्रधान कुलदीप सिंह जनरल सेक्रेटरी अशोक कुमार ने कहा प्रशाशन कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं कर रहा इस लिए तीसरे चरण के आंदोलन मे कर्मचारी मांगो को पुरा करवाने के लिए हाथो में मांग लिखी तख्तियया लेकर 16 अप्रैल को एमसी सब ऑफिस मनीमाजरा मे प्रशाशन और एमसी के खिलाफ प्रदर्शन करेगे। इस लिए सभी कर्मचारी प्रदर्षन में शामिल हो कर प्प्रदर्शन को सफल करे। मीटिंग को संबोधन करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक अश्वनी कुमार ने कहा कि प्रशाशन कर्मचारियों की मांगो की अनदेखी कर रहा है इस कारण कर्मचारियो मे भारी रोष है। इस लिए सभी कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हो त जो प्रशाशन पर दबाव डाल कर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाया जा सके।

# डॉ. अंबेडकर को हराने की साजिश कांग्रेस द्वारा रची गई थी : जयराम

### नेहरू की सीधी निगरानी में कम्युनिस्ट पार्टी के श्रीपाद डी. डांगे के साथ मिलकर डॉ. आंबेडकर को हराने की योजना बनाई थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 13 अप्रैल।** डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत शिमला विधानसभा क्षेत्र के चौड़ा मैदान में आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव एवं पुष्पांजलि के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, गौरव कश्यप, प्रत्याशी संजय सूद, सुरेश भारद्वाज, संजीव कटवाल, सुदीप महाजन , राजीव पंडित एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रतीकवाद से हाशिए पर जाने तक कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर की उपेक्षा की, डॉ. अंबेडकर को हराने की साजिश कांग्रेस द्वारा रची गई थी।1937 के बॉम्बे प्रेसीडेंसी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को हराने के प्रयास में प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी बालू पालवंकर को उनके खिलाफ मैदान में उतारा। हालांकि बालू पालवंकर चुनाव हार गए, लेकिन इस प्रयास ने कांग्रेस की डॉ. अंबेडकर के प्रति विरोध की भावना को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। इसी प्रकार कांग्रेस के बंबई प्रीमियर, बी.जी. खरे ने यह सुनिश्चित किया कि डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा में चुना न जाए। यह नामसुद्र नेता, योगेन्द्रनाथ मंडल थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि डॉ. अंबेडकर बंगाल से संविधान सभा के चुनाव में चुने जाएं। डॉ. अंबेडकर को जिन क्षेत्रों ने वोट दिया था, जैसे कि बारिसाल, जेसोर-खुलना और फरीदपुर- वे मुस्लिम बहुल क्षेत्र न होने के बावजूद, कांग्रेस ने इन्हें पाकिस्तान जाने की अनुमति दे दी, जिससे बाबासाहेब एक बार फिर संविधान सभा से बाहर हो गए। हिंदू महासभा के नेता और नेहरू के मुखर आलोचक, श्री एम. आर. जयकर ने पुणे से अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया ताकि डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा के लिए चुना जा सके।

नेताप्रतिपक्ष ने कहा कि 1952 के लोकसभा चुनाव में, कांग्रेस नेता श्री एस. के. पाटिल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सीधी निगरानी में कम्युनिस्ट पार्टी के श्रीपाद डी. डांगे के साथ मिलकर डॉ. आंबेडकर को हराने की योजना बनाई। इसके लिए अपेक्षाकृत कम चर्चित उम्मीदवार नारायणर एस. काजरोलकर को मैदान में उतारा गया। माननीय भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने यह आरोप लगाते हुए एक याचिका दायर की कि कुल 74,333 मतपत्रों को अस्वीकार कर गिनती से बाहर कर दिया गया, जिससे कांग्रेस द्वारा उनके विरुद्ध रची गई रणनीति उजागर हुई।

भंडारा लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर को संसद से बाहर रखने का प्रयास दोहराया और नारायणर एस. काजरोलकर को दोबारा उनके खिलाफ प्रत्याशी बनाया। स्वयं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. आंबेडकर के विरुद्ध चुनाव प्रचार किया, जिससे उनकी पराजय को सुनिश्चित किया जा सके। एडविना माउंटबेटन को लिखे एक पत्र में पंडित नेहरू ने 1952 के चुनावों में डॉ. आंबेडकर को हराने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जो कांग्रेस द्वारा उनके प्रति अपनाए गए विरोध के भाव को और अधिक स्पष्ट करता है।

# मोदी जी की केंद्र सरकार ने 5 स्थलों - पंचतीर्थ- को विकसित कर बाबा साहेब को दिया सम्मान: कृष्णपाल

## बाबा साहेब ने छुआछूत और जाति प्रथा को दूर करने के लिए किया लंबा संघर्ष, महापुरुष देश की धरोहर होते हैं

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 13 अप्रैल।** भारत सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि महापुरुष देश की धरोहर होते हैं। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की हमारे देश की धरोहर थे। उन्होंने छुआछूत और जाति प्रथा को दूर करने के लिए लंबा संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित बनो, अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करो। बाबासाहेब के सपनों को साकार करना है, तो आगे आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित करें। शिक्षित व्यक्ति ही देश हित, समाज हित के लिए संगठित होकर कार्य करेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को बाबा साहेब की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य पर विधायक धनेश अदलखा के संयोजन में बड़खल विधानसभा के हार्डवेयर चौक पर बाबा साहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री गुर्जर ने विधायक धनेश अदलखा, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष फरीदाबाद पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया । इस दौरान बाबा साहेब अमर रहे, अमर रहे के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत को संविधान बना कर दिया और अंतिम व्यक्ति को जगाने का का कार्य किया। भारत रत्न बाबा साहेब ने बड़ी विषम परिस्थितियों के हालातों में शिक्षा ग्रहण की और विदेशी शिक्षा लेकर भी बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने बाबा साहेब को सम्मान देने का काम किया है वर्ना कांग्रेस ने तो सदा बाबा साहेब का अपमान करने का कार्य ही किया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब के जीवित रहते और उनके निधन के बाद भी उनका अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जबकि भाजपा बाबा साहेब के जीवित रहते व मरणोपरांत, हमेशा उनके साथ रही और उनसे जुड़े 5 स्थलों - पंचतीर्थ- को विकसित करने का काम किया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंच तीर्थों, उनकी जन्म-भूमि महू, शिक्षा-भूमि लंदन, दीक्षा-भूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण-भूमि दिल्ली तथा चौत्य भूमि मुंबई को मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना से जोड़ा गया है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, पार्षद व मंडल अध्यक्ष कर्मबीर बैंसला, नन्द कश्यप, राधे श्याम भाटिया, पूर्व महापौर एवं पार्षद सुमन बाला, जगदीश कुमार, रोहित भाटिया, कार्तिक वशिष्ठ, भाजपा कार्यकर्त्ता एवं अनुसूचित समाज के मुख्य लोग उपस्थित रहे ।

### मोदी जी और नायब सिंह सैनी जी ने बाबा साहेब की नीतियों का अनुसरण कर अनेक योजनाओं का किया क्रियान्वन

बड़खल से विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नीतियों का अनुसरण करके उनकी नीतियों से प्रेरणा लेकर के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की प्रेरणा से अंत्योदय की भावना से अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रहे हैं। देश और प्रदेश में अंतिम व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। गरीब कल्याण योजना के तहत देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को फ्री में अनाज देना, 10 करोड से ज्यादा लोगों को फ्री में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाना, करोड़ों लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करवाना, करोड़ों गरीब लोगों को आवास देना, बीमा योजना लागू करना, देश की आधी से ज्यादा जनता को आयुष्मान भारत के तहत फ्री में इलाज देना, वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क ईलाज उपलब्ध करवाना, बैंक में जनधन खाते खुलवाना, कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को स्किल करना, किसानों के लिए सोयल हेल्थ कार्ड, नीम कोटेड यूरिया, फसल बीमा योजना आदि अनेकों योजनाएं लागू करना, महिलों को सशक्त करना आदि योजनाओं से जन - जन को मजबूत किया जा रहा है ।

### बाबा साहेब ने दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए संघर्ष कर उन्हें न्याय और समानता दिलाई

फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म इंदौर में हुआ था। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने महाराष्ट्र में जाकर शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद विदेशों में भी शिक्षा प्राप्त करके वे बैरिस्टर बने। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अच्छे शिक्षित होने की बदौलत ही उन्हें संविधान सभा ने संविधान निर्माण के लेखन कार्य का काम सौंपा गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को मसीहा कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए संघर्ष किया और उन्हें न्याय और समानता दिलाई, उनके सामाजिक न्याय के लिए किए गए प्रयासों और भारतीय संविधान के निर्माण में योगदान के कारण उन्हें मसीहा के रूप में सम्मानित किया जाता है।

### बाबा साहेब ने दलित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए किये अनेकों सराहनीय कार्य

बल्लभगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने देश के लिए संविधान लिखा और दलित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक सराहनीय कार्य किए। बाबा साहेब ने दलितों के सामाजिक उत्थान के लिए आवाज उठाई और उन्हें शिक्षा, नौकरी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधिकार दिलाए। भाजपा ने देश और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों, महिलाओं सहित हर वर्ग के लोगों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर अंत्योदय योजना स्कीम के तहत उन्हें क्रियान्वित करते हुए उन्हें लाभान्वित कर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत विकास परिषद बल्लभगढ़ के अनुज गुप्ता प्रधान चुने गए



**बल्लभगढ़ (अप्रस/दयाराम वशिष्ठ)।** भारत विकास परिषद बल्लभगढ़ शाखा की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन रविवार को किया गया। जिसमें अनुज गुप्ता अध्यक्ष, अनुराग जिंदल को सचिव व सौरभ गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया। गठन की यह कार्रवाई सेक्टर-12 स्थित एक निजी होटल में आयोजित एक बैठक के दौरान की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला समन्वय संदीप मित्तल ने की। बैठक में 27 सदस्य उपस्थित रहें। इस दौरान सचिव अनुराग जिन्दल ने वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं कोषाध्यक्ष सौरभ गर्ग ने हिसाब का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सभी ने नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। सभी सदस्यों ने भारत विकास परिषद् बल्लभगढ़ शाखा को नई ऊंचाइयों तक पहंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गौरव गुप्ता, मनीष ऐरन, नंदकिशोर अग्रवाल, राकेश कुमार, सतीश फोगाट, अशोक जैन, सुमित मंगला,राहुल बंसल, विपिन मंगला, मुकेश शर्मा, गौरव गोयल, विपुल गर्ग, पुनीत जिन्दल, भरत जैन, अमित गोयल, प्रवीण गुप्ता, पी.सी कौशिक एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सरकार किसानों की जली फसलों का मुआवजा दे सरकार: जसबीर सिंह



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** किसान सभा के जिला प्रधान जसबीर सिंह, जिला सचिव सतपाल आनंद, ब्लाक प्रधान बलवंत धनौरी, जिला उपप्रधान अजमेर सिंह ने कहा कि गांव धनौरी के किसानों की खड़ी फसल बिजली की लाइन की तार टूटने के कारण 15-20 किसानों के 25-30 एकड़ जल कर राख हो गए और कैथल प्रशासन ने किसानों के खेतों में जाकर भी नहीं देखा। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों के खेत बिजली की तार टूटने से जले हैं उन किसानों को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। किसान सभा गेहूं की फसल पर 1000 रुपए बोनस देने, नहरों में पानी छोडने, पिछले दिनों ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे देने, गेहूं की खरीद जल्द शुरू करने की मांगों को लेकर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से किसानों के हरियाणा के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसान आंदोलनकारियों से बात करने की मांग की है। मुख्यमंत्री हरियाणा के किसान आंदोलनकारियों से बात नहीं कर रहे। किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों पर आगामी आंदोलन की योजना बनाएंगे। जिला प्रधान जसबीर सिंह व बलबंत राय धनौरी ने कहा कि हरियाणा सरकार पर सरकारी कृषि मंडियों को धीरे धीरे खत्म करने और उसके निजीकरण की योजना बनाने, कृषि क्षेत्र में कॉर्पोरेट खेती को बढ़ावा देने, असीमित मात्रा में कृषि उत्पादों का भंडारण करने, प्राइवेट बिजली कंपनियों के मुनाफे बढ़ाने के लिए स्मार्ट मीटर योजना को लागू करने के लिए प्राइवेट कंपनियों को खुली छूट देने का आरोप लगाया है। इस मौके पर सतपाल आनंद, बलवंत राय धनौरी, सतबीर सिंह, रामदिया, धर्मपाल, अजमेर सिंह, पूर्व सरपंच व जिला उपप्रधान जसपाल सिंह, जसबीर सिंह, सतपाल सिंह, कुलदीप सिंह, खुशहाल सिंह, भगवान दास आदि उपस्थित थे।

### सुन्दरकाण्ड पाठ, कीर्तन एवं अभिनन्द समारोह का आयोजन

**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंति एवं बैसाखी के पावन पर्व पर एक रुपया एक ईंट चैक के नजदीक महाराजा अग्रसेन नगर में महाराजा अग्रसेन भवन के प्रांगण में सुन्दरकाण्ड पाठ, कीर्तन एवं अभिनन्द समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में अग्रवाल बंधुगण उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया अभिनंद समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार महिपाल ढांडा, समारोह अध्यक्ष भाजपा हरियाणा के उपाध्यक्ष मनीष ग्रोवर, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय बंसल, विशिष्ट अतिथि- पूर्व महापौर नगर निगम रोहतक मनमोहन गोयल, समाज सेवी उद्योगपति सुरेन्द्र जैन, एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन की पुत्र वधू स्मृद्धि जैन, प्रधान नरेश गोयल व लोकेश जैन ने सुन्दरकांड पाठ में महाराजा अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभांरभ किया। बाहर से आये कलाकारों के द्वारा अपने भजनों के माध्यम से ऐसा समा बांधा की सभी झूमन पर मजबूर हो गए और महाराज अग्रसैन के जयकारे से सारा पंडाल गूंज उठा। अतिथियों के द्वारा नव निर्वाचित नगर निगम रोहतक के महापौर राम अवतार बाल्मीकि व समस्त पार्षदों को केसर का तिलक, पग?ी, पटका, स्मृति चिन्ह व महाराज अग्रसैन जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। और सभी ने महाराज अग्रसैन जी की आरती की और आये हुए सभी को प्रसाद वितरित किया। मुख्यअतिथि महीपाल ढांडा ने कहा यह ट्रस्ट बहुत अच्छे कार्य कर रहा है दिन दौगुनी रात चैगुनी उन्नति कर रहा है। यह हर क्षेत्र में जरूरतमंदों की सहायता करता है और रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, आंखों की जांच, दांतों की जांच, गरीब कन्याओ की शादी करवाने आदि अनेकों कार्य करता है।

# स्मार्ट सिटी फरीदाबाद को मिलेंगी 200 ग्रीन इलेक्ट्रिक बसें

- शहर में पर्यावरण, स्वच्छता,पेयजल व्यवस्था, सीवर, सड़क, यातायात प्रबंधन पर मंथन
- भारत सेवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित परिचर्चा में फरीदाबाद के विकास को लेकर मंथन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद, 13 अप्रैल।** भारत सेवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित 'आमने-सामने कार्यक्रम' फरीदाबाद के चहुंमुखी विकास को लेकर परिचर्चा हुई। मैगपाई में आयोजित इस चर्चा में फरीदाबाद के प्रमुख नागरिकों के सामने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण, साफ-सफाई, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सीवरेज, स?क, यातायात प्रबंधन जैसी समस्याओं के समाधान को लेकर मंथन हुआ जिसमें नगर निगम, बिजली बोर्ड, एफएमडीए एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

आमना-सामना कार्यक्रम की शुरुआत भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण सिंघल ने शहर से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे पानी, सड़क, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, बिजली व्यवस्था, नई सड़कों का विकास, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी मुद्दे मंत्री के सामने रखे। साथ-साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। चर्चा में उपस्थित लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बड़ी सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने पीने योग्य पानी कैसे सभी नागरिकों को सुलभता से मिलेगा उसकी जानकारी सभी को दी। कैसे नये बोरवेल लगाने की योजना है। कैसे खारे पानी से मुक्ति मिलेगी। एसटीपी का पानी कैसे फरीदाबाद के 400 पार्कों के पेड़-पौधों एवं पार्क की घास की सिंचाई के लिए मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को लेकर जो शुरुआत की है। हम उसको आगे बढ़ाते हुए एक पौधा अपने माता-पिता के नाम से लगाए। जिससे वह आने वाली पीढ़ियों के काम आऐ। सभी नागरिकों से अनुरोध कि सभी लोग आने वाली जुलाई में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और विशाल पौधारोपण को लेकर भी गंभीरता से कार्य करें।

श्री गोयल ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कहा कि शहरों में से कूड़ा उठाने के लिए एक बहुत बड़ी कंपनी को ठेका दिया गया था। उस कंपनी के प्रमोटर चीन के थे। उन्होने अपना कार्य ठीक नहीं किया। अब उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। आने वाले दो महीने में कूड़ा उठाने के लिए नए लोगों को टेंडर दिया जाएगा। घर-घर से कूड़ा उठाया जाएगा। कूड़ा उठाने के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया की फरीदाबाद आने वाले कुछ महीनों में सुन्दर शहर बनने की प्रक्रिया में नजर आने वाला है। फरीदाबाद के सभी चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण जारी है जिसके तहत रंग बिरंगी लाईट, नई आकृति देना और कैमरे लगेंगे। ओल्ड फरीदाबाद में नया अस्पताल बन रहा है। नया बस अड्डा सेक्टर 61 में बन रहा है। फरीदाबाद में 200 ग्रीन इलेक्ट्रिक बसें आ रही है। श्री गोयल ने कहा कि 'भारत सेवा प्रतिष्ठान' द्वारा परिचर्चा का आयोजन बहुत ही सार्थक प्रयास है। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करता है, बल्कि प्रशासन और समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित कर फरीदाबाद के विकास में एक सकारात्मक भूमिका निभाता है। उन्होंने श्री कृष्ण सिंघल एवं भारत सेवा प्रतिष्ठान का इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

मेयर प्रवीण जोशी ने भी बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निगम प्रशासन जनहित से जुड़े कार्यों में पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन श्री कृष्ण सिंघल, अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सचिव दीपक ठुकराल, कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल गर्ग, सुरिंदर बंसल, अरुण वालिया, राज कुमार सीकरी, अरविंद गुप्ता सहित संस्था के पदाधिकारी, पार्षद कुलदीप सिंह साहनी, मुकेश अग्रवाल, नरेश नंबरदार, समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों में एच के बत्रा, एच एस बांगा, आर एस गांधी, रमेश गुप्ता, आनंद मेहता, डॉक्टर सुरेश अरोरा, डॉक्टर पुनीता हसीजा, गौतम चौधरी, राजीव गिरधर, संजय कुंडू ( पूर्व डीजीपी) आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ बैठक संपन्न हुई।

## सीनियर सिटीजन फोरम ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 13 अप्रैल।** सीनियर सिटीजंस फोरम (रजि0) द प्राणायाम, सेक्टर 82-85, ग्रेटर फरीदाबाद ने 13 अप्रैल को 11वां स्थापना दिवस मनसक्रति स्कूल के सभागार में बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) एस के दत्त थे जबकि गणमान्य अतिथियों में श्रीमती पूजा आहूजा, प्रधानाचार्या, मनसक्रति स्कूल; कर्नल जी एस तोमर(सेवानिवृत्त); मेजर डा0अशोक पंजाबी (सेवानिवृत्त); शहर की मशहूर संगीतज्ञ श्रीमती अंजू मुंजाल, चांदना कपूर व अभिलाष ग्रोवर; फिल्म निर्माता/निर्देशक, सिने मेहता, श्री चन्दन मेहता एवं स्वनया इमेजिंग के डा0निमेष वर्मा उपस्थित रहे। फोरम के अध्यक्ष कैप्टन नाहर ने मुख्य अतिथि, सभी गणमान्य अतिथियों व उपस्थित समुदाय का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में फोरम की स्थापना से अब तक दिवंगत सदस्यों को सामूहिक गीत द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर फोरम ने अपने नये सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया और 8 सदस्यों का जन्मदिन मनाया। साथ ही फोरम ने अपने 16 सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया जिन्होंने अपने जीवन के 75/80 बसंत देख लिए।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कैप्टन नाहर ने जिस उत्साह से देश की सेवा की, उसी उत्साह से फोरम के कार्यकलापों को अंजाम दे रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत न केवल अतिथि गायकों ने अपितु फोरम के अनेक सदस्यों ने एक से बढ़कर एक मधुर गीतों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। फोरम ने मुख्य अतिथि, गणमान्य अतिथियों व आमंत्रित गायकों को उपहार स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्पूर्ण कार्यकारिणी सदस्यों विशेष रूप से श्री अरविन्द शर्मा, महासचिव, श्री मेघराज गर्ग, उपाध्यक्ष, श्री जे के रत्रा, वित्त सचिव का योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम के अंत में, फोरम के उपाध्यक्ष श्री मेघराज गर्ग ने सभी उपस्थित जनों को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया और उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री मोदी आज लिखेंगे हरियाणा के विकास की नई गौरवगाथा: आजाद सिंह

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 अप्रैल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने हरियाणा प्रदेश के लोगों से आग्रह किया कि वह लोग कल 14 अप्रैल को यमुनानगर और हिसार पहुंचकर हरियाणा के इतिहास में नया अध्याय जुड़ने के साक्षी बने। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की तरक्की में कल संयोग से बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर दिवस पर नए मार्ग प्रशस्त होने जा रहे है। हरियाणा की धरती से कल पहली बार राम की नगरी अयोध्या के लिए हवाई जहाज से पहली उड़ान भरी जाएगी। इस उड़ान को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही हरियाणा में बिजली की कमी को दूर करने के लिए यमुनानगर से 800 मेगावाट के नए संयंत्र थर्मल पॉवर प्लांट में यूनिट का शिलान्यास करेंगें। प्रदेश में एक छोर से दूसरी छोर तक एक साथ विकास की गौरव गाथा लिखने का श्रेय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जाता है। आजाद सिंह ने कहा कि दोनों कार्यक्रमों को लेकर कल हिसार और यमुनानगर में प्रदेश स्तरीय रैलियों का आयोजन होने जा रहा है। दोनों रैलियों को लेकर प्रदेश के लोगों में भारी उत्साह है। गली मोहल्लों तक यमुनानगर और हिसार पहुंचने के लिए पूरी तैयारियां की जा रही है। भारी संख्या में पूरी व्यवस्था के साथ-साथ लोग दोनों रैलियों में कल पहुंचेंगे। रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर के भाजपा नेता व कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में न्योता देने में लगे है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में करनाल लोकसभा क्षेत्र के सभी नौ विधानसभाओं के विधायक और क्षेत्र के लोग रैली को सफल बनाने को लेकर दिन रात जुटे है। आजाद सिंह ने कहा कि उन्होंने खुद कई स्थानों पर पहुंचकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने का आग्रह किया है। लोगों ने आश्वासन दिया है की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए प्रदेश के लोग अपना पूरा स्नेह दिखाने के साथ-साथ दोनों रैलियों को बड़े स्तर पर सफल बनाएंगे।

## शराब ठेकों पर लूट करने वाले गिरोह का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**समालखा (अप्रस/मनदीप)।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को शनिवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर देवीलाल पार्क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुखविंदर उर्फ सुख्खा निवासी जगजीवन राम कॉलोनी के रूप में हुई। बीती 27 मार्च की रात आरोपी दोनों जगह पर शराब ठेकों से 2 लाख 30 हजार रूपए की राशि लूटकर फरार हो गए थे। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल निवासी गांजब?, फारूख निवासी कप्तान नगर व फरार साथी आरोपी मोहित निवासी मुरथल के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में खुलासा हुआ फरार आरोपी मोहित अपने एक दोस्त से करेटा गाड़ी मांग कर लाया था।

## जान देकर भी बाबा साहेब निर्मित संविधान व गरीबों के अधिकारों की करेंगे रक्षा: रणदीप सुरजेवाला

- बोले- भाजपा कर रही है दलितों के आरक्षण को खत्म
- संविधान बचाओ-अधिकार बचाओ सम्मेलन में पहुंचे सुरजेवाला भाजपा पर गरजे

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 13 अप्रैल।** बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती पर रविवार को सिरटा रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र में संविधान बचाओ-अधिकार बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

रणदीप सुरजेवाला ने बाबा साहेब अंबेडकर की ओर से निर्मित संविधान पर हो रहे हमलों तथा दलितों के अधिकारों को खत्म करने की साजिश के खिलाफ 'आर-पार की निर्णायक लड़ाई' लड़ने का आह्वान किया है। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा की मोदी व नायब सैनी सरकारें बाबा साहेब के भारत के अधिकारों पर षडयंत्रकारी हमला बोल रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि जहां एक तरफ संविधान सम्मत दलितों के आरक्षण को भाजपा खत्म कर रही है। दलितों के कल्याण की स्कीमों का बजट काट साजिशन तरीके से उन्हें सरकार में हिस्सेदारी से बाहर निकाला जा रहा है। यह बाबा साहेब अंबेडकर की सोच व शिक्षा, दोनों के ही खिलाफ है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर संकल्प लें कि बाबा साहेब के सपनों को साकार करेंगे व भाजपा की दलित विरोधी सोच को हराकर दम लेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा अब संविधान, आरक्षण, दलित अधिकार मिटाने में लगी है। हम उनसे लड़ेंगे व जीतेंगे। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकारों व सामाजिक न्याय को रौंदने के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का समय अब आ गया है। इस अवसर पर सुदीप सुरजेवाला, पीएल भारद्वाज, सुरेश रोड़, रामचंद्र गुर्जर ढांड, सतबीर दबलैन, सुरेन्द्र रांझा, विक्की भोला, शमशेर भोला, लखमी पबनावा, रामनिवास छौत, ताराचंद भोला, सुरेश लोधर, मांगे राम सिरोही, भगवान दास सिरोही, संजय भौरिया, एडवोकेट अनिल, विकास सौदा पार्षद, अरुण राणा, अमन भोला, सुरजीत बाबा, रज्जी

# मृत्यु के देवता यमराज की धरती पर लगती है कचहरी, मरने के बाद इस मंदिर में जाती है आत्मा

हिंदू धर्म में पुनर्जन्म का विधान है। धार्मिक ग्रंथ गरुण पुराड़ में पुनर्जन्म के बारे में काफी विस्तार से बताया गया है। गरुण पुराण के मुताबिक व्यक्ति द्वारा उसके जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर पुनर्जन्म मिलता है। कहा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति पाप और अधर्मी होता है, तो उसको मरने के बाद नरक प्राप्त होता है। वहीं पुण्य और अच्छे कर्म करने वाले व्यक्ति को मरने के बाद स्वर्ग की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मरने के बाद यमराज व्यक्ति के कर्मों का पूरा ब्योरा जानकर उसे फैसला सुनाते हैं। अच्छे कर्म करने वालों को स्वर्ग और बुरे कर्म करने वालों को नर्क प्राप्त होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यमराज की अदालत कहां लगती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके बारे में विस्तार से जानकारी देने जा रहे हैं।हिमालय की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश अपने रहस्यों और प्राकृतिक खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। हिमाचल प्रदेश में कई छोटे-बड़े अनोखे मंदिर मौजूद हैं। इनमें से एक मंदिर चंबा जिले के भरमौर में स्थित है। यह मंदिर मृत्यु के देवता यमराज को समर्पित है। मान्यता के अनुसार, इस मंदिर में मृत्यु के देवता यमराज विराजते हैं। वहीं इस मंदिर के एक अन्य कक्ष में चित्रगुप्त विराजमान हैं। भाईदूज के दिन इस मंदिर परिसर में मेला का आयोजन किया जाता है।



भाईदूज के दिन इस मंदिर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हालांकि काफी कम लोग ही मंदिर के कक्ष में जाते हैं। बाहर से ही लोग मृत्यु के देवता यमराज को प्रणाम कर लेते हैं। इसके साथ ही अनजाने में हुए पाप के लिए क्षमा याचना कर लेते हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, किसी व्यक्ति के मरने के बाद उसकी आत्मा को यमराज के दूत सबसे पहले इसी मंदिर में लेकर आते हैं। आसान शब्दों में समझे तो व्यक्ति के मरने के बाद यमराज की अदालत में आत्मा की पहली हाजिरी लगती है। मृत्यु के देवता यमराज को चित्रगुप्त कर्मों का लेखा-जोखा सुनाते हैं। इसके बाद यमराज उसे स्वर्ग और नर्क का फैसला सुनाते हैं। इस मंदिर के चारों दिशाओं में अदृश्य द्वार हैं। इन दरवाजों से यमराज के दूत अच्छे कर्म करने वाले को स्वर्ग ले जाते हैं और बुरे कर्म करने वाले को नरक ले जाते हैं।

# विनम्र स्वभाव वाला ही पहुंचाता है शिखर पर: मुनिश्री विनय कुमार जी

**सुनाम।** विनम्रता का क्या अर्थ है नम्र स्वभाव। मनुष्य का विनम्र स्वभाव उसे सबका प्रिय बना देता है। जिस प्रकार आभूषण सबको प्रिय लगते हैं उसी प्रकार व्यक्ति की विनम्रता सबको प्यारी लगती है, इसीलिए देखा जाता है कि विनम्र व्यवहार वाला व्यक्ति संसार में ऊंचाई पर पहुंच ही जाता है। जितने भी महान व्यक्तित्व इस संसार में हुए उनके जीवन चरित्र में, उनको प्रभावशाली बनाने में, विनम्रता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।विनम्रता मानव का प्रथम गुण है। यह हमे उदार होना सिखाती है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने रविवारीय सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा विनम्रता पत्थर को भी मोम कर देती है, नम्रता सारे सद्गुणों का दृढ़ स्तंभ होती है,जो हमारे व्यक्तित्व का परिचय देती है।बुद्धिमान पुरुष की पहली पहचान उसकी विनम्रता ही होती है।हम अपने सारे सद्गुणों का सदुपयोग भी तभी कर पाते हैं,जब हम विनम्र होते हैं।हमेशा हम इस बात का ध्यान रखें,जहां विनम्रता से काम हो,वहां हम उग्र कभी ना हों। इसलिए, किसी ने कहा है जब दोस्त बना कर काम हो सकता है,तब दुश्मनी करने की क्या जरूरत है।



विनम्र स्वभाव वाले व्यक्ति दूसरों की बातों को ध्यान से सुनते हैं,और उनमें विनम्रता से अपने विचारों को समझाने की भी निपुणता होती है। उन्में अपनी गलती को स्वीकार करने का साहस होता है। ऐसा व्यक्ति सबका विश्वास आसानी से अर्जित कर लेता है,और इस विनम्रता की वजह से ही सभी लोग उसे सम्मान की दृष्टि से भी देखने लगते हैं। विनम्र स्वभाव वाले व्यक्ति को सफलता, समृद्धि,सभी आसानी से जीवन में प्राप्त हो जाती है।विनम्र व्यहार वाले व्यक्ति के जीवन में एक समय ऐसा आता है,जब बहुत से लोगों का झुंड उसके साथ होता है। विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व का आभूषण है। इसके माध्यम से हमारा व्यक्तित्व खूबसूरत बनता है, क्योंकि विनम्र होकर ही हम पात्रता अर्जित कर सकते हैं। विनम्र होकर हम ग्रहण करना सीखते हैं और विनम्रता के कारण ही हम दूसरों से जुड़ पाते हैं। भारतीय संस्कृति में इसी विनम्रता को व्यक्त करने के लिए प्रणाम और अभिवादन करने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बड़ों के सामने झुककर अशीर्वाद लेने की प्रथा है। हमारे जीवन में विनम्रता बनी रही, इसलिए प्रार्थना, स्तुतियां आदि की जाती हैं, दूसरों की सेवा-सहायता और दान किया जाता है। इन सब से हमारे मन का अहंकार गलता है, मन धुलता है और हम अधिक विनम्र होने के साथ-साथ कृतज्ञ बनते हैं।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया जो नम्र होकर झुकते हैं, वही ऊपर उठते हैं। विनम्रता न केवल हमारे व्यक्तित्व में निखार लाती है, बल्कि कई बार सफलता का कारण भी बनती है। विनम्रता के कारण जो सम्मान मिलता है, उसका एक अलग महत्व है। मन की कोमलता और व्यवहार में विनम्रता एक बड़ी शक्ति है। इस शक्ति के कारण ही हम खुद पर और अन्यों पर काबू पा सकते हैं। इससे स्वाभाविक है कि जब हम खुद पर नियंत्रण पा लेते हैं तो इस कला से हम किसी को भी अपने नियंत्रण में कर सकते हैं, और खुद को व अन्यों को सुख दे सकते हैं।मनुष्य भौतिक और आध्यात्मिक दोनों ही क्षेत्रों में उच्चस्तरीय सफलताएँ प्राप्त कर सकता है। सफलताओं के सभी द्वार उसके लिये खुले हुए हैं।

# भारत विकास परिषद बल्लभगढ़ के अनुज गुप्ता प्रधान चुने गए



**अनुराग जिंदल सचिव व सौरभ गर्ग कोषाध्यक्ष चुने गए**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

बल्लभगढ़। भारत विकास परिषद बल्लभगढ़ शाखा की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन रविवार को किया गया। जिसमें अनुज गुप्ता अध्यक्ष, अनुराग जिंदल को सचिव व सौरभ गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया। गठन की यह कार्रवाई सेक्टर-12 स्थित एक निजी होटल में आयोजित एक बैठक के दौरान की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला समन्वय संदीप मित्तल ने की।

बैठक में 27 सदस्य उपस्थित रहें। इस दौरान सचिव अनुराग जिन्दल ने वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं कोषाध्यक्ष सौरभ गर्ग ने हिसाब का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सभी ने नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। सभी सदस्यों ने भारत विकास परिषद् बल्लभगढ़ शाखा को नई ऊंचाइयों तक पहंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर गौरव गुप्ता, मनीष ऐरन, नंदकिशोर अग्रवाल, राकेश कुमार, सतीश फोगाट, अशोक जैन, सुमित मंगला,राहुल बंसल, विपिन मंगला, मुकेश शर्मा, गौरव गोयल, विपुल गर्ग, पुनीत जिन्दल, भरत जैन, अमित गोयल, प्रवीण गुप्ता, पी.सी कौशिक एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पहला हरियाणा के विकास में डिजिटलाइजेशन की भूमिका और दूसरा विषय, प्रगतिशील हरियाणा के लिए महिलाओं को अधिक सशक्त बनाने संबंधी रहा। इस दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए वर्तमान नीतियों का मूल्यांकन और सुधार हेतु सुझाव पर युवाओं ने विचार प्रस्तुत किए।

# अगर फूलों के मार्ग पर चलेंगे तो महक प्राप्त होगी

गुरुमुख गाय की तरह होता है और मनमुख सांप की तरह। जैसे गाय को हम घास डालते हैं। कई बार घास मिल जाती है, कई दफा हरी घास नहीं भी मिलती है। सूखी घास उसको दे दी जाती है। तब भी गाय हमें दूध ही देती हे। देसरी तरफ सांप को कटोरे में डालकर हम दू भी दे दें, तब भी हम जानते हैं कि उसके पा तो विष है। वह तो दूध पी के भी डंक ही लगाता है, क्योंकि उसके पास जो है, वही उसने देना है।

गुरुमुख महापुरुषों को हमेशा दूसरों की सहायता करने वाला ही माना जाता है। वे दूसरे का बोझ बांटने वाले माने जाते हैं। उनके सहारे अनेकों-अनेकों का भी पार उतारा हो जाता है। जैसे कील बहुत तीखी होती है। उसको हम किसी लकड़ी में गाड़ देते हैं, तो वह सुराख कर देती है। नुकसान कर देती है। अगर उसको पानी में फेंका जाए तो वह पानी में डूब जाएगी और बच नहीं पाएगी। लेकिन उसी पानी में अगर एक लकड़ी का शहतीर तैर रहा हे, उसके उपर अगर उस कील को रख दिया जाता हे ता उस शहतीर के साहरे उस कील का पार उतारा भी हो जाता है। इसी प्रकार महात्माओं के सहारे से मनमुख भी तर जाते हैं।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

माया के इस अंधकार में आज इन्सान का पहचानना ही मुश्किल हो गया है कि भक्त कौन सा है और शैतान कौन सा है? ज्ञानी कौन सा हे, अज्ञानी कौन सा है? लेकिन जब उसका कर्म या व्यवहार हमारी आंखों के सामने आता है, हमारे लिए उनके कर्म ही मार्गदर्शक हो जाते हैं। पहचान का साधन बन जाते हैं।

सन्तों महापुरुषों ने हमेशा इन्सान को सुमति प्रदान की है, ऐसा विवेक प्रदान किया है कि इन्सान सोच-समझ सके कि कांटों के रास्ते पर चलने से तो चुभन ही महसूस होगी दुख ही महसूस होगा और अगर फूलों के मार्ग पर चलेंगे तो महक प्राप्त होगी, आनन्द ही प्राप्त होगा। संसार कांटों को उठाकर बिखेर भी रहा है, जिससे कोई वहां से गुजरे तोउनको वे कांटे कष्ट दं। लेकिन महापुरुष सन्त कांटे बिखेरते नहीं, बल्कि कांटे समेटने का काम करते हैं। उनको यह विधि प्राप्त होती है, उनके पास एक ऐसा रहस्य होता है, जिससे वे सबको सुख देते हैं। इस सच के साथ नाता जोड़ने से इसको हर पल, हर हाल में समर्पित होने से, ऐसाएक साधन ये गुरुमुख महापुरुष बता दिया करते हैं कि वही सबके लिए सुख का साधन बन जाता है। वरना ये संसार का पसारा, माया का पसारा तो कदम-कदम पर है, लेकिन इस निराकार परमात्मा क साथ नाता जोड़कर उसकी अहमियत महापुरुष खुद भी समझता है तथा औरों को भी समझाकर सुखी कर देता है। जैसे बिच्छु डंक मारना नहीं छोड़ता और सन्त उसे बचाने का परोपकार नहीं छोड़ते। इसी तरह गुरुमुख अपना परमार्थ का मार्ग नहीं छोड़ते, भल ही मनमुख उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहें।

महापुरुष कहते हैं कि हे इन्सान, पशु, पक्षी भी अपना कार्य नहीं छोड़ते, लेकिन तू ही अपने कार्य को छोड़ देता है, तू ही हमेशा भटका है। इसलिए किसी वेद, किसी शास्त्र, किसी ग्रन्थ, किसी महापुरुष की रचना में किसी परिन्दे को सम्बोधित करके नहीं कहा गया कि घोडे, तू घोड़ा बन जा, पशु तू पशू बन जा। नहीं। वे उन योनियों वाले होकर भी कार्य करते जा रहे हैं।

## पंचांग

सोमवार, 14 अप्रैल, 2025, सूर्योदयः 05:57 ए एम, सूर्यास्तः 06:46 पी एम, चन्द्रोदयः 08:07 पी एम, चन्द्रास्तः 06:22 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः प्रतिपदा - 08:25 ए एम तक, नक्षत्रः स्वाती - 12:13 ए एम, अप्रैल 15 तक, योगः वज्र - 10:39 पी एम तक, करणः कौलव - 08:25 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 09:40 पी , सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 07:33 ए एम से 09:09 ए एम, गुलिक कालः 01:58 पी एम से 03:34 पी एम, यमगण्डः 10:45 ए एम से 12:22 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:56 ए एम से 12:47 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:47 पी एम से 01:38 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:21 पी एम से 04:12 पी एम, अमृत कालः 02:18 पी एम से 04:07 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** बहुत ज्यादा मानसिक दबाव और थकान परेशानी की वजह बन सकता है। सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें।

**वृषः** आप जो भी काम करना चाहेंगे वो आपके मन- मुताबिक पूरे होंगे। साथ ही नये व्यापार में लाभ मिलने के भी चांस बन रहे है।

**मिथुनः** खास मामलों में फैसले करना कठिन होगा। कामकाज में मन कम लगेगा। कोई न कोई चिंता भी रहेगी।

**कर्कः** लंबी यात्राओं से बचने की कोशिश कीजिए। आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें।

**सिंहः** मेहनत से आगो बढ़ें। आज आप दूसरों की जितनी मदद करेगें, उसका दोगुना प्रतिफल आपको भविष्य में मिलेगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र में पदोन्नति के योग बन रहे हैं। बिजनेस में धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज प्रेमी और जीवनसाथी ही आपकी बड़ी ताकत होगा।

**तुलाः** जल्दबाजी में निवेश न करें अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुकसान हो सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मौज-मस्ती करें।

**वृश्चिकः** आज आपका उदार भाव लोगों को काफी प्रभावित करेगा। लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। नयी योजना बना सकते है, धनलाभ के योग बन रहे हैं।

**धनुः** निचले वर्ग के लोगों से मदद और फायदा मिल सकता है। बिजनेस में नई योजनाएं सामने आ सकती हैं।

**मकरः** सकारात्मक सोच के जरिए इस समस्या से निजात पाएँ। किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी, हालाँकि आपके खर्चे बढ़ सकते हैं।

**कुंभः** ऑफिस में आज उलझे हुए मामले क्लीयर हो जायेंगे। आज आपको कार्यक्षमता के आधार पर सफलता मिलेगी।

**मीनः** आपके कामकाज में या उनको करने के तरीकों में थोड़ा बदलाव आ सकता है। नौकरी और बिजनेस में मन कम लगेगा।

# ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर 15 को जिला सोनीपत पहुंचेगी साइक्लोथॉन: डा. मनोज कुमार

**साइक्लोथॉन में भाग लेने के लिए जिलावासियों में जोश व उत्साह का माहौल**

**रोहतक जिला से सोनीपत में प्रवेश करने पर गांव सिसाना में विधायक पवन खरखौदा करेंगे साइक्लोथॉन का स्वागत**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 13 अप्रैल। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन (साइकिल यात्रा) 15 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। नशा मुक्ति का संदेश लेकर आ रही इस ऐतिहासिक यात्रा के स्वागत व उसमें भाग लेने को लेकर जिलावासियों में उत्साह और जोश का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं व जिले से हजारों की संख्या में लोग पूरे जोश और उत्साह के साथ साइकिल यात्रा का स्वागत करने को उत्सुक हैं।

उपायुक्त ने बताया कि सबसे पहले यह यात्रा रोहतक जिला की ओर से जिला के गांव सिसाना में प्रवेश करेगी, जहां एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव सिसाना में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा साइक्लोथॉन का स्वागत करेंगे और फिर हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना करेंगे। इस आयोजन में जिले के हजारों साइकलिस्ट भाग लेंगे और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।

इसके बाद यह यात्रा खरखौदा शहर, गांव झरोठ, कंवाली, तुर्कपुर, मण्डौरा, नाहरा, मल्हा माजरा, छतेहरा बहादुरपुर, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, आईटीआई चौक, सुभाष चौक, गीता भवन चौक, तीरंगा चौक से होते हुए जिला पुलिस लाईन में रात्रि ठहराव करेगी। इसके पश्चात 16 अप्रैल को सुभाष स्टेडियम से सोनीपत विधायक निखिल मदान साइक्लोथॉन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके पश्चात यह साईकिल यात्रा तीरंगा चौक, गीता भवन चौक, देवीलाल चौक, गांधी चौक, अग्रसेन चौक, जीटी रोड़ स्थित मुरथल चौक, लड़सौली, गन्नौर शहर से होते हुए सीसीएएस जैन कॉलेज गन्नौर में रूकेगी, जहां पर आयोजित समापन समारोह कार्यक्रम में गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान साईकिल यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर पानीपत के लिए रवाना करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है। हिसार से शुरू हुई यह साइक्लोथॉन पूरे राज्य में युवाओं को जोड़ते हुए एक सामाजिक परिवर्तन की अलख जगा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है और जिले में बड़ी संख्या में लोगों ने इस साइक्लोथॉन के लिए पंजीकरण करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा और इसके जरिए युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने में अपना योगदान दें।

**साइक्लोथॉन के लिए रजिस्ट्रेशन जारी**

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि यह सिर्फ एक साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि एक जन जागरूकता की लहर है—जो गांव-गांव, गली-गली में यह संदेश लेकर जाएगी कि नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन में हिस्सा लेने के लिए जिन युवाओं ने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वे तुरंत लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाएं।

# सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों में की जा चुकी है 76 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 31 हजार 578, हैफेड द्वारा 29 हजार 995, एचडब्लूसी द्वारा 13 हजार 321 व एफसीआई द्वारा 1673 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत । उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद तेज हो गई है। शनिवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 76 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 76 हजार 567 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 31 हजार 578 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 29 हजार 995 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 13 हजार 321 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 1673 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में भैंसवाल खरीद केंद्र पर 140 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 35 मीट्रिक टन, दातौली खरीद केन्द्र पर 1032 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 2790 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 9660 मीट्रिक टन, गोहाना मण्डी में 17387 मीट्रिक टन, हुल्लहेड़ी खरीद केन्द्र पर 118 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द पर 390 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 1460 मीट्रिक टन, खरखौदा मण्डी में 17114 मीट्रिक टन, मोहाना खरीद केन्द्र पर 1555 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 1770 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 3706 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 2110 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 426 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 2070 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 1150 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 3360 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मण्डी में 10294 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त ने बताया कि 76 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं को 5930 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है।

# पानीपत की एनवी आर्चरी एकेडमी के खिलाड़ियों ने हरियाणा स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप में जीते चार पदक

**पानीपत के अयु ने दो गोल्ड और हरित ने दो सिल्वर मेडल अपने नाम किए, पानीपत जिला कोच नागेश्वर वशिष्ट ने दी बधाई**

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन

**पानीपत।** हरियाणा राज्य बालक तीरंदाज़ी प्रतियोगिता का आयोजन 10 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक भिवानी जिले के गांव संगा में किया गया, जिसमें पूरे राज्य से विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पानीपत की एनवी आर्चरी एकेडमी के दो होनहार खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक जीतकर जिला और एकेडमी का नाम रोशन किया। श्री चैतन्य स्कूल के छात्र अयु ने अंडर-10 कंपाउंड राउंड में दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि पीआईईटी एनएफएल स्कूल के छात्र हरित ने अंडर-10 रिकर्व राउंड में दो रजत पदक हासिल किए। इस मौके पर उपस्थित पानीपत जिला आर्चरी कोच श्री नागेश्वर वैष्टि ने कहा कि ÷मैं इन दोनों छात्रों को करीब से जानता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि ये आगे भी ऐसे ही शानदार प्रदर्शन करते रहेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर भी दमदार उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अयु के पिता श्री अभिषेक ने कहा कि यह हमारे पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है और हम अयु को हर संभव सहयोग देते रहेंगे।÷ वहीं हरित के पिता श्री सत्यवान ने कहा कि हरित की मेहनत रंग लाई है, और हम उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।÷ एनवी आर्चरी एकेडमी की इस सफलता ने सभी युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा दी है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।




# बैटरी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, चोरीशुदा बैटरी बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने कम्बाईन की बैटरी चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने कम्बाईन की बैटरी चोरी करने के आरोप में रोहित वासी कौलापुर को गिरफ्तार करके चोरीशुदा बैटरी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 अप्रैल 25 को थाना सदर पुलिस को दी अपनी शिकायत में करतार सिंह वासी कौलापुर ने बताया कि उसके पास एक कम्बाईन है। दिनांक 11 अप्रैल 2025 को शाम के समय उसने अपनी कम्बाईन को सैनी फिलिंग पैट्रोल पम्प पर खडा किया था। दिनांक 12 अप्रैल 2025 को सुबह 5.30 बजे पेट्रोल पम्प मालिक ने उसके पास फोन करके बताया कि उसकी कम्बाईन की एक बैटरी को चोरी करके रोहित वासी कौलापुर भाग गया है। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 द्वारा की गई।




# चंडीगढ़ में डाटा एंट्री ऑपरेटरों की नौकरी पर लटकी तलवार

# 6 मई को होगा टाइपिंग टेस्ट, निगम ने सभी विभागों को दिए आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** चंडीगढ़ नगर निगम में पिछले कुछ समय से आउटसोर्स के तहत भर्ती हुए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की अब टाइपिंग की जांच होगी। निगम ने फैसला लिया है कि जिन कर्मचारियों को बिना टाइपिंग टेस्ट लिए ही नौकरी दी गई थी, उनका अब टाइपिंग टेस्ट लिया जाएगा। यह टेस्ट 6 मई को होगा, ताकि सभी को तैयारी का मौका मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी एस्टेब्लिशमेंट ब्रांच को दी गई है, जो कर्मचारियों से जुड़े काम देखती है।

नगर निगम के इंजीनियरिंग, फायर एंड रेस्क्यू और मेडिकल हेल्थ ऑफिस जैसे विभागों को यह आदेश भेजा गया है। आदेश के मुताबिक, जिन आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने अभी तक टाइपिंग टेस्ट नहीं दिया है, उनका टेस्ट 6 मई को होगा। सभी विभाग ऐसे कर्मचारियों की सूची भेजें और साथ में एक सर्टिफिकेट दें कि उनके विभाग में कोई भी ऐसा कर्मचारी नहीं बचा हो, जिसने टेस्ट न दिया हो।

सूत्रों का कहना है कि ये आउटसोर्स कर्मचारी अलग-अलग समय पर अलग-अलग विभागों में रखे गए थे, इसलिए उनके डेटा की जानकारी सिर्फ संबंधित विभागों के पास है। इसी वजह से सभी विभागों को पूरी जानकारी और प्रमाणपत्र देने को कहा गया है।

चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने कहा जब आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटरों को रखा गया था, उस दौरान संबधित अफसर से भी जबावदेही है। बंटी ने कहा उस दौरान किन नियमों के तहत बिना टेस्ट के इन्हे रखा गया था और अब इन्हे ड्यूटी पर लगे इतना समय बीत गया और अब इनका टेस्ट लिया जा रहा है। लगता है जिस तरह से पहले 100 के करीब आउटसोर्स कर्मचारी निकाला है, उसी तरह अब इनकी बारी है।

## चंडीगढ़ में मटका चौक पर चढ़ी ओवरस्पीड मर्सिडीज

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ में तेज रफ्तार मर्सिडीज मटका चौक को तोड़ते हुए उसके ऊपर चढ़ गई। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। कार के एयरबैग खुल जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया। यह हादसा रात करीब 12:30 बजे हुआ, जब सेक्टर-16/17 लाइट पॉइंट से आ रही मर्सिडीज कार सीधे सेक्टर 17 मटका चौक के ऊपर चढ़ गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस स्टेशन-3 के प्रभारी नरेंद्र पटियाल, पीसीआर टीम और नाइट ड्यूटी अफसर तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार सवार को अस्पताल पहुंचाया। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी शहर में कई बार तेज रफ्तार कारें चौकों पर चढ़ चुकी हैं। सेक्टर-41/37 के चौक पर भी ऐसा ही एक हादसा हो चुका है। रात के समय तेज रफ्तार की वजह से लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, जिनमें कई बार लोगों की जान तक जा चुकी है।



**चंडीगढ़।** सेक्टर 18 एस एस जैन सभा के परिसर में आयोजित महावीर जयंती के मौके पर मौजूद लोग। **फोटो : अजीत कौशल**

## शिक्षा विभाग के डायरेक्टर के घर चोरी दीवार पर लगी कांटेदार तार काटकर घुसे




अर्थ प्रकाश संवाददाता


**चंडीगढ़, 13 अप्रैल।** चंडीगढ़ शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब बड़े अफसरों के घर भी सुरक्षित नहीं रहे। ताजा मामला स्कूल शिक्षा विभाग के डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन (डीएसई) हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ की सेक्टर-11 स्थित कोठी नंबर 620 का है, जहां चोरों ने सेंध लगाई और 2 गैस सिलेंडर, लोहे का सामान व अन्य घरेलू वस्तुएं चुराकर फरार हो गए।

चोर कोठी के पीछे आंगन की दीवार पर लगी कांटेदार तार काटकर घर में दाखिल हुए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना कोठी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

पुलिस को दिए बयान में हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ ने बताया कि जब सुबह वह उठे तो उन्हें घर का सामान बिखरा मिला और चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज चेक किया, जिसमें देखा गया कि एक युवक पीछे की दीवार की कांटेदार तार काटकर घर में घुसा और चोरी करके चला गया।

मामले में पुलिस स्टेशन सेक्टर 11 ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मगर अभी तक पुलिस चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।




## ट्रक हादसे में गई 21 वर्षीय युवक की जान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 अप्रैल।** पूंडरी में कैंटर हादसे में एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब राजस्थान से टूटे चावल (चौकर) लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे कैंटर की ट्रक से भिड़ंत हो गई। मृतक युवक यूपी के शामली जिले का रहने वाला था। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। गांव गुज्जरपुर जिला शामली निवासी मुस्तकीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रक ड्राइवर का हेल्पर है। वह अपने मालिक के बेटे आलिम अली (21) और ड्राइवर मोहम्मद जावेद के साथ राजस्थान के हनुमानगढ़ से मुजफ्फरनगर के लिए चौकर लेकर निकला था। रास्ते में उन्होंने ड्राइवर से कहा कि कुछ देर आराम कर लेते हैं, लेकिन ड्राइवर ने तेज रफ्तार में कैंटर चलाना जारी रखा। मुस्तकीम के अनुसार चालक मोहम्मद जावेद लगातार सड़क पर गाड़ियों को ओवरटेक कर रहा था। जैसे ही वे पूंडरी पहुंचे तभी तेज रफ्तार के कारण कैंटर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर में बैठे आलिम अली का सिर बुरी तरह फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद जावेद मौके से फरार हो गया। मुस्तकीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल आलिम को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूंडरी थाना के एएसआई रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने फरार चालक मोहम्मद जावेद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)